CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 14°C

मुरादाबाद, गुरुवार 26 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 219 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 6 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




केवाईसी सख्ती से उप्र में 20 लाख एलपीजी कनेक्शन निष्क्रिय पेज 2



मार्क्स स्टोइनिस और कूपर कोनोली पंजाब किंग्स टीम में शामिल हुए खेल टाइम्स



चंद्रमा के प्राचीन चुंबकीय क्षेत्र का रहस्य सम्पादकीय



ट्रम्प के लिए होर्मुज स्ट्रेट खुलवाना मुश्किल! पेज 12

# ईरान की मिसाइलों से घबराकर भागा 'USS अब्राहम लिंकन'

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच ईरान ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि उसने अमेरिका के सबसे ताकतवर युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को मिसाइलों से निशाना बनाया है। ईरान का कहना है कि उसके तटीय क्रूज मिसाइलों ने समुद्र में तैनात इस युद्धपोत को टारगेट किया।

इस दावे ने पहले से ही तनावपूर्ण हालात को और ज्यादा गंभीर बना दिया है। हालांकि इस हमले को लेकर अमेरिका की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। ईरान की सेना के मुताबिक युद्ध के 26वें दिन यह कार्रवाई की



**ईरान ने मिसाइलों से किया अटैक, अमेरिकी युद्धपोत ने इलाका छोड़ा**
**ईरानी अधिकारी बोले- रेंज में आया, तो फिर हमला करेंगे**
**ईरानी सेना ने जंग के 26वें दिन की कार्रवाई**

गई। ईरानी नौसेना ने कहा कि अब्राहम लिंकन लगातार उसकी निगरानी में था और जैसे ही वह मिसाइल की रेंज में आया, उसे निशाना बनाया गया। ईरान ने साफ किया है कि वह अमेरिका के हर कदम पर नजर रखे हुए है और जरूरत पड़ने पर जवाबी कार्रवाई जारी रखेगा। इस बीच पाकिस्तान ने अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव को ईरान तक पहुंचाया है, लेकिन तेहरान ने बातचीत के संकेतों को खारिज कर दिया है। ईरान का दावा है कि उसने सफलतापूर्वक हमला किया, लेकिन अमेरिका की तरफ से इस पर कोई पुष्टि नहीं आई है। ऐसे में इस दावे की सच्चाई को लेकर सवाल बने हुए हैं। हालांकि यह साफ है कि दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है और सैन्य गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। ईरानी नौसेना प्रमुख शहराम ईरानी ने कहा कि अमेरिकी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जैसे ही यह बेड़ा मिसाइल रेंज में आएगा, उस पर और भी शक्तिशाली हमले किए जाएंगे।

# भारत में ईंधन का कोई संकट नहीं: केंद्र सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों के बीच केन्द्र और राज्य संचालित तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि भारत में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है।

पिछले 48 घंटों के दौरान पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बाधित होने की अफवाहें तेजी से फैलीं, जिससे देश के कुछ हिस्सों में लोगों में चिंताएं बढ़ी और कुछ पेट्रोल पंपों पर भीड़ देखी गई। हालांकि अधिकारियों ने इन आशंकाओं को पूरी तरह निराधार बताया और कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद भारत की ईंधन सुरक्षा मजबूत बनी हुई है। एक विस्तृत परामर्श में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है और सभी आपूर्ति श्रृंखलाएं सामान्य रूप से काम कर रही हैं। कंपनी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहें पूरी तरह गलत हैं और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैलाई जा रही खबरें पूरी तरह निराधार हैं। भारत में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और आपूर्ति व्यवस्था सामान्य है। बीपीसीएल पूरी तरह संचालन में है और निर्बाध ईंधन आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें।

## 35 नहीं, 25 दिन में ही मिलेगा शहरों में सिलेंडर

**नई दिल्ली।** एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग समयसीमा में बदलाव को लेकर फैल रही खबरों को केंद्र सरकार ने पूरी तरह खारिज कर दिया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि बुकिंग नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और मौजूदा व्यवस्था ही लागू है। मंत्रालय के अनुसार, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया जा रहा था कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना कनेक्शन के लिए 45 दिन, गैर-पीएमयूवाई सिंगल सिलेंडर के लिए 25 दिन और डबल सिलेंडर के लिए 35 दिन की नई समयसीमा लागू की गई है। सरकार ने इन दावों को भ्रामक और गलत बताया है। एलपीजी रीफिल बुकिंग की मौजूदा समयसीमा पहले की तरह ही लागू रहेगी। शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन, जो सभी प्रकार के कनेक्शनों पर समान रूप से लागू है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसी अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें आगे फैलाएं। साथ ही, अनावश्यक या घबराहट में एलपीजी बुकिंग करने से बचने की सलाह दी गई है।



# सार्वजनिक कार्यक्रमों में वंदेमातरम अनिवार्य नहीं: SC

## कोर्ट ने कहा: जब इसके लिए सजा होने लगेगी, तब विचार करेंगे, याचिका खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' गाने को लेकर गृह मंत्रालय के सर्कुलर के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि पब्लिक प्लेस और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए जारी यह निर्देश अनिवार्य नहीं है। सर्कुलर को चुनौती देने वाली याचिका समय से पहले दायर की गई है। मामला सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच में था।

बेंच ने कहा कि गृह मंत्रालय की एडवाइजरी में वंदेमातरम न गाने पर किसी भी तरह की सजा का प्रावधान नहीं है। बेंच ने कहा कि ये दिशानिर्देश केवल एक प्रोटोकॉल हैं और इनका पालन करना अनिवार्य नहीं है। जब याचिकाकर्ता के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी, या फिर उसके लिए गाना अनिवार्य किया जाएगा, तब हम इन सब बातों पर ध्यान देंगे। अदालत मुहम्मद सईद नूरी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सीजेआई ने कहा कि हमें वह नोटिस दिखाइए जिसमें आपको राष्ट्रगान बजाने के लिए मजबूर किया गया है। आप एक स्कूल चलाते हैं, हमें यह भी नहीं पता कि वह मान्यता प्राप्त है या नहीं। इस पर उनके वकील ने कहा कि जो व्यक्ति वंदेमातरम गाने या राष्ट्रगीत के समय खड़े होने से इन्कार करता है, उस पर हमेशा बहुत बड़ा बोझ होता है। सलाह देने के बहाने लोगों को साथ गाने के लिए मजबूर किया जा सकता है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि यह सिर्फ एक दृष्टिकोण है और लोग इससे असहमत हो सकते हैं। अगर आपके खिलाफ कोई एक्शन होता है, नोटिस आता है, तो आप फिर से कोर्ट आ सकते हैं। फिलहाल यह याचिका भेदभाव के एक अस्पष्ट अंदेशे के अलावा और कुछ नहीं है। गृह मंत्रालय ने 28 जनवरी को एक आदेश जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई।

### रेप पीड़ित बच्ची को थाने बुलाने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तीन साल की बच्ची से रेप के मामले में असंवेदनशील रवैये के लिए हरियाणा पुलिस और बाल कल्याण समिति को जमकर फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा पीड़ित से मिलने के बजाय उसे थाने बुलाना शर्मनाक है। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस अफसरों को देखिए, उनकी पोजिशन देखिए। पुलिस स्टेशन में डीसीपी, एएसपी रहते हैं। इस अपराध में आपकी यही समझ है, तो फिर कानून किसे कहेंगे? यह शॉकिंग है। पुलिस पीड़ित के घर क्यों नहीं जा सकती? क्या वे राजा हैं? सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच के लिए हरियाणा कैडर की महिला आईपीएस अधिकारियों सहित तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।

**गुरुग्राम पुलिस से कहा: यह शॉकिंग, पुलिस पीड़ित के घर क्यों नहीं जा सकती, क्या वे राजा हैं**



### आर्थिक बोझ का हवाला देकर मुआवजा नहीं छीन सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 2019 से पहले हुए भूमि अधिग्रहण मामलों में सोलाटियम और ब्याज देने से जुड़े अपने फैसले पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी है। इससे किसानों और जमीन मालिकों को राहत मिली है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि जमीन अधिग्रहण के मामलों में सही मुआवजा मिलना संवैधानिक अधिकार है। इसे कमजोर नहीं किया जा सकता। इसे सरकार पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ से नहीं जोड़ा जा सकता। पूरा मामला उन भूमि अधिग्रहण मामलों से जुड़ा है जो 2019 से पहले हुए थे, जिसमें प्रभावित लोगों को सोलाटियम और ब्याज देने का सवाल था। एनएचएआई ने पहले के फैसले को चुनौती देते हुए पुनर्विचार याचिका दायर की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज करते हुए अपने पुराने फैसले को बरकरार रखा।

### उप्र में रामनवमी पर 26-27 मार्च को अवकाश घोषित

**लखनऊ।** रामनवमी पर योगी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। पहले से घोषित 26 मार्च के सार्वजनिक अवकाश के साथ अब 27 मार्च को भी छुट्टी घोषित कर दी गई है। मंदिरों में रामनवमी के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। हर साल इस पर्व पर बडी संख्या में लोग पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए मंदिरों में पहुंचते हैं।

### अजित पवार प्लेन क्रैश मामले में बेंगलुरु में एफआईआर

**बेंगलुरु।** महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान हादसे में डिप्टी सीएम अजित पवार की मौत के मामले में बेंगलुरु में जीरो एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर उनके भतीजे और एनसीपी (एसपी) विधायक रोहित पवार की शिकायत पर दर्ज हुई है। उन्होंने हादसे को आपराधिक साजिश बताया है। उन्होंने 5 मुख्य आरोप लगाए हैं। रोहित ने कहा कि उन्होंने मुंबई के मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन, बारामती पुलिस और महाराष्ट्र सीआईडी से संपर्क किया, लेकिन कहीं भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने 23 मार्च को बेंगलुरु में जीरो पर एफआईआर दर्ज कराई। जहां अपराध हुआ है उसे छोड़कर देश के किसी भी थाने में उस अपराध की एफआईआर दर्ज कराई जाती है तब उसे जीरो एफआईआर कहते हैं। इसे फिर संबंधित थाने में ट्रांसफर कर दिया जाता है। कर्नाटक पुलिस ने केस दर्ज कर इसे महाराष्ट्र पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है।

# केंद्र से उड़ान 2.0 योजना को मंजूरी, 100 एयरपोर्ट बनेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए हैं। इनमें 2030-35 के नए पर्यावरण लक्ष्य तय करना, मोडिफाइड उड़ान योजना को मंजूरी और इमिग्रेशन सिस्टम के आधुनिकीकरण के लिए आईवीएफआरटी 3.0 योजना शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि कैबिनेट ने मोडिफाइड रीजनल एयर कनेक्टिविटी योजना उड़ान 2.0 को मंजूरी दी है। इसके तहत 100 नए एयरपोर्ट विकसित किए जाएंगे। इस पर 28,840 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कैबिनेट ने इमिग्रेशन, वीजा और विदेशी नागरिक ट्रैकिंग से जुड़ी आईवीएफआरटी 3.0 योजना को 31 मार्च 2031 तक 5 साल के लिए बढ़ाने को मंजूरी दी है। इसके लिए 1,800 करोड़ का बजट रखा गया है, जिसका इस्तेमाल इमिग्रेशन चेक पोस्ट पर एआई टूल्स, आइरिस स्कैनिंग (आंखों की स्कैनिंग) और बायोमेट्रिक आथेंटिकेशन के लिए इस्तेमाल होगा। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत ने जीडीपी के मुकाबले उत्सर्जन तीव्रता (एमिशन इंटेंसिटी) में 36 फीसदी की कमी हासिल कर ली है। 2030 का एक लक्ष्य 2025 में ही हासिल कर लिया गया और 2026 में उसे पार भी कर लिया गया।



- **कैबिनेट बैठक में लिए कई अहम फैसले**
- **इमिग्रेशन, वीजा और विदेशी नागरिक ट्रैकिंग से जुड़ी IVFRT योजना पांच साल के लिए बढ़ी**

### कांग्रेस को 24 अकबर रोड स्थित कार्यालय खाली करने का नोटिस

**नई दिल्ली।** सरकार ने कांग्रेस पार्टी को उसके 24 अकबर रोड स्थित कार्यालय और पांच रायसीना रोड स्थित युवा कांग्रेस कार्यालय को खाली करने को कहा है। सूत्रों के अनुसार संपदा निदेशालय ने नोटिस भेजकर कांग्रेस से ये दोनों कार्यालय 28 मार्च तक खाली करने को कहा है। कांग्रेस पार्टी ने पिछले वर्ष अपना मुख्यालय इंद्रा भवन में स्थानांतरित कर लिया था, लेकिन वह 24 अकबर रोड पर अपना कार्यालय बनाए हुए है। नोटिस के संबंध में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह नोटिस दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार लोकतांत्रिक नहीं है। पार्टी इस मसले पर वैधानिक और राजनीतिक रूप से चर्चा कर आगे क़दम उठाएगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार कांग्रेस इस मसले पर अदालत का रुख अख्तियार करने की तैयारी कर रही है। गौरतलब है कि करीब 48 वर्षों से 24 अकबर रोड के बंगले में कांग्रेस का मुख्यालय है।



# ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

## सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया, राजनीतिक दलों ने जताई सहमति



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम जसजीत कौर द्वारा आज दोपहर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम डीएम द्वारा भूतल स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों को खुलवा कर विधानसभा वार संरक्षित ईवीएम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया, सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं।

डीएम के निर्देशों के अनुपालन में एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह द्वारा झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयर हाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। एडीएम द्वारा भूतल स्थित विधानसभा क्षेत्र 18- नगीना के वीवी पेट कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जो मानक के अनुरूप संचालित पाई गईं। उन्होंने नजीबाबाद, धामपुर, नहटौर, नूरपुर, नगीना विधानसभाओं के स्ट्रांग रूम चेक किया, जहां सुरक्षा के सभी मानक पूर्ण पाए गए। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख-रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से धीर सिंह, कांग्रेस से अनिल कुमार एवं काजी आतिफ, बसपा से मौहम्मद सिद्दीक तथा सपा से अखलाक पप्पू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# वायरल वीडियो के बाद जांच की मांग तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** जनपद में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने नई बहस छेड़ दी है। वीडियो के सामने आने के बाद व्यापारियों के बीच असमंजस की स्थिति है। वहीं प्रशासन से प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग उठने लगी है।

वायरल वीडियो और स्थानीय स्तर पर चल रही चर्चाओं के अनुसार बिजनौर तहसील में तैनात खाद्य सुरक्षा अधिकारी रेनू सिंह तथा नजीबाबाद क्षेत्र में तैनात खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेश कुमार के साथ एक निजी व्यक्ति के देखे जाने की बात कही जा रही है।

कुछ व्यापारियों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि निरीक्षण से पूर्व एक व्यक्ति द्वारा संपर्क किए जाने की बातें सामने आती रही हैं। उनका कहना है कि इस प्रकार की गतिविधियों से व्यापारियों में अनिश्चितता और भय का वातावरण बनता है। हालांकि कोई भी व्यापारी खुलकर शिकायत करने के

### बिजनौर में खाद्य विभाग पर सवाल

लिए सामने नहीं आया है।

इस संबंध में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि विभाग किसी भी प्रकार की अवैध वसूली को स्वीकार नहीं करता है। यदि किसी स्तर पर शिकायत प्राप्त होती है तो उसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वायरल वीडियो के बाद यह प्रश्न उठ रहा है कि अधिकारियों के साथ देखे जाने वाला व्यक्ति कौन है और उसकी भूमिका क्या है। साथ ही यह भी मांग की जा रही है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए। फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई औपचारिक जांच घोषित नहीं की गई है, लेकिन मामले को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रेनू सिंह कोई जबाब नही दे पाई।

## एक नजर

### गुलाब सिंह कालेज में रस्साकशी प्रति.



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कॉलेज में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय (मुरादाबाद) की अंर्तमहाविद्यालय रस्साकशी पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र के वरिष्ठ प्रो. दिनेश सिंह ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के अनुरूप खेलने का संदेश दिया। विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त खेल एक्सपर्ट डा. जितेंद्र चौधरी एवं खेल ऑब्जर्वर प्रो.मंजू अरोड़ा के निर्देशन में प्रतियोगिता का पहला मैच देवता महाविद्यालय, मोरना और एमजीएम महाविद्यालय, संभल के बीच हुआ। जिसमें देवता महाविद्यालय, मोरना ने विजय प्राप्त की। दूसरे मैच में आरसएम कॉलेज, धामपुर ने वाईएमएस कॉलेज मंडी धनौरा को हराकर विजय प्राप्त की। सेमी फाइनल मुकाबले में देवता महाविद्यालय ने गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कॉलेज को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में आरसएम कॉलेज, धामपुर ने वाईएमएस कॉलेज, मंडी धनौरा को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। तृतीय स्थान के लिए हुए मैच में गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कॉलेज, चांदपुर ने वाईएमएस डिग्री कॉलेज, मंडी धनौरा को पराजित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। फाइनल मैच आरसएम कॉलेज, धामपुर और देवता महाविद्यालय मोरना के बीच हुआ। जिसमें आरएसएम डिग्री कॉलेज, धामपुर ने देवता महाविद्यालय मोरना को पराजित कर चैंपियनशिप प्राप्त की। अंत में विजयी टीमों को पुरस्कार के रूप में शील्ड दी गई तथा खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए गए।

### आयशा दानिश ने किया नाम रोशन



**नहटौर।** मौहल्ला झील पार्क निवासी डा. मौहम्मद दानिश की पुत्री आयशा दानिश ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए नर्सरी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस शानदार सफलता से न केवल उनके परिवार और रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है, बल्कि उन्होंने पूरे क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। आयशा दानिश स्थानीय साईं मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा हैं। विद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने पर आयशा ने अपनी कक्षा में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इस विशेष उपलब्धि पर स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षक स्टाफ ने आयशा को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उसकी उज्ज्वल प्रतिभा की सराहना की। नन्ही आयशा की इस कामयाबी पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। परिजनों और शुभचिंतकों ने आयशा को मिठाई खिलाकर अपना प्यार दिया और उसके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### मासूम बच्ची पर आवारा कुत्ते का हमला

**अफजलगढ़।** मौहल्ला बेगम सराय निवासी शबाना ने बताया उसकी दो वर्षीय मासूम बेटी अलीजा घर के दरवाजे पर खड़ी हुई थी। तभी अचानक एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया तथा दरवाजे से काफी दूर घसीट कर लें गया। बालिका की चीख-पुकार सुनकर परिजनों ने उसे बचाई। घायल को बच्ची को सीएचसी में भर्ती गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक द्वारा एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाकर बालिका को घर भेज दिया है। वहीं मौहल्लेवासियों का कहना है कि नगर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। नगर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन लगातार आवारा कुत्तों द्वारा दर्जनों घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

### धुलाई सेंटर से सामान चोरी



**नहटौर।** ग्राम मंडोरा विप निवासी इंतजार शाह ने बताया कि उनकी दुकान नहटौर-नूरपुर मार्ग पर ग्राम चक मोड़ के पास स्थित है। चोर दुकान में कुंबल लगाकर एक अल्टीनेटर, रबिंग मशीन, जैक, बाइक के पार्ट्स और मोबिल ऑयल की तीन पेटियां ले गए। दुकान पहुंचने पर चोरी का पता चला। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्यवाही और चोरी हुए माल की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# अफवाहों से सावधान रहें, शांति और समझदारी से काम लें : डा. मनोज वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** इन दिनों क्षेत्र में गैस आपूर्ति और पेट्रोल-डीजल को लेकर फैल रही अफवाहों ने आम जनता के बीच अनावश्यक चिंता का माहौल बना दिया है। इस पर नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी डा. मनोज वर्मा नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार की अपुष्ट खबरों पर ध्यान न दें और संयम बनाए रखें।



डा. मनोज वर्मा ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझ कर भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं। जिससे लोग घबरा कर जरुरत से ज्यादा गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे हैं। इससे कृत्रिम कमी की स्थिति बनती है, जो समाज के लिए नुकसानदायक है।

उन्होंने आम जनता से आग्रह किया कि वे केवल अधिकृत स्रोतों और प्रशासन द्वारा जारी जानकारी पर ही भरोसा करें। अफवाहों पर विश्वास करने से न केवल व्यक्तिगत परेशानी बढ़ती है, बल्कि पूरे क्षेत्र की व्यवस्था भी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि शांति और समझदारी ही ऐसी परिस्थितियों में सबसे बड़ा समाधान है। उन्होंने कहा कि गैस कंपनियां और संबंधित विभाग इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आम जनता की जरूरतों को समय पर पूरा किया जाए नियमित और पारदर्शी आपूर्ति व्यवस्था बनाए रखते हुए उपभोक्ताओं तक सही समय पर गैस सिलेंडर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने अपील की कि आम जनता भी घबराहट में जरूरत से अधिक भंडारण न करें, बल्कि संयम और सहयोग की भावना से काम लेते हुए व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में अपना योगदान दे। नगरवासियों ने डा. मनोज वर्मा की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समय में उनके द्वारा दिया गया संदेश बेहद महत्वपूर्ण है। यह न सिर्फ लोगों को जागरूक करता है, बल्कि समाज में शांति संतुलन और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है।

# बसपा सरकार में कानून व्यवस्था रही मजबूत : इफ्तेखार चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मौहल्ला शेखान निवासी बसपा युवा नेता ने देश में बढ़ रही महंगाई के मुद्दे पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में आम जन जीवन पर महंगाई का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ने से लोगों के जीवन स्तर पर असर पड़ रहा है और हर वर्ग अपने स्तर पर अपने खर्चों को संतुलित करने का प्रयास कर रहा है

उन्होंने कहा कि समाज का हर वर्ग चाहे वह गरीब हो, किसान हो या मध्यम वर्ग, महंगाई के इस दौर में अपनी जरुरतों को प्राथमिकता के अनुसार पूरा करने की कोशिश कर रहा है। इसके बावजूद लोग धैर्य और समझदारी के साथ परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं, जो समाज की सकारात्मक सोच को दर्शाता है



### किसी भी वर्ग के साथ नहीं हुआ भेदभाव

इफ्तेखार चौधरी ने कहा कि जब प्रदेश में बसपा की सरकार थी, तब प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत रही और विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई। उस समय आम जनता को एक स्थिर और सुरक्षित माहौल मिला। जिससे लोगों में विश्वास बना रहा। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार के कार्यकाल में सड़कों का निर्माण, पार्कों और स्मारकों का विकास तथा आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया। जिससे प्रदेश के कई हिस्सों में बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला।

उन्होंने कहा कि बसपा की नीतियां हमेशा सर्वसमाज को साथ लेकर चलने वाली रही हैं। जिसमें किसी भी वर्ग के साथ भेदभाव नहीं किया गया और सभी के विकास को समान महत्व दिया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में भी समाज को एकजुट रहकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए, ताकि विकास की गति निरंतर बनी रहे और हर वर्ग को इसका लाभ मिल सके।

# आरएसएस ने हर्षोल्लास से मनाया वर्ष प्रतिपदा उत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर की जम्भेश्वर बस्ती और दयानंद बस्ती में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'वर्ष प्रतिपदा उत्सव' 'हिंदू नववर्ष' बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। गौरतलब है कि इस वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर रहा है, जिसे लेकर सभी स्वयंसेवकों में भारी उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान जिला विद्यार्थी प्रमुख सचिन और प्रांत साप्ताहिक मिलन प्रमुख उदयवीर ने विचार रखे। उन्होंने सनातन धर्म की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की और उपस्थित स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि हिंदू समाज को अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए किस प्रकार एकजुट होकर तत्पर रहना चाहिए।

वक्ताओं ने संघ के संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार और संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर के जीवन और समाज के

### 'पंच परिवर्तन' का संकल्प लिया

प्रति उनके योगदान पर भी प्रकाश डाला। इसके साथ ही, उन्होंने भारत पर अंग्रेजी हुकूमत के दौरान हिंदू समाज पर किए गए अत्याचारों का स्मरण कराते हुए समाज को अपने इतिहास से सीख लेने और मजबूत बनने का संदेश दिया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए आह्वान किया गया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रत्येक स्वयंसेवक को समाज में 'पंच परिवर्तन' लाने पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण हो सके। इस विशेष मौके पर मुख्य रूप से प्रांत साप्ताहिक मिलन प्रमुख उदयवीर, नगर संघचालक सुनील, जिला पर्यावरण संयोजक राजकुमार विश्नोई, नगर कार्यवाह अनमोल कंसल, नगर संपर्क प्रमुख नितिन, गौतम और राहुल राज सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक और स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# विवाहिता से मारपीट के आरोपी ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शेरकोट।** ग्राम नूरपुर छिबरी निवासी दिलशाद पुत्र कमरुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन अकलिमा की शादी लगभग पांच वर्ष पूर्व मुस्तकीम पुत्र नासिर निवासी ग्राम महमदाबाद थाना शेरकोट के साथ हुई थी। दिलशाद का कहना है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग उसकी बहन को न केवल प्रताड़ित करते थे बल्कि आए दिन मारपीट की करते थे। आरोप है कि बीते दिनों भी पति मुस्तकीम, साबिर और सेरीन ने मिलकर अकलिमा के साथ बुरी तरह मारपीट की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में उसे धामपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़िता के भाई दिलशाद ने आरोप लगाया कि उसकी बहन को पहले भी कई बार प्रताड़ित किया गया, लेकिन समझौते के चलते मामला शांत हो जाता था। इस बार घटना गंभीर होने पर उसने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलि ने तहरीर के आधार पर पति मुस्तकीम सहित तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# विवेक विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण के अंतर्गत पतंजलि फूड्स हरिद्वार का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराना तथा उनके शैक्षिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना था।

इस दौरान पतंजलि की विशेषज्ञ टीम ने विद्यार्थियों को विभिन्न खाद्य एवं आयुर्वेदिक उत्पादों की उन्नत मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की तथा उन्हें आधुनिक खाद्य एवं हर्बल उद्योग के कार्य करने के तरीकों से अवगत कराया। यह औद्योगिक भ्रमण कंपनी के अनुभवी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह भ्रमण विजिटिंग इंचार्ज पतंजलि फूड्स के एचआर एक्जीक्यूटिव कुलदीप कुमार एवं संदीप सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। जिन्होंने पूरे कार्यक्रम का उत्कृष्ट समन्वय एवं संचालन किया। साथ ही साथ विद्यार्थियों को संगठन के



पतंजलि की विशेषज्ञ टीम ने विद्यार्थियों को आयुर्वेदिक उत्पादों की उन्नत मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रिया की जानकारी दी

प्रोफेशनल वातावरण, कार्य संस्कृति तथा विभिन्न विभागों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को विस्तार से समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को उत्पादन इकाई की कार्यप्रणाली, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग प्रक्रिया, सुरक्षा मानकों तथा सम्पूर्ण मैन्युफैक्चरिंग सिस्टम को विस्तार से समझाया गया। मैन्फुैक्चरिंग यूनिट का प्रत्यक्ष अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों ने यह जाना कि किस प्रकार आधुनिक तकनीकों की सहायता से उच्च गुणवत्ता के उत्पाद तैयार किए जाते हैं। विद्यार्थियों ने यह भी जाना कि उत्पादों के निर्माण में आयुर्वेदिक सिद्धातों का पालन करना, अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को बनाए रखना तथा उपभोक्ता संतुष्टि सुनिश्चित करना किसी भी सकल उद्योग की पहचान होती है।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने कहा कि विवेक विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ औद्योगिक भ्रमण के द्वारा व्यवहारिक ज्ञान भी प्रदान करना है। प्रतिकुलाधिपति इजी. दीपक मित्तल ने कहा कि औद्योगिक भ्रमण प्रोफेशनल कोर्स के पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण भाग है। इससे विद्यार्थियों के रोजगार परक ज्ञान में वृद्धि होती है। कुलपति डा. एनके गुप्ता ने बताया कि यह औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि यह अनुभव न केवल विद्यार्थियों के ज्ञान को समृद्ध किया बल्कि उन्हें भविष्य में उद्योग जगत में स्फ़ल करियर बनाने के लिए भी प्रेरित किया।

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के डीन डा. सर्वेश कुमार षीतल ने औद्योगिक भ्रमण के उद्देश्य बताते हुए कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को कम्पनियों की आंतरिक कार्यप्रणाली एवं वातावरण से अवगत कराते हैं और उन्हें वास्तविक अनुभव प्रदान करते हैं। जिससे उनका व्यक्तिगत विकास होता है और विद्यार्थी उद्योग जगत की आवश्यकता के अनुसार स्वयं को तैयार कर पाते हैं। औद्योगिक भ्रमण को स्फ़ल बनाने में असि.प्रो. प्रियांशु सहरावत, अमन रस्तौगी, श्रेया गोयल, सलोनी वत्सल आदि का विशेष योगदान रहा।

# उप्र में 2026 में 35 करोड़ से अधिक पौधरोपण करने का लक्ष्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र 'हरित प्रदेश' बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते 9 वर्षों में प्रदेश में 242.13 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। वर्ष 2026 के वर्षाकाल में 35 करोड़ से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के साथ ही राज्य में कुल पौधरोपण का आंकड़ा 277 करोड़ के पार पहुंच जाएगा। वन विभाग के अनुसार, 2008 से 2016 के बीच जहां केवल 65.27 करोड़ पौधे लगाए गए थे, वहीं 2017 के बाद इस अभियान ने जनआंदोलन का रूप ले लिया है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश का वनाच्छादन भी 559.19 वर्ग किलोमीटर बढ़ा है। वर्ष 2025 में

### बीते नौ वर्षों 242.13 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके

9 जुलाई को एक ही दिन में 37.21 करोड़ पौधे लगाकर उप्र ने नया कीर्तिमान स्थापित किया था। इसी क्रम में वर्ष 2026 के लिए भी व्यापक तैयारी शुरू कर दी गई है। विभागीय स्तर पर 52 करोड़ से अधिक पौधों को पौधशालाओं में तैयार किया जा रहा है, ताकि लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल की जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर वर्ष 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपने जन्मदिन की शुरुआत पौधरोपण से करते हैं और इसे जनभागीदारी से जोड़ते हैं। सरकार ने पौधरोपण को जनआंदोलन बनाने के लिए स्कूली बच्चों, युवाओं, महिलाओं और सामा. जिक संगठनों को भी इससे जोड़ा है। इसी कड़ी में 1 से 7 जुलाई 2025 के बीच जन्मे 18,348 बच्चों को 'ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट' प्रदान किए गए। अभिभावकों को पौधे देकर उनके संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। वाराणसी के सुजाबाद-डोमरी क्षेत्र में आयोजित वृहद पौधरोपण कार्यक्रम में एक घंटे में 2,51,446 पौधे लगाकर उप्र ने चीन का आठ वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस उपलब्धि को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने प्रमाणित किया है। प्रदेश सरकार ने बजट में सामाजिक वानिकी योजना के लिए 800 करोड़ रुपये, पौधशाला प्रबंधन के लिए 220 करोड़ रुपये तथा प्रतिकारात्मक वन रोपण योजना के लिए 189 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर

**प्रयागराज।** यौन उत्पीड़न मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने दोनों की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली है। ये फैसला जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की सिंगल बेंच ने सुनाया है। इससे पहले 27 फरवरी को हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। गिरफ्तारी से बचने के लिए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस मामले में इससे पहले 27 फरवरी को फैसला सुरक्षित रखने के साथ ही हाईकोर्ट ने कहा था कि फैसला आने तक उनकी गिरफ्तारी नहीं होगी। कोर्ट के इस आदेश के बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा था कि हमारे वकील ने बताया कि कोर्ट में विस्तार से चर्चा हुई। न्यायालय ने फैसला रिजर्व किया है, गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। जज समझ रहे हैं कि ये मामला ही फर्जी है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने ये भी कहा था कि कोर्ट में भी यह बात प्रमाणित हो गई है कि वो बालक यहां मठ में कभी नहीं रहे। कोर्ट ने भी यह कहा कि बच्चों को जुवेनाइल बोर्ड की कस्टडी में दिया जाए।

# पदोन्नति का संशोधन भी हो: आजाद

## सीएपीएफ बिल पेश होने से पहले चंद्रशेखर ने रख दी बड़ी मांग

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से आज़ाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने केंद्र सरकार के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल विधेयक यानी सीएपीएफ बिल 2026 पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यहां पर ग्रुप ए के अधिकारियों के साथ भेदभाव हो रहा है, हम सुनिश्चित करेंगे कि इसमें समय पर पदोन्नति का संशोधन भी शामिल हो सके।

चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि सीएपीएफ बिल राज्यसभा में पेश होने वाला है। मंगलवार को मैंने जीरो ऑवर में विषय लगाया था, लेकिन चूंकि इसे छोड़ दिया गया, मैं अपनी बात नहीं रख पाया, सीएपीएफ हमारे केंद्रीय बल की संख्या दस लाख से ज्यादा है। नगीना सांसद ने कहा कि पहले हमें समझना पड़ेगा कि हमारे जो सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ-एसएसबी और आईटीबीपी ये वो बल हो, जो



अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर देश के लिए शहादत देता है और लड़ाई लड़ता है। असम, मणिपुर और छत्तीसगढ़ हो, नक्सल-प्रभावित, सशस्त्र संघर्ष और आतंक प्रभावित क्षेत्र हो, सब जगह प्रथम पंक्ति में खड़े होकर शहादत देता है। ऑपरेशन सिंदूर में भी एसआई इम्तियाज ने शहादत दी। संसद से लेकर वीआईपी सुरक्षा हो, सीमा सुरक्षा हो हर जगह हमारा ये बल सुरक्षा प्रदान करता है। लेकिन वहां ग्रुप-ए अधिकारियों के साथ जिस तरह का भेदभाव हो रहा है, वो गलत है। हमें अपनी फोर्स का मनोबल बढ़ाना चाहिए, लेकिन हम उनका मनोबल कम कर रहे हैं, लगातार हम उनका प्रमोशन नहीं दे रहे हैं, उनकी परेशानी नहीं सुन रहे। जब देश की सेवा करने वालों का मनोबल गिर जाएगा, तो फिर ये लड़ाई कैसे आगे बढ़ेगी? उन्होंने कहा कि सरकार को मंगलवार को जवाब देना था, लेकिन वो नहीं दे पाए। अब वो बिल ला रहे हैं, तो हम कोशिश करेंगे कि अगर वो विधेयक भी ला रहे हैं, तो उसमें संशोधन जरूर आ जाए कि उनको समय पर प्रमोशन मिल सके, जैसे दूसरे कर्मचारियों और अधिकारियों को प्रमोशन मिलता है। सुरक्षा बलों के 13 हजार से ज्यादा अधिकारी हैं, जो परेशान है। हम लोग उनके साथ खड़े हैं। मैं तो हमारे जवान के लिए भी मांग करता हूं कि उसको शहीद होने पर शहादत का दर्जा मिले, हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि इसमें समय पर पदोन्नति के लिए संशोधन शामिल हो जैसा कि अन्य अधिकारियों को मिलता है।

# विवादित जमीन पर चला बुलडोजर

## 42 बीघा जमीन से अवैध कब्जा ध्वस्त, इलाके में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आखिरकार 8 साल से विवाद और दहशत का केंद्र बनी नींदड़ू की 42 बीघा जमीन पर आज प्रशासन का बुलडोजर चल ही गया। विनियमित विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से किए गए निर्माण को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया।

जैसे ही बुलडोजर ने जमीन पर बने पक्के निर्माण को गिराना शुरू किया, पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वर्षों से कब्जा जमाए बैठे लोगों में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। बताया जाता है कि यह जमीन लंबे समय से विवादों में घिरी रही है और इस पर अवैध रूप से बड़े स्तर पर निर्माण किया गया था। प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद उपजिलाधिकारी के आदेश पर यह सख्त कार्रवाई अमल में लाई गई।

सूत्रों के अनुसार इस भूमि को लेकर पहले भी कई बार तनाव की स्थिति बनी, लेकिन बुधवार की कार्रवाई ने साफ संदेश दे दिया कि अब अवैध कब्जों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



गांव निवासी अतहर हम्माद पिछले काफी समय से इस भूमि पर हुए अवैध निर्माण को हटाने की मांग कर रहे थे। अंततः प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए पूरे निर्माण को जमींदोज कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह जमीन वर्षों से विवाद, तनाव और डर का कारण बनी हुई थी। प्रशासन की इस कार्रवाई से अब लोगों को राहत की उम्मीद जगी है।

### 2018 का खूनी विवाद

वर्ष 2018 में इसी जमीन को लेकर भूमाफियाओं और ग्रामीणों के बीच जबरदस्त संघर्ष हुआ था। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य फिरासत के भाई रियासत को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया था। इस घटना के बाद से यह जमीन लगातार विवाद और दहशत का केंद्र बनी रही।

### समाजवादी पार्टी के नेता अनुज मलिक कर रहे प्लाटिंग

**धामपुर।** नींदड़ू की विवादित 42 बीघा भूमि पर कार्रवाई से पहले प्रशासन द्वारा संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए गए थे। जानकारी के अनुसार समाजवादी पार्टी से जुड़े अनुज मलिक सहित चमन सिंह, नरगिस जमाल, अक्षय परवीन और समरीन को नोटिस देकर अवैध निर्माण के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया था। हालांकि, तय समय सीमा के भीतर किसी भी पक्ष द्वारा प्रशासन को संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बुलडोजर कार्रवाई को अंजाम दिया और अवैध रूप से किए गए निर्माण को ध्वस्त कर दिया। प्रशासन का स्पष्ट कहना है कि यह कार्रवाई केवल एक शुरुआत है। नगर में अन्य अवैध रूप से विकसित कॉलोनियों की भी जांच की जा रही है और जहां भी नियमों का उल्लंघन पाया जाएगा, वहां इसी तरह सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अवैध कब्जा या निर्माण करने वालों के खिलाफ आगे भी बुलडोजर अभियान जारी रहेगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### न झुकेंगे और न ही डरेंगे

#### सच्चाई की राह पर चल रहे : अनुज मलिक

**बिजनौर।** सपा नेता अनुज मलिक ने धामपुर में तहसील प्रशासन के द्वारा की गई कार्यवाही पर सिर्फ इतना कहा कि वह सच्चाई की राह पर चल रहे है। वह न तो झुकेंगे और न ही डरेंगे। उन्होंने कहा कि सच्चाई की राह पर चलने में परेशानियां तो आती ही है। उन्होंने कहा कि वह मजबूती के साथ समाज की सेवा करते रहेंगे।

## राजीव वर्मा ने पति-पत्नी के रिश्ते की डोर को टूटने से बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में काम कर रही इस थाने की मिशन शक्ति टीम ने काउंसलिंग के माध्यम से पति-पत्नी के एक विवाद को समाप्त करते हुए परिवार को टूटने से बचा लिया।

थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर निवासी महिला ने अफजलगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी निवासी अपने पति व कई अन्य ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न सम्बंधी घरेलू विवाद के सम्बंध में कार्यवाही हेतु रेहड़ पुलिस को एक प्रार्थना पत्र दिया था। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि पति-पत्नी व दोनों पक्षों के परिजनों को थाने बुलाया गया और मिशन शक्ति टीम के सदस्यों महिला आरक्षी पूजा एवं आरक्षी विजय तोमर ने पति-पत्नी व दोनों पक्षों से आए कई अन्य महिलाओं-पुरुषों की काउंसलिंग कर उन्हें देर तक समझाते हुए परिवार के टूट जाने के नुकसान और एक साथ रहने के फायदे गिनाए। जिसके बाद पति-पत्नी व



### एसएचओ की सराहना

दोनों पक्षों के परिजनों ने उन बातों को समझा और एक दूसरे के गिले शिकवे भुलाकर आपसी सहमति से भविष्य में कोई विवाद न करने व एक साथ रहने की बात कहकर पुलिस टीम को दुआएं देते हुए चले गए।

राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि किसी परिवार को टूटने से बचाना हमारी जिम्मेदारी के साथ-साथ इंसानियत भरा एक पुण्य कार्य भी है।

## तमंचे के बल पर बलात्कार के आरोपी को दस वर्ष का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नगीना ने तमंचे के बल पर बलात्कार करने के आरोपी इमरान को दस वर्ष के कठोर कारावास एवं तीस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 30 सितंबर 2024 को पीड़िता ने थाना नगीना में तहरीर दी थी कि स्थानीय मौहल्ला शाहजहीर के रहने वाले इमरान पुत्र जमील अहमद ने तमंचे के बल पर उसे डरा-धमकाकर उसके साथ बलात्कार किया। इस गंभीर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नगीना पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 277/24 के अंतर्गत बीएनएस की धारा 333, 64(1), 351(3) और 316(2) में मुकदमा पंजीकृत किया था। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने विवेचना पूरी करते हुए पर्याप्त साक्ष्य

### तीस हजार रुपए का अर्थदण्ड

जुटाकर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दी थी। महिला संबंधी इस गंभीर अपराध में अपराधी को सजा दिलाने के लिए स्थानीय पुलिस और मॉनिटरिंग सेल ने न्यायालय में सशक्त और प्रभावी पैरवी की। अभियोजन विभाग ने समयबद्ध तरीके से गवाहों और सबूतों को अदालत के समक्ष पेश किया। आज न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश नगीना ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी इमरान को बीएनएस की धारा 64(1), 333 और 351(3) के तहत दोषी माना। अदालत ने उसे 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

## गैस सिलेंडर के लिए घंटों करना पड़ रहा इंतजार

### ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता सबसे ज्यादा परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं का गैस सिलेंडर के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धामपुर, नजीबाबाद एवं बढ़ापुर सहित नूरपुर क्षेत्र के गैस उपभोक्ता सबसे ज्यादा परेशान है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के गैस उपभोक्ताओं के पास ज्यादा गैस कनेक्शन नहीं हैं। एक परिवार के पास सिर्फ एक ही गैस कनेक्शन हैं। मौजूदा व्यवस्था में उन्हें 27 दिन से पहले गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। जबकि गैस सिलेंडर 15 दिन में ही खत्म हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादातर परिवार बड़े हैं और उनके यहां खाना भी ज्यादा बनता है। इसलिए गैस की खपत ज्यादा होती है। जबकि शहरी क्षेत्रों में एक-एक परिवार के पास कई-कई गैस कनेक्शन हैं। गैस कनेक्शनों का आज तक सत्यापन नहीं हो पाया है। लड़ाई लंबी चलने की उम्मीद से शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने सिलेंडर इकट्ठे कर रखे हैं। जबकि ग्रामीण क्षेत्र में गैस की सप्लाई ठीक ढंग से नहीं हो पा रही है। उपभोक्ताओं का सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी पर आना पड़ रहा है। जब सिलेंडर नहीं मिलता है, तो उन्हें मायूस होकर वापस लौटना पड़ता है। प्रशासन भी ठीक से व्यवस्था नहीं बना पा रहा है। गैस एजेंसी संचालकों की नियमित रूप से जांच नहीं हो रही है।



व्यवस्था पुराने दौर की लौट आई है, जब एक-एक सिलेंडर के लिए भिखारियों की तरह भटकना पड़ता था। इस व्यवस्था की वजह से सरकार की छवि पर भी बुरा असर पर पड़ रह है।

## एक नजर

### किसानों का प्रतिनिधि मंडल रवाना

**बिजनौर।** किसानों की राजधानी मुजफ्फरनगर में चौधरी राकेश टिकैत जी के नेतृत्व में चार दिवसीय पद्मश्री डॉ. सुभाष पालेकर जी के निर्देशन में आर्गेनिक जीरो बजट खेती में किसान भवन सिसौली में चल रहे कार्यक्रम में अंतिम दिन में बिजनौर से युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत संधू के नेतृत्व में सेंकड़ों युवा किसान और जिम्मेदार वरिष्ठ किसान रवाना हुए। जिसमें जिला उपाध्यक्ष हरिराज सिंह, जसवंत नामधारी, रोहताश सिंह, अमरपाल सिंह, बूटा सिंह, अतुल डबास, शुभम, आकाश, अनिक, मुकुल, कृत राजन, फरमान, चरणजीत, रवि, राजीव, विकुल, मोहित, राहुल, सन्नी, जीशान, विक्रांत, जसबिन्दर रोहन, मानव, सागर, प्रशांत, ऋषभ, अब्दुल्ला, यादराम सिंह आदि शामिल थे।

### रेहड़ में बाइक चोरी

**रेहड़।** ग्राम इमरतपुर निवासी अभिषेक कुमार पुत्र अशोक कुमार ने थानाध्यक्ष को दी तहरीर में बताया कि वह प्रतिदिन अपनी बजाज प्लेटिना बाइक से वादीगढ़ चौराहे पर भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के पीछे स्थित एक लाइब्रेरी में पढ़ने आता है। प्रतिदिन की भांति उसकी काले रंग की बजाज प्लेटिना बाइक लाइब्रेरी के बाहर खड़ी थी। दोपहर 2-3 बजे के बीच लाइब्रेरी के बाहर से उसकी बाइक चोरी हो गई। आसपास तलाश करने के बाद भी उसकी बाइक नहीं मिली। चोरी हुई बाइक उसके पिता अशोक कुमार पुत्र रामपाल सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड है। थानाध्यक्ष राजीव वर्मा ने बताया कि अभिषेक की तहरीर पर अज्ञात चोर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### बाल निकेतन का परीक्षाफल घोषित



**नजीबाबाद।** जनता बाल निकेतन जूनियर हाई स्कूल में शैक्षिक सत्र के परीक्षाफल घोषित होने के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और उपलब्धियों की चमक से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। संचालन कुमारी अरिशा ने आत्मविश्वास और प्रभावशाली शैली में करते हुए पूरे आयोजन को क्रमबद्ध बनाए रखा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व तहसीलदार शमीम ने की। जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में इस्लामी फंड मैनेजर नफीस खान, विद्यालय के ओनर आदिल अतहर एवं श्रीमती कौकब-ए-रुश्दा हाशमी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान जैसे ही परीक्षाफल की घोषणा की गई, विद्यालय का शत-प्रतिशत परिणाम सामने आया। जिसने न केवल छात्रों के परिश्रम को प्रमाणित किया बल्कि शिक्षकों की मेहनत और विद्यालय प्रबंधन की प्रतिबद्धता को भी उजागर किया। इस उपलब्धि से बच्चों और अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शोएब, साद, सिदरा, दक्षी, अहमद, सानिया इल्मानुर और अनिकेत वर्मा को ट्रॉफी और मैडल देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। सम्मान समारोह के दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था, जो उनके आगामी शैक्षिक सफर के लिए प्रेरणादायक संकेत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष शमीम एवं अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों की सफलता की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और ऐसे परिणाम विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षिक गुणवत्ता को दर्शाते हैं। आदिल अतहर ने भी सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर परिणाम देने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रधानाचार्य श्रीमती किश्वर जहां ने सभी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच का परिणाम होती है, इसलिए हर विद्यार्थी को अपने लक्ष्य की ओर पूरी निष्ठा के साथ अग्रसर रहना चाहिए। उन्होंने विद्यालय परिवार, अभिभावकों और उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए इस सफल आयोजन के लिए सभी के सहयोग को सराहा। पूरे कार्यक्रम का वातावरण प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक रहा, जिसने विद्यार्थियों के मन में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया।

## मुढ़ाला में अनुज मलिक का जोरदार स्वागत

### क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुढ़ाला में युवाओं द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में समाजवादी पार्टी के नेता अनुज मलिक का जोरदार स्वागत किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा नेता अनुज मलिक ने टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले का फीता काट कर शुभारम्भ किया । इस दौरान उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने युवाओं की खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल शारीरिक फिटनेस बढ़ाते हैं, बल्कि गांव में सकारात्मक ऊर्जा और एकता भी पैदा करते हैं। अनुज मलिक ने इस मौके पर स्थानीय मुद्दों पर भी चर्चा की और युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।





## भाईचारा रैली में शामिल होंगे हजारों कार्यकर्ता : शेख जाकिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्त्ताओं का आह्वान करते कहा कि 29 मार्च को जनपद गौतमबुद्धनगर के दादरी में होने वाली देश के भविष्य पीडीए के नायक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व अखिलेश यादव की समानता भाईचारा रैली में हमारे जनपद की हर विधानसभा क्षेत्र से सर्वसमाज के हजारों लोग रैली में भाग लेंगे।

उन्होंने कहा कि यह रैली प्रदेश की दिशा तय करेगी। किसानों, व्यापारियों युवाओं के हित में इस रैली में बहुत ही सकारात्मक निर्णय लिए जाएंगे। यह रैली के 2027 के चुनाव का शंखनाद करेंगी। उन्होंने जनपद के सभी कार्यकर्त्ताओं व पदाधिकारियों से कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में रैली में अपने वाहनों से दादरी पहुंचकर रैली को सफल बनाए। इस रैली में लगभग 32 जिलों के लोग जुटेंगे। लाखों की तादात में



### 29 मार्च को रैली

पश्चिम की धरती से यह यादगार रैली होगी। इस रैली से पूरे प्रदेश में आने वाले 2027 के चुनाव में भाईचारा का सन्देश पहुंचेगा और समाजवादी पीडीए सरकार बनकर, अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। फिर पूरे प्रदेश में विकास की गंगा बहेगी और सभी का मान सम्मान होगा।

प्रवक्ता अखलाक पप्पू ने बताया की रैली में जनपद से भारी तादात में कार्यकर्त्ता पहुंचेगे।

## मॉडर्न मशीनों से युवा बनेंगे स्वस्थ व तंदुरुस्त

### पूर्व मिस्टर बिजनौर राशिद मुल्तानी के 'स्टार हेल्थ क्लब फिटनेस सेंटर' का भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मौहल्ला लुहारी सराय स्थित लोकप्रिय 'स्टार हेल्थ क्लब फिटनेस सेंटर' का री-ओपनिंग समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिम का उद्घाटन चेयरपर्सन पुत्र शेख शाहनवाज खलील द्वारा फीता काटकर किया गया।

फिटनेस सेंटर के संचालक और मुख्य प्रशिक्षक राशिद मुल्तानी ने बताया कि युवाओं और फिटनेस प्रेमियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिम में समय-समय पर अत्याधुनिक और मॉडर्न मशीनें शामिल की जाती हैं।

उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जिम में मौजूद अत्याधुनिक मशीनों से एक्सरसाइज करने पर चोट लगने या इंजरी होने की संभावना न के बराबर है। इसके अलावा सेंटर में स्त्री और पुरुष दोनों के लिए बेहतरीन फिजीक बनाने और 'फैट लॉस' करने के लिए विशेष



प्रबंध किए गए हैं।

गौरतलब है कि राशिद मुल्तानी स्वयं वर्ष 1996 में मिस्टर बिजनौर रह चुके हैं। उनका यह संस्थान सन 1996 से ही नगीना और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को स्वस्थ व तंदुरुस्त रहने के लिए प्रेरित कर रहा है।

इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और फिटनेस प्रेमी उपस्थित रहे। जिनमें मुख्य रूप से अरशद जावेद एड., शादाब अहमद एड., शेख शददान, अंज़र सैफी, सुहैल, मास्टर अजीम, शारिक मेम्बर, अफजल कुरैशी, आलम मुल्तानी, इकराम अंसारी, शकील मुल्तानी, ओसामा, आदिल, मौहम्मद गुलजार, अली, रोहित, हर्ष भारद्वाज, हरदीप, जैद मुल्तानी, राजा मुल्तानी, समीर मुल्तानी, अमन, फहद, अब्दुलल्ला, मैराज और आर्यन आदि शामिल रहे।



ईद उल फितर व नवरात्र की मुबारकबाद

फिरोज बेग

ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी ग्राम पंचायत रेहड़



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# दिल्ली बस हादसे में धामपुर के युवक की दर्दनाक मौत



## नई सराय में पसरा मातम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिल्ली के करोल बाग क्षेत्र में आज तड़के हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने धामपुर के मौहल्ला नई सराय में शोक की लहर दौड़ा दी। हादसे में क्षेत्र के युवक शाहबाज आलम (30 वर्ष) की मौत हो गई। जिससे पूरे मौहल्ले में गमगीन माहौल है।

प्राप्त समाचार के अनुसार, राजस्थान से दिल्ली आ रही एक स्लीपर टूरिस्ट बस अचानक अनियंत्रित होकर झंडेवालान मंदिर के पास पलट गई। बस में लगभग 30 यात्री सवार थे। दुर्घटना में दो लोगों की जान चली गई। जिनमें धामपुर निवासी शाहबाज आलम भी शामिल हैं, जबकि कई अन्य यात्री घायल हो गए। शाहबाज धामपुर में कपड़ों का व्यवसाय करता था और अपने परिवार का मुख्य सहारा था। हादसे की सूचना मिलते ही उसके घर में चीख-पुकार मच गई। बड़ी संख्या में मौहल्लेवासी उसके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। पूरे इलाके में गहरा दुख और सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों ने बताया कि शाहबाज की शादी करीब एक वर्ष पूर्व ही हुई थी। घर में खुशियों का माहौल अभी ठीक से बन भी नहीं पाया था कि यह हादसा सब कुछ छीन ले गया। इससे पहले करीब दो साल पूर्व उसकी मां का भी निधन हो चुका है, जिससे परिवार पहले ही सदमे से गुजर रहा था।

बताया जा रहा है कि शाहबाज के पिता लंबे समय से बीमार हैं। उनकी हालत को देखते हुए परिजनों ने अभी तक उन्हें इस दुखद घटना की जानकारी नहीं दी है। परिवार के अन्य सदस्य भी इस सदमे को सहन नहीं कर पा रहे हैं।

इधर हादसे में घायल यात्रियों का दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चोरी का आरोपी दबोचा, भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब व नकदी बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को चोरी की गई शराब व नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब और नकद राशि बरामद की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 15 मार्च 2026 को वादी प्रशांत कुमार पुत्र स्व.करनवीर निवासी ग्राम ढक्का कंपाउंड ने थाना धामपुर में तहरीर देकर बताया था कि गायत्री देवी यूरेशिया होटल के पास स्थित उनकी अंग्रेजी शराब की दुकान से अज्ञात चोरों द्वारा विभिन्न ब्रांड की शराब की बोतलें तथा करीब 10 हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में थाना धामपुर में मामला दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को सूचना मिली, जिसके आधार पर आज पुलिस ने आरोपी राजीव कुमार पुत्र मनोहर सिंह निवासी ग्राम ढक्का कंपाउंड को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से चोरी की गई अंग्रेजी शराब तथा पांच हजार रुपए नकद बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शराब की दुकान के पास रेहड़ी लगाने का काम करता था और दुकान की गतिविधियों की जानकारी होने के कारण उसने मौका पाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। आरोपी ने चोरी की शराब को अपने पास छिपाकर रखा था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और उसके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### विकास कार्यों का निरीक्षण



**चांदपुर।** ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा सहकारी गन्ना विकास समिति नूरपुर एवं गन्ना विकास परिषद अफजलगढ़ के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों का सघन निरीक्षण एवं समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने नूरपुर समिति के नवनिर्मित खाद गोदाम रामपुर बिदार का जायजा लिया। निरीक्षण के समय गोदाम प्रभारी उपस्थित पाए गए। वर्तमान में गोदाम पर यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। अधिकारियों ने गोदाम प्रभारी एवं विशेष सचिव, नूरपुर को निर्देशित किया कि यूरिया के अतिरिक्त अन्य आवश्यक कृषि निवेश (खाद एवं कीटनाशक) भी शीघ्र उपलब्ध कराए जाएं ताकि कृषकों को असुविधा न हो। भ्रमण के दूसरे चरण में चीनी मिल स्योहारा के अंतर्गत आने वाले क्रय केंद्र जयनगर प्रथम का सचिव अफजलगढ़ के साथ संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तौल कांटा मानक के अनुसार सही पाया गया। दिन के अंत में चीनी मिल अफजलगढ़ के अधिकारियों एवं स्टाफ के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बुवाई सुनिश्चित करने हेतु अभियान चलाने के निर्देश दिए तथा सर्वे कार्य के लिए अर्ली से डिग्रेडेड हुई प्रजातियों का प्लाट-वार सर्वे तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए। विकास मद के सभी खर्चों को केवल ई-मार्केड अकाउन्ट के माध्यम से ही सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए।

### मंदिरों में भक्तों ने की पूजा-अर्चना




**चांदपुर।** प्राचीन महाभारत कालीन देवी मंदिर में मां दुर्गा के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में आना शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहेगा। श्रद्धालुओं ने मां कालरात्रि के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, सुरक्षा और खुशहाली की कामना की।तत्पश्चात भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम रहे, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

### हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी



**नांगल सोती।** पुलिस ने ग्रामीणों संग चौपाल लगाकर सरकार के मिशन शक्ति फेज 5 अभियान को परवान चढ़ाया। ग्राम गौसपुर में पुलिस ने गांव की महिलाओं के संग चौपाल लगाकर, मिशन शक्ति अभियान की जानकारी साझा की। इस दौरान सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश का नारा लगाते हुए महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के बारे में विस्तार से बताया। मिशन शक्ति प्रभारी दरोगा उपेंद्र सिंह ने महिलाओ को घेरलू हिंसा, अश्लील मैसेज, मोबाइल पर परेशान करने, छेड़छाड़, मारपीट बारे में तुरंत पुलिस से संपर्क करने की जानकारी साझा करते हुए उनके समाधान के बारे में बताया। महिला आरक्षी ललिता, शिल्पा ने 1090, 1098, 1930, 181, 112, 102 आदि हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग और उनके फायदे के बारे में महिलाओं और छात्राओं को विस्तार से बताया। इसके साथ सरकार द्वारा महिला उत्थान के लिए जा रही योजनाओं के लाभ बताए और चौपाल में महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक किया। इस दौरान गांव की काफी महिलाएं मौजूद रही।

### एलएलएम तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल



**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज के एलएलएम तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एलएलएम द्वितीय सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा। विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि छात्र अजीम परवेज ने प्रथम, आर्यन शर्मा ने द्वितीय तथा शगुफा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान ने बताया कि कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के अंर्तगत एलएलएम की शिक्षा प्रदान करने वाला एकमात्र महाविद्यालय है। पूर्व में भी महविद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। कॉलेज के संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां तथा विधि विभाग के प्रवक्तागणों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### महिलाओं को किया जागरूक



**हल्दौर।** नारी मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत अम्हेड़ा चौकी प्रभारी दरोगा अनू पवार ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा संबंधी कानूनों एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं समाज की महत्वपूर्ण शक्ति हैं और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरुक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में महिलाएं तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें और बिना डर के पुलिस को सूचना दें। उन्होंने महिलाओं को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112 सहित अन्य सुरक्षा सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर सुधा, रानी, पीआरडी ममता आदि मौजूद रहे।

# रामा एफएम टीम ने टीबी मरीजों को वितरित किया पोषाहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** रामा एफएम 90.0 की टीम ने किरतपुर सामुदायिक केंद्र में टीबी के जरुरतमंद मरीजों को पोषाहार पोटली वितरित की।

यह वितरण स्मार्ट फाउंडेशन द्वारा भारत को टीबी मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'सेहत सही लाभ कई' अभियान के तहत किया गया। पोषाहार वितरण का उद्देश्य मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार लाना और उन्हें आवश्यक पोषण प्रदान करना था।

वितरित की गई पोटली में राजमा, सोयाबीन, मूंगफली दाना, काले चने, गुड़, सरसों का तेल, केले और लौकी जैसे खाद्य पदार्थ शामिल थे। रामा एफएम 90.0 की टीम कोऑर्डिनेटर नीलम वर्मा के नेतृत्व में टीम ने टीबी मरीजों से बातचीत की। इस दौरान उन्हें पोषाहार के महत्व के प्रति जागरुक भी किया गया। पोषाहार पोटली वितरण में सीएमओ डा. कौशलेंद्र, रामा इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन के प्राचार्य डा. डबलेश कुमार, उप प्राचार्य डा. रवीश कुमार, नीलम वर्मा, रचना चौधरी और रुचि शर्मा शामिल रहे।

इस मौके पर जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डा. अनिल कुमार, डा. राजीव कुमार और डा. अरविंद कुमार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रचना चौधरी, रुचि शर्मा, अरुण कुमार, योगेश राजपूत और अभिषेक राजपूत का विशेष सहयोग रहा। मीडिया कवरेज मौहम्मद उमर खान द्वारा की गई।

# कालियावाला मंदिर में भक्तों की भीड़

## श्रद्धालुओं ने मांगी सुख-समृद्धि की मन्नत, सुरक्षा को लेकर पुलिस रही तैनात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना मार्ग स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर कालिया वाला तथा माता बाराही देवी शक्तिपीठ पर आज चैत्र नवरात्रि की सप्तमी का दिन होने के कारण पिछले कई वर्षों से चली आ रही परंपरा के अंतर्गत सप्तमी का विशाल मेला आयोजित किया गया, जिसमें धर्म नगरी धामपुर के विभिन्न भागों के अलावा आसपास के ग्रामों से भी बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

इस दौरान मेले में सजी दुकानों पर जहां माता रानी के भक्तों ने पूजा अर्चना से संबंधित लाल चुनरिया, नारियल, धूप, अगरबत्ती, सुपारी, कमलगट्टे आदि सामग्री की खरीदारी की।

वहीं चाट पकौड़ी, सौंदर्य प्रसाधन आदि दुकानों पर भी पुरुषों महिलाओं और बच्चों द्वारा जमकर खरीदारी होते देखी गई। माता रानी के भक्तों का आज सप्तमी का भी व्रत होने के कारण चाट पकौड़ी की दुक. ानों पर सेंधा नमक की आलू की टिकिया बनाई गई थी, जिसका भरपूर स्वाद एवं आनंद श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। आज बुधवार को चैत्र नवरात्रि की सप्तमी का दिन होने के कारण प्रातः 5 बजे से ही श्रद्धालु परिवारों ने प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर कालिया वाला तथा शक्तिपीठ माता बाराही देवी मंदिर पर पहुंचना प्रारंभ कर दिया था। इस दौरान श्रद्धालु परिवारों ने जहां पूजा अर्चना करते हुए माता रानी को नारियल एवं चुनरी भेंट की। वहीं श्रृंगार की वस्तु अर्पित करते हुए माता रानी से सभी सनातन परिवारों में शांति खुशहाली एवं समृद्धि का आशीर्वाद बनाए रखने की कामना की।

इस अवसर पर मंदिर परिसर माता रानी के पारंपरिक भजनों एवं जयकारों से गुंजायमान रहा। सप्तमी के इस मेले में बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवारों के पहुंचने के कारण सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस प्रशासन की ओर से पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय तथा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह के निर्देशन में पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मियों को पूरे मेले में तैनात किया गया था। जिन्होंने पूरे मेले की चाक चौबंद व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही मंदिर कालिया वाला परिसर स्थित माता रानी के दरबार के सामने पूरी तरह चौकन्ने रहकर अपनी ड्यूटी को अंजाम दिया।

# नवरात्रि पर बार एसो. का फलाहार कार्यक्रम

## अधिवक्ता हित ही हमारा सबसे बड़ा धर्म : आरके आर्य एड.



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर मौहल्ला गुजरातियान में फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया और मां दुर्गा की आराधना के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर के संरक्षक अनिल शर्मा एड. और बार अध्यक्ष आरके आर्य एड. ने कहा कि बार के द्वारा रमजान के पवित्र माह में जिस प्रकार रोजा इफ्तारी कराई जाती है उसी प्रकार नवरात्रों के दिनों में फलाहार कार्यक्रम कर अधिवक्ता एकता अखंडता और मजबूत होती। जिस तरह से हमारे क्षेत्रीय बार द्वारा रोजा इफ्तारी में हिंदू और मुस्लिम अधिवक्ता साथी मौजूद रहते है, इसी तरह फलाहार कार्यक्रम में भी दोनों अधिवक्ता साथी मौजूद रहते है और हिंदू मुस्लिम नवरात्रि का पर्व शक्ति, भक्ति और सेवा का प्रतीक है, ऐसे धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारा और संगठन की एकता मजबूत होती है अधिवक्ता हित ही सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं एवं अतिथियों ने फलाहार ग्रहण किया और धार्मिक चर्चा भी की गई। इस मौके पर क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर के संरक्षक हितेश भटनागर एड., अनिल शर्मा एड., शाहिद सूरी एड., अध्यक्ष आरके आर्य एड., महासचिव अली खान एड., कोषाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष विवेक राज सोनी एड., संयुक्त सचिव शाहबाज एड., मीडिया प्रभारी आयुष कौशिक, पवन सलूजा, सुमित सिसोदिया, अनिल कुमार, जितेंद्र सिंह, रामवीर सिंह एड., नीतू सिंह एड., शुभम चौहान एड., शहजाद अली एड., सरफराज हुसैन एड., प्रशांत चौधरी एड., लकी आलम एड., मौहमद कैफ एड., मौहम्मद शहजाद एड., कृष्ण गोपाल अग्रवाल, नबील अहमद एड.,, डा. अशोक कुमार आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संकेत अग्रवाल एड. का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ।

# स्कूटी सवार के खिलाफ पुलिस को सौंपी तहरीर

## अनियंत्रित स्कूटी की टक्कर से बाइक सवार की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** उदयपुर निवासी कृपाल सिंह पुत्र नत्थू सिंह इक्कीस मार्च की शाम लगभग चार बजे अपनी रिश्तेदारी भोजावाला, थाना बढ़ापुर से लौट रहे थे। हरेवली-नगीना रोड पर भट्टे के पास अनियंत्रित स्कूटी संख्या यूपी20सीआर 4958 ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी चालक अंकित कुमार निवासी नंगला कोपा, थाना शेरकोट गलत दिशा में और तेज गति से आ रहा था। बताया गया कि चालक दिव्यांग है तथा घटना के समय नशे की हालत में था। उसके साथ स्कूटी पर दो अन्य युवक भी सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि कृपाल सिंह के सिर और चेहरे की हड्डियां गंभीर रूप से टूट गई। राहगीरों ने डायल 112 पर सूचना दी। जिसके बाद एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को नगीना सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वर्तमान में कृपाल सिंह का इलाज काशीपुर (उत्तराखंड) के अस्पताल में चल रहा है, जहां वह वेंटिलेटर पर हैं। वहीं उनकी पत्नी का इलाज आयुष्मान अस्पताल काशीपुर में जारी है।

घटना के संबंध में मलखान सिंह निवासी उदयपुर, थाना रेहड़ ने थाना शेरकोट में तहरीर देकर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भारतीय किसान संघ की बैठक



## समस्याओं पर विस्तार से चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** ब्लॉक कार्यालय परिसर में भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के अनेक किसान और संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में किसानों से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख रूप से सहकारी समितियों द्वारा लिए जा रहे ब्याज को 7 प्रतिशत से घटाकर तीन प्रतिशत करने की मांग उठाई गई। साथ ही, पिछले वर्ष का अतिरिक्त चार प्रतिशत ब्याज किसानों को वापस करने की भी मांग की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा पशुओं और बंदरों के बढ़ते आतंक पर भी चिंता व्यक्त की गई, जिससे किसानों की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। कृषि क्षेत्र में नकली दवाइयों, बीज और खाद की समस्या को गंभीर बताते हुए इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया गया। किसानों ने प्रशासन से ऐसी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। इसके अलावा, पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पॉलिथीन के दुरुपयोग को रोकने तथा उसके सदुपयोग पर जागरुकता बढ़ाने की बात भी कही गई।

बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष धर्मपाल सिंह, ब्लॉक मंत्री रामवीर सिंह, जिला सह मंत्री बलराम सिंह और प्रचार प्रमुख चौधरी पंकज सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता एवं जिम्मेदार पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर किसानों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। बैठक का समापन भारतीय किसान संघ जिंदाबाद के नारों के साथ किया गया।

# बाजार जा रहे युवक से पुरानी रंजिश में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शेरकोट।** दोस्त के साथ बाजार जा रहे एक युवक को पुरानी रंजिश के चलते कुछ युवकों ने मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम मुस्तफापुर तैय्यब निवासी हब्बू पुत्र अब्दुल हमीद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र अरहम आज अपने दोस्त शहरान के साथ दुकान का सामान लेने बाजार जा रहा था। जब वह पुरानी पुलिस चौकी के निकट पहुंचा, तो पुरानी रंजिश के कारण मौहल्ला नौंधना निवासी फरमान, सुबहान, सैफ अली व समीर पुत्रगण शमीम ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की तथा उसके सिर में लोहे के कड़े से वार किया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# खानपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिला सम्मान

## कड़ी मेहनत को दिया उपलब्धि का श्रेय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** खानपुर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर जिसे आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम से भी जाना जाता है को राष्ट्रीय स्तरीय एनक्यूएएस (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स) प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि केंद्र द्वारा प्रदान की जा रही उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं को दर्शाती है।

इस प्रमाण पत्र के लिए राष्ट्रीय टीम द्वारा 6 फरवरी 2026 को (यह तिथि भविष्य की है, संभवतः 2024 या 2023 का त्रुटिपूर्ण उल्लेख है) ऑनलाइन मूल्यांकन किया गया था। इस असेसमेंट में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और 7 सर्विस पैकेजों के तहत दी जा रही सेवाओं का गहन आंकलन किया गया। केंद्र ने 89.33% अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर डॉ. कौशलेंद्र सिंह के निर्देशन में और सीएचसी स्योहारा के अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही के मार्गदर्शन में यह सफलता मिली है। डॉ. स्नेही ने बताया कि उनका लक्ष्य सरकार की मंशा के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराना है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) अमित कुमार की कड़ी मेहनत को भी इस उपलब्धि का श्रेय दिया गया है।

सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ हर नागरिक को मिले, यह स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। इसी क्रम में ग्रामीण इलाकों के लोगों को घर के पास ही उच्च गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराना सरकार और स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को वैश्विक स्तर पर सर्वोत्तम मानकों के अनुरूप ढालना है। इस उपलब्धि में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) अमित कुमार, एएनएम पूजा कुमारी, बीपीएम शालिनी विश्नोई, बीसीपीएम राजेश कुमार, एआरओ आलोक कुमार, डीईओ राशि, अनम, अन्य सीएचओ (चंद्रशेखर, नित्या राज, आकांक्षा, मानसी, संगीता, पुष्पेंद्र, आरिफ, रश्मि सैनी, कामा), आशा संगिनी (रूपा, मधुबाला, सुमन, रेणु, मधु, सुनीता, जमुना आशा), ग्राम प्रधान अभय कुमार और जिला बिजनौर से नोडल अधिकारी डॉ. हितेंद्र कुमार सहित कई अन्य कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पांच साल पूर्व तहसीलदार अदालत से आ चुका है मॉल स्वामियों के पक्ष में फैसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिस सेन्ट्रल मॉल में ग्राम समाज अथवा पटटों की भूमि को लेकर हौव्वा खड़ा किया जा रहा है उस पर पूर्व में तहसीलदार की अदालत से मॉल स्वामियों के पक्ष में फैसला आ चुका है। बरसों बाद अकारण ही बदनाम करने के लिए गड़े मुर्दे उखाड़ कर हौव्वा खड़ा किया जा रहा है। हालांकि मॉल स्वामी की ओर से अपने सभी दस्तावेजी अभिलेख राजस्व प्रशासन को सौंपे जा चुके हैं लेकिन इसके बाद भी भ्रमक प्रचार से लोगो में तरह-तरह की अफवाहें मॉल स्वामियों को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है।

मुरादाबाद मार्ग स्थित मखदूमपुर गांव के निकट सम्भल सैन्ट्रल मॉल का निर्माण कराया जा रहा है। मॉल के पीछे ही कालोनी भी बसायी जा रही है। बरसों से चल रहे मॉल के निर्माण कार्य के दौरान वर्ष 2020 में तत्कालीन लेखपाल ने 15.09.2020 को अपनी आख्या दी क ग्राम मखदमूपुर की गांव सभा की भूमि (बंजर) गाटा संख्या 35 मि. क्षेत्रफल 1700 वर्ग मी. पर मैसर्स सम्भल सेन्ट्रल मॉलद्वारा पार्टनर फैज इकबाल पुत्र नवाब इकबाल महमूद निवासी मियां सराय सम्भल व मौ. तारिक चौहान पुत्र मौ. अतीक निवासी सराय फैज अली पुरानी मण्डी तहसील व जिला सहारनपुर व मौ. आसिफ पुत्र नूरनबी



निवासी खग्गू सराय सम्भल व आफताब हुसैन पुत्र मुश्ताक हुसैन निवासी महमूद खां सराय सम्भल ने अवैध कब्ज़ा कर रखा है। लेखपाल की आख्या क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक के सम्प्रेषण 15.09.2020 के आधार पर तहसीलदार के न्यायालय में वाद संख्या 06985 /2020 ग्राम सभा बनाम मैर्सस सम्भल सैन्ट्रल मालद्वारा पाटनर्स फैज इकबाल आदि धारा 67 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के तहत दायर किया गया था। जिस पर मॉल स्वामियों को नोटिस जारी किए गए। तहसीलदार की अदालत में मामले की सुनवायी की गई। मामले में मॉल स्वामियों के अधि वक्ता ने 20 अक्टूबर 2020 को अपनी लिखित आपत्ति पेश करते हुए बताया गया कि मौजूदा ग्राम प्रधान द्वारा द्वेष भावना से फर्जी व गलत कार्यवाही की गयी है। आपत्ति कर्ता की ओर से किसी भी ग्राम सभा की भूमि पर कोई अवैध कब्ज़ा नहीं किया गया है बल्कि गाटा संख्या-35 खरीदी हुई भूमि है जिसका दाखिज खारिज भी मॉल स्वामियों के पक्ष में किया गया था। मामले में क्षेत्रीय लेखपाल ने भी अपने बयान दर्ज कराये। दोनों पक्षों की बहस और प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर मुकदमा निरस्त करने की मांग की गयी थी। तहसीलदार की अदालत में सुनवायी और पत्रावली के अवलोकन के बाद क्षेत्रीय लेखपाल की 19 जून 2021 को अपने बयानों में गाटा संख्या 35-मि. पर मॉल स्वामियों

### हालात

- आख्या देने वाले तत्कालीन लेखपाल ने नहीं माना था अवैध कब्ज़ा
- तहसीलदार अदालत 67 का नोटिस ले चुकी है वापस
- इतने साल बाद फिर जांच और नापजेख से खड़े हुए सवाल

(प्रतिवादीगण) का कोई अवेध कब्ज़ा नहीं माना। जबकि गाटा सं. ख्या -35 मि. को गाटा संख्या 38 में शामिल किया जाना माना। तहसीलदार ने 21 जून 2021 को मॉल स्वामियों (प्रतिवादीगण ) के विरूद्व वाद नहीं चलाने और नोटिस आर. सी. प्रपत्र 20 वापस लेकर सभी कार्यवाही को समाप्त करने के आदेश दिए थे। तहसीलदार का मॉल स्वामियों के पक्ष में आदेश हुए पांच साल का समय बीत गया है। लेकिन पांच साल बाद फिर से मौल में ग्राम सभा अथवा पटटों की भूमि बताकर गढ़े मुर्दो को उखेड़ा जा रहा है। इसे लेकर एक बड़ा सवाल यह भी खड़ा हो गया है कि जब तहसीलदार अदालत से मॉल स्वामियों के पक्ष में पांच बरस पूर्व आदेश दिया जा चुका है तो फिर इतने साल बाद आखिर क्यों और किसके कहने पर राजस्व प्रशासन की ओर से जांच और नापजोख की आवश्यकता हुई। बहरहाल मामला चाहें जो हो ओर आदेश के बाद भी यह सब बखेड़ा किया जाने के पीछे क्यों और क्या उददेश्य है। ् है।

मॉल को लेकर अभी कोई कार्यवाही प्रस्तावित नहीं है। लेकिन मॉल स्वामियों की ओर से जो अभिलेख दिए गए है उसका अवलोकन किया जा रहा हे। यदि अभिलेखों में ग्राम समाज की भूमि पायी गई तो कार्यवाही की जायेगी।

धीरेन्द्र प्रताप सिंह, तहसीलदार सम्भल

सेन्ट्रल मॉल में कोई ग्राम समाज अथवा पटटों आदि की भूमि को लेकर जो अफवाह फैलायी जा रही है वह गलत है। हमने सभी दस्तोवजी साक्ष्य तहसीलदार को सौंप दिए है। जिस भूमि को ग्राम समाज की होना बताया जा रहा है उसे लेकर पांच साल पहले ही तहसीलदार की अदालत से निर्णय आ चुका है।

आफताब हुसैन पार्टनर/ मॉल स्वामी



सम्भल- डा. शहज़ाद को राष्ट्रीय सम्मान रत्न से सम्मानित करते।

# डा. शहज़ाद को मिला राष्ट्रीय सम्मान रत्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रसिद्व गैस्ट्रो लैप्रोस्कोपिक सर्जन डा.. शहजाद आलम को राष्ट्रीय सम्मान 'रत्न' से सम्मानित किया गया है।

सीडीएस फाउंडेशन के नेशनल डायरेक्टर चंद्रशेखर डी शेटये द्वारा प्रदान किया गया यह प्रतिष्ठित सम्मान डा. शहजाद आलम के समाज सेवा और चिकित्सा क्षेत्र में किए गए विशेष योगदान को देखते हुए दिया गया। मुंबई में आयोजित भव्य समारोह में यह सम्मान दिया गया था, लेकिन अपनी चिकित्सकीय व्यस्तता के कारण डा. शहजाद आलम कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। जिसके कारण सीडीएस फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक गौरीशंकर चौधरी और प्रमुख समाजसेवी हर्षित शर्मा ने डा. शहजाद आलम के

**मुम्बई न पहुंचने पर सम्भल में किया सम्मानित**

अस्पताल में जाकर उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। डा. शहजाद आलम अमेरिका से विशेष प्रशिक्षित कंसल्टेंट गैस्ट्रो लैप्रोस्कोपिक सर्जन एवं एंडोस्कोपिस्ट हैं। वे सम्भल के डा. शहजाद सर्जिकल सेंटर एवं एंडोस्कोपी क्लिनिक में वर्षो से मरीजों को उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। तथा बच्चों में आंशिक अंधता के खिलाफ लगातार कार्य कर रहे हैं जिससे बच्चों को इस समस्या से बचाया जा सके। गौरीशंकर चौधरी ने सम्मान प्रदान करते हुए कहा कि डा. शहजाद आलम ने न केवल चिकित्सा क्षेत्र में उच्च स्तर की विशेषज्ञता दिखाई है, बल्कि बच्चों के लिए तथा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा में भी निरंतर अपना योगदान दिया है। उनकी यह उपलब्धि सम्भल जिले के लिए गौरव की बात है। डा. शहजाद आलम ने सम्मान प्राप्त करने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके पूरे चिकित्सा टीम और समाज के प्रति उनके समर्पण को समर्पित है।

# भक्तों के कष्ट और भय को भस्म करती है मां कालरात्रि

**मां दुर्गा के सातवें स्वरूप पर आहूतियां देकर की कामना**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** आध्यात्मिक गुरु पं. राधेश्याम श्रीमाली के नेतृत्व मे दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पंजू सराय में स्थित श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला के तहत माँ दुर्गा स्तवन की 92 बीं कडी के सातवें दिन आनंद कुमार सैनी व राजवती सैनी एवं लाला भुकन लाल व लीलावती द्वारा माँदुर्गा के सातवें स्वरुप माता कालरात्रि को सात वर्ष की कन्या का पूजन कर पान सुपारी ध्वजा नारियल फल मेवा अष्टगंधा शुद्व घी गुड व शहद से इक्कीस हजार छ सौ आहुतियाँ प्रदान कर विश्व शान्ति भारत राष्ट्र की समृद्धि श्रीकल्कि के प्राकटय को प्रार्थना की। इस अवसर पर यज्ञाचार्य डा. योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा की बृह्मांड के सत्यलोक व मानव देह के सहस्त्रधार चक्र में स्थित अमृत कलश की रक्षा का भार वहन करने वाली माँ कालरात्रि अपने भक्तो को कष्ट कलेश भय और छः प्रकार के अकाल मृत्यु योगो को भस्म करने की सामर्थ



सम्भल- मॉ दुर्गा के सप्तम स्वरूप पर हवन करते साधक साधिकायें।

रखती है। माँ दुर्गा का यह सातवां माँ कालरात्रि स्वरुप बाहर से देखने में जितना डरावना व भयंकर है। माता का हृदय उतना ही विशाल दया करुणा और ममता से ओतप्रोत है। भक्तों को अभय प्रदान कर मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करने बाली माँ कालरात्रि शहद गुड तिल नारियल के भोग और नवार्ण महामंत्र जाप साधना से सहज प्रसन्न होकर भक्तजनो को मनवांछित फल प्रदान तो करती ही है साथ ही उनके जीवन के मार्ग में आने बाली तमाम बाधाओं का नाशकर,कल्याण का मार्ग खोलने में भी सहायक सिद्व होती है। इस मौके पर रितिक मोहन श्रीमाली डा. सुरेश चन्द्र सैनी रामवीर शर्मा कैलाश चन्द्र कृष्णा मोहन नरेश सैनी ज्वालेश श्रीमाली आनंद सैनी पार्थ शर्मा भीकम सरन लाला भूकनलाल किसन आर्य लक्ष्मन सिंह राकेश सैनी जितेन्द्र गुप्ता के अलावा महिला मंडल से रुकमनी देवी सुनिता देवी नीरज श्रीमाली लक्ष्मी श्रीमाली आरती श्रीमाली रिया श्रीमाली राजकपूर श्रीमाली व साधक साधिकाए उपस्थित रहे।

# बदायूं सांसद आदित्य यादव आज गुन्नौर का करेंगे भ्रमण

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** समाजवादी पार्टी के बदायूँ लोकसभा क्षेत्र से सांसद आदित्य यादव आज (गुरुवार) को अपने संसदीय क्षेत्र बदायूं का भ्रमण करेंगे।



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सांसद आदित्य यादव प्रात: 9 बजे चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर बदायूं स्थित मां काली नगला मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद वे अपराह्न 1 बजे विधानसभा क्षेत्र गुन्नौर के ग्राम सिहोरा पहुंचेंगे, जहां समाधि बाबा आश्रम सिहोरा मढ़ी में आयोजित नवरात्रि मेले में भाग लेंगे। इस अवसर पर वह स्थानीय श्रृद्वालुओं से संवाद भी करेंगे और क्षेत्रीय परंपराओं में सहभागिता निभाएंगे। तत्पश्चात सांसद आदित्य यादव बदायूं लोकसभा क्षेत्र में आयोजित अन्य राजनीतिक एवं निजी कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। यह जानकारी उनकी निजी सचिव अनिल गोस्वामी ने दी।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** फैज गर्ल्स इंटर कॉलेज का वार्षिक परीक्षाफल समारोह पूर्वक घोषित किया गया। परीक्षाफल में उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

उप नगरी सराय तरीन में स्थित स्कूल में कक्षा 6 से कक्षा 11 तक की छात्राओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कालेज परिसर में छात्राओं का उत्साह बढ़ाने के लिए विशेष पहल की गई। वार्षिक परीक्षाफल घोषित करते हुए सभी छात्रओं को टॉफी भी वितरित की गई, जिससे उनके चेहरों पर खुशी झलक उठी। इसके साथ ही परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्हें पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कॉलेज प्राचार्य जहां आरा तबस्सुम ने बताया कि इस तरह की पहल से छात्राओं में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है और वे आगे बेहतर प्रदर्शन करने के

**फैज गर्ल्स इंटर कॉलेज का वार्षिक परीक्षाफल घोषित**

लिए प्रेरित होते हैं। प्रधानाचार्य व शिक्षको ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, जिन छात्राओं का परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा, उन्हें निराश न होकर आगे और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्राओं ने भी इस पहल के लिए कॉलेज का आभार व्यक्त किया और इसे यादगार पल बताया। इस अवसर पर हाजी शहादत, मु. इकराम, मु. नाजिम, तखलीक अहमद, अनुराधा पाल, नबी हसन, मु. जीशान, सानिया, सुल्ताना परवीन, हाजी नूर इलाही, हाजी शराफत हुसैन, ताहिर सलामी, नफीसा बानो, मोहम्मद मेराज आदि मौजूद रहे।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-डीएम आवास वाले मार्ग का निरीक्षण कर निर्देश देते डीएम।

# डीएम के निर्देश पर हटाया गया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अतिक्रमण को जिलाधिकारी ने ई ओ बहजोई के साथ निरीक्षण किया ओर अवैध अतिक्रमण तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

बुधवार को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया नगर पालिका परिषद बहजाई की अधिशासी अधिकारी नीतू रानी के साथ रोड पर आए। डीएम आवास को जाने वाले मार्ग पर किए गए अतिक्रमण पर डीएम ने नाराजगी जतायी और अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान कुछ स्थानों से अतिक्रमण को ध्वस्त भी किया गया। जबकि डीएम ने बिजली विभाग को विद्युत पोल को शिफ्ट करने के दिए निर्देश।



बबराला-संस्कार भारती की महिलाएं भजन कीर्तन करतीं।

# संस्कार भारती ने किया माता रानी का भजन कीर्तन

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** संस्कार भारती द्वारा पूजा गुप्ता संस्कार भारती की सदस्य के आवास पर मां भगवती के भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें माता रानी की महिमा एवं नवरात्रों के विषय में बताया। महिलाओं को जागरुक भी किया। उनको अपनी लोक कलाओं से हमें कैसे जुड़ना है। माता रानी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर भजन कीर्तन के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।माता रानी के भजनों के साथ आरती की गई। जिसमें सभी महिलाएं माता रानी के भजनों पर झूम उठीं। इस भजन कीर्तन के कार्यक्रम में संस्कार भारती के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूजा गुप्ता, शैली गुप्ता, नीरू गुप्ता, गुंजन वार्ष्णेय, क्षमा गुप्ता, डॉली गुप्ता, अंशिका, राखी, नेमवती यादव हेम गुप्ता कंचन गुप्ता व लोक कला संयोजक मेरठ प्रांत की संयोजक संस्कार भारती की डा. ममता राजपूत आदि उपस्थित रही।

# परम्परागत खेती से हटकर फल और सब्ज़ी आदि की भी करनी चाहिए खेती: हरेन्द्र रिंकू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष की उपलब्धियों एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का 9 दिवसीय जन जागरण, प्रदर्शनी एवं विचार गोष्ठी/संवाद, किसान एवं व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया।

बहजोई बस स्टेंड पर आयोजित सम्मेलन का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एक पुष्प एवं पुस्तक देकर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित उद्यान विभाग पीएम सूर्य घर योजना ,आईसीडीएस विभाग पशुपालन विभाग ,कृषि विभाग प्राविधिक शिक्षा विभाग ,माध्यमिक शिक्षा विभाग ,उद्योग विभाग के अंतर्गत सीएम युवा उद्यमी योजना की लगायीं गई स्टालों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी ने किसानों एवं व्यापारियों को लेकर चर्चा की एवं जल संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक किया। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने कहा कि किसानों की समस्या हमारी समस्या है, परंपरागत खेती से हटकर सब्जी आदि की खेती करनी चाहिए ताकि किसानों को अच्छा लाभ प्राप्त हो सके। ड्रैगन फ्रूट, स्ट्राबेरी जैसी खेती पर भी धयान दिया जाना चाहिए उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा विभिन्न कृषि यंत्रों पर छूट दी जा रही है।

# बिछुड़े बच्चे को पुलिस ने परिवार से मिलाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गुन्नौर थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति अभियान के तहत गश्त कर रही पुलिस टीम ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक बिछड़े हुए बच्चे को उसके परिवार से मिलाया।

बुध बाजार में अकेले घूम रहे बच्चे को सुरक्षित उसके माता-पिता तक पहुंचाकर पुलिस ने मानवता की मिसाल पेश की गश्त के दौरान टीम को एक छोटा बच्चा संदिग्ध हालत में अकेला घूमता हुआ मिला। टीम ने तुरंत बच्चे को अपने संरक्षण में लेकर उससे पूछताछ की। बच्चे ने अपना नाम अरशान पिता का नाम सलमान और पता ग्राम भिरावटी थाना धनारी जनपद सम्भल बताया। इसके बाद पुलिस ने परिजनों की तलाश शुरू की। मिशन शक्ति टीम ने तेजी से कारवाई करते हुए बच्चे के परिजनों का पता लगाया और उनसे संपर्क स्थापित किया।

# बेटी संग लापता महिला पुलिस ने की बरामद

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर पुलिस ने 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत एक लापता महिला को उसकी आठ माह की बेटी के साथ सकुशल बरामद किया है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर महिला और उसकी बेटी को परिजनों को सौंप दिया।

गुन्नौर थाना क्षेत्र के मोहल्ला हीरापुर निवासी आइना पत्नी शफीक 22 फरवरी को अपनी आठ माह की बेटी के साथ घर से लापता हो गई थी परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की लेकिन महिला का कोई सुराग नहीं मिला काफी प्रयासों के बाद भी जब महिला का पता नहीं चला तो परिजनों ने 8 मार्च को कोतवाली गुन्नौर में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की और महिला की तलाश के लिए विभिन्न संभावित स्थानों पर दबिश दी। प्रभारी निरीक्षक राजीव मलिक के



सम्भल- लापता महिला को बरामद कर परिजनों को सौंपती पुलिस।

नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार महिला की तलाश में जुटी थी मिशन शक्ति टीम की महिला उपनिरीक्षक गुरजिंदर कौर और कांस्टेबल नीरज ने इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई मंगलवार को मिली सूचना के आधार पर टीम ने गुन्नौर पुलिया के पास से महिला को उसकी बेटी के साथ सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में पता चला कि महिला अपनी बेटी के साथ मुंबई में एक रिश्तेदार के पास चली गई थी। पुलिस ने सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद महिला और उसकी बेटी को सुरक्षित उनके परिजनों को सौंप दिया परिजनों ने महिला के सकुशल मिलने पर गुन्नौर पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए मिशन शक्ति अभियान के तहत लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि ऐसी घटनाओं में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# बच्चों को स्कूल स्तर से ही बुजुर्गों के सम्मान और देखभाल की दी जानी चाहिए शिक्षा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बुजुर्गों के सम्मानजनक जीवन और उनकी बेहतर देखभाल को लेकर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में गरिमा, देखभाल और उददेश्यों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को बढ़ावा देना रहा। मुख्य अतिथि तान्या सेन गुप्ता, रिसर्च ऑफिसर, राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान ने कहा कि बुजुर्गों को सम्मानजनक जीवन देना हमारे अपने हाथ में है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी, तभी समाज में सकारात्मक बदलाव सम्भव है। उनका मानना है कि शुरुआत परिवार से होनी चाहिए, जिससे यह संदेश पूरे समाज में फैल सके। उन्होंने यह भी बताया कि सम्मेलन के बाद




सम्भल- बुजुर्गों के सम्मान और देखभाल का आयोजित सम्मेलन को सम्बोधित करती वक्ता।

एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसमें प्रस्तुत शोध पत्रों और निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्य योजना बनाई जाएगी। यह पहल देशभर में लगातार चलाई जा रही है क्योंकि तेजी से बढ़ती बुजुर्ग आबादी और घटती सक्रिय जनसंख्या के बीच संतुलन बनाना एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। नेहा ठाकुर ने कहा कि आज के समय में कई बुजुर्गों को अकेला छोड़ दिया जाता है या वृद्वाश्रम भेज दिया जाता है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने सुझाव दिया कि बच्चों को स्कूल स्तर से ही बुजुर्गों के सम्मान और देखभाल की शिक्षा दी जानी चाहिए, ताकि पीढ़ियों के बीच बढ़ती दूरी को कम किया जा सके। सम्मेलन में समाज कल्याण विभाग के अधिकारी, शिक्षाविद और शोध ार्थी शामिल हुए, जिन्होंने बुजुर्गों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने इस बात पर भी जोर दिया कि बुजुर्गों को 'एजिंग इन प्लेस' यानी अपने ही घर में, अपने परिवार के बीच सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर मिलना चाहिए। इस आयोजन ने एक स्पष्ट संदेश दिया कि बुजुर्गों की सेवा और सम्मान केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर व्यक्ति का कर्तव्य है। अगर समाज का हर वर्ग अपनी भूमिका निभाए, तो वरिष्ठ नागरिकों का जीवन अधिक सुरक्षित, सम्मानजनक और खुशहाल बन सकता है।

# जी एस टी के अभियोग में दो को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** थाना बबराला में पुलिस टीम द्वारा थाना पर पंजीकृत धारा 420/409 भादवि में दौरान विवेचना प्रकाश में आये डालचन्द्र पुत्र महीपाल निवासी उपर कोर्ट गोलागंज बहजोई थाना बहजोई व गोविन्द पुत्र डालचन्द्र निवासी उपर कोर्ट गोलागंज बहजोई थाना बहजोई जनपद सम्भल को डालचन्द ट्रेडिंग कम्पनी बहजोई से गिरफ्तार किया गया। बबराला थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया कि इनको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. जगवीर सिंह, कां. रुपेन्द्र कुमार, कां. अजय कुमार, कां. राजकुमार थाना बबराला ने किया।



बबराला-चामुंडा देवी मंदिर में मूर्तियां स्थापित करने से पूर्व पूजन अर्चन करते।

# चामुंडा मंदिर में हुई मूर्तियों की स्थापना

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर गुन्नौर के मोहल्ला मुंडा चामुण्डा मंदिर पर माँ दुर्गा,राम दरवार,शिव परिवार,राधाकृष्ण की मूर्ति की प्रतिष्ठा की गई। जिसमें नगर के लोग शामिल रहे।

मन्दिर में मूर्तियो की स्थापना से पूर्व झांकी नगर के मोहल्ला सराय,मुंडा, बदायूँ रोड़ व सदर बाजार से होते हुए ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते श्रृद्वालुओं के साथ गंगाघाट राजघाट पहुंची। फिर वहाँ स्नान कर बबराला होते हुए गुन्नौर स्थित चामुण्डा मंदिर पहुंची। मंदिर में विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ सभी मूर्तियो स्थापना की गई। सभी श्रृद्वालुओं ने चामुण्डा मंदिर में मूर्तियां स्थापित कराई। मूर्ति की स्थापना के बाद माता रानी का जागरण किया गया। इस दौरान धर्मेंद्र कुमार. महिपाल बघेल, राजू कुशवाह पन्नालाल, राधाचरण कुशवाह लक्ष्मण कुशवाह, पूरन कुशवाह मनवीर कुशवाह आदि मौजूद रहे।

# फर्जी बिल ट्रेडिंग से करोड़ों की जीएसटी चोरी करने वाले गैंग के मुख्य आरोपी समेत पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अपराध शाखा (एसआईटी) मुरादाबाद ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी बिल ट्रेडिंग के जरिए करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है।

इस मामले में गैंग के मुख्य आरोपी भगवान सिंह उर्फ भूरा प्रधान और उसके सहयोगी रविन्द्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों के खिलाफ थाना सिविल लाइंस में पहले से मुकदमा दर्ज था।जानकारी के अनुसार, राज्य कर अधिकारी सुनील कुमार डागर द्वारा दी गई तहरीर में मै० मुनी जी ट्रांसपोर्ट कंपनी, अविराज ट्रेडिंग और विद्या ट्रेडर्स समेत कई फर्जी फर्मों के माध्यम से जीएसटी चोरी का मामला सामने आया था। इस पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच एसआईटी को सौंपी गई। पुलिस उप-महानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और खुफिया



जानकारी के आधार पर जांच तेज की।जांच के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी भगवान सिंह उर्फ भूरा प्रधान, निवासी मथुरा और उसके साथी रविन्द्र,निवासी हरदोई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उसने पुलिस को बताया कि वह वर्ष 2024 से स्क्रैप से भरी गाड़ियों को विभिन्न राज्योंख्रउत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंडख्रमें पास कराने का ठेका लेता था। इसके बदले वह व्यापारियों से मोटी रकम वसूलता था। आरोपी ने बताया कि फर्जी बिल्टी, ई-वे बिल और जीएसटी से जुड़े दस्तावेज उसका सहयोगी रविन्द्र कंप्यूटर के माध्यम से तैयार करता था। इन दस्तावेजों को एक फर्जी व्हाट्सएप नंबर के जरिए व्यापारियों तक पहुंचाया जाता था, जिससे माल परिवहन को वैध दिखाया जा सके। आरोपी ने स्वीकार किया कि अब तक वह करीब 33 फर्जी फर्में तैयार कर चुका है।पुलिस के अनुसार, इस नेटवर्क में हरियाणा और पंजाब के कुछ अन्य लोग भी शामिल हैं, जो कमीशन के आधार पर काम करते थे। एक व्यक्ति हेमंत, जो मंडी गो. विंदगढ़ का निवासी है, भी इस गिरोह की मदद करता था। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है और अन्य आरो. पियों की तलाश जारी है।

# लाइनपार में निशुल्क चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

## 100 से अधिक लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**मुरादाबाद।** लाइन पार क्षेत्र में समाजसेवा की एक सराहनीय पहल के तहत निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर समाजसेवी विमल शर्मा और रोहित ठाकुर के सौजन्य से बुधवार को सूर्य नगर स्थित स्वामी विवेकानंद विद्यालय में आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।उजाला सिग्नल ब्राइट स्टार हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित इस कैंप में करीब 100 से अधिक लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर में बीपी, शुगर और नेत्र जांच जैसी सुविधाएं पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराई गईं, जिससे स्थानीय लोगों को काफी राहत मिली। खासतौर पर बुजुर्गों और जरूरतमंदों ने इस अवसर का अधिक लाभ उठाया।शिविर में मौजूद चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श भी दिया। डॉक्टर साक्षी और डॉक्टर तैयब ने स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सुझाव देते हुए लोगों को नियमित जांच कराने और संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। इसके साथ ही शिविर में प्रेमपाल, ऋतिक, मार्केटिंग मैनेजर अतुल त्यागी और मदन शर्मा सहित अन्य सहयोगियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।समाजसेवी विमल शर्मा और रोहित ठाकुर ने बताया कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रहेंगे।स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों और चिकित्सकीय टीम का आभार व्यक्त किया। यह शि. विर क्षेत्र में जनसेवा का एक बेहतर उदाहरण बनकर सामने आया।

**एक नजर**

## मांगों को लेकर तहसील में धरने पर बैठे भाकियू के पदाधिकारी, एसडीएम बिलारी को दिया ज्ञापन



**बिलारी।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारी मांगों को लेकर तहसील पर धरने पर बैठ गए। वहीं मांगों को लेकर एसडीएम विनय कुमार सिंह को ज्ञापन भी दिया। बुधवार को तहसील में धरने पर पहुंचे किसानों ने ज्ञापन देकर कहा क थाना कुंदरकी क्षेत्र के गांव मझौली के रकबा गाटा संख्या 191,192, 193 में पिछले 10 साल से एक रास्ता व्यक्तिगत छोड़ा गया था। जिसका उपयोग सहखातेदार कर रहे थे। उस जगह पर कहीं मकान भी बने हुए हैं। मगर कुछ दबंग लोगों इस रास्ते को बोरिंग करके अतिक्रमण कर बंद कर दिया।

इस मामले में शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। अभी भी अतिक्रमण किया जा रहा है। गांव के दूसरी और शमशान तथा तालाब की भूमि पर भी कब्जा किया जा चुका है। जिसका विरोध भी कई बार किया जा चुका है। मगर उक्त लोग अनुसूचित जाति का होने के कारण एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा लगाने की धमकी देते हैं। मामले को लेकर समस्त गाटाओ की पैमाइश करने की मांग उठाई। ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष विक्की चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष अंकुर चौधरी,जिला उपाध्यक्ष खिलेंद्र सिंह, मास्टर उदय पाल सिंह, चौधरी सतीश कुमार,रमाकांत सैनी, सूरज सिंह, विशाल चौधरी, अमन सैनी, राजवीर सिंह सहित भारी तादाद में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नामित सभासदों को ब्राहमण समाज ने किया सम्मानित



**बिलारी।** नगर के चंद्र वाटिका कॉलोनी स्थित सभासद देवेश शर्मा एडवोकेट के कार्यालय पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित सभासदों को मनोनीत होने पर उन्हें सम्मानित किया गया। नामित हुए सभासदों में हेमन्त शर्मा, दिनेश प्रजापति, मनोज ठाकुर, गीता कोहली, श्रीकांत गुप्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम में नानक शर्मा, शक्ति प्रसाद गौड़, राजीव कुमार शर्मा प्रधानाचार्य, डॉक्टर विश्वास शर्मा, डॉक्टर विजय शर्मा, नरेश गुप्ता, ध्रुव शर्मा, रतीश शर्मा ,सुभाष चंद्र शर्मा, विशेष शर्मा ,ताराचंद शर्मा, डॉक्टर देवेंद्र कुमार शर्मा ,विनोद शर्मा, दानवीर शर्मा सभासाद ,नंदकिशोर शर्मा, सहित भारी तादाद में ब्राहमण समाज के लोग मौजूद रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत ग्राम प्रधानों व नगर पालिका कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**बिलारी।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत सोमवार को ब्लॉक सभागार बिलारी में ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई, उथले हैंडपंपों की मार्किंग, सामुदायिक बैठकें और रैलियों के माध्यम से जन-जागरूकता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर डॉ. श्वेतांबरी त्यागी, खंड विकास अधिकारी बिलारी डॉ. दुर्गेश्वर प्रसाद तथा डॉ. जीशान ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण से संबंधित जानकारी साझा की। खंड शिक्षा अधिकारी बिलारी की उपस्थिति में प्रधानाध्यापकों को भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इधर नगर पालिका सभागार, बिलारी में नगर पालिका के कर्मचारियों और वार्ड सभासदों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें स्वच्छता और रोकथाम संबंधी आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह, आजाद, विकेश कुमार, सानू कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीईओ-एचएम मासिक बैठक में निपुण आकलन, स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण पर चर्चा

**बिलारी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बिलारी में मंगलवार को बीईओ एचएम की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम निपुण भारत



अभियान के अंतर्गत किए गए निपुण आकलन की समीक्षा की गई। ब्लॉक में आकलन किए गए 160 विद्यालयों में से 31 विद्यालय निपुण घोषित हुए, जो कुल संख्या का 19.37 प्रतिशत है। इसके बाद एक अप्रैल 2026 से शुरू होने वाले स्कूल चलो अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह भी बताया गया कि एक अप्रैल से ही प्रारंभ होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत विद्यालयों और समुदाय में व्यक्तिगत एवं सामा. जिक स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने की। इस दौरान एआरपी अक्षय कुमार, मोहर सिंह, भुवनेश कुमार, तथा शिक्षकख्रमुहम्मद अफजाल, रोहित कुमार मिश्रा, सीमी सिदफ, खदीजा बेगम, जुल्फिकार हुसैन, राजीव कुमार, फरहत अली, राहुल गुप्ता सहित अन्य शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

# तहसील बार सभागार में हुआ ईद मिलन समारोह का आयोजन

**कांठ (शाह टाइम्स)।** तहसील बार सभागार में आज ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें आए मुख्य मेहमान ग्रामीण न्यायालय के न्यायाधीश कुंबर सूर्यसेन सिंह ने सभी को ईद की शुभकामनाएं दी और कहा कि ईद प्रेम सौहार्द और भाई चारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि तहसील बार में आयोजित चाहे होली मिलन समारोह हो या ईद मिलन समारोह हो बड़े ही सुंदर और सुसज्जित तरीके से मनाए जाते हैं और यही यहां की गंगा जमुनी तहजीब का प्रमाण है। एसडीएम संतदास पवार तहसीलदार राज. कुमार सिंह ने भी कार्यक्रम में अपना वक्तव्य दिया और सभी को होली की शुभकामनाएं दी। इस




दौरान चरन सिंह ढाका कोमल सिंह संजीव बिश्नोई मोहम्मद अयूब डॉक्टर अशोक चौहान हाफिज मोहम्मद साबिर डॉक्टर शब्बीर मोमीन डॉ विनीत नैन प्रदीप कुमार महेंद्र सिंह सीपी सिंह आदि ने अपने संबोधन से लोगों को शुभकामनाएं देते हुए शेरो शायरी के माध्यम से भी कार्यक्रम को सुंदर बनाने में अहम भूमिका निभाई। बार के कोषाध्यक्ष भू प्रकाश सिंह ने फिल्मी गाने पर नृत्य पेश किया आभार तहसीलबार के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने जताया संचालन महासr. चव दीपक बिश्नोई का रहा कार्यक्रम में काफी संख्या में अधिवक्ता मुंशी और पत्रकार मौजूद रहे।

## कानपुर में राज्य स्तरीय आध्यात्मिकता और युवा चेतना का संगम

कांठ(शाह टाइम्स)उत्तर प्रदेश के कानपुर में राज्य स्तरीय निरंकारी संत समागम 22 मार्च को निराला नगर स्थित रेलवे ग्राउंड में होगा उक्त जानकारी निरंकारी अंकित कुमार ने पत्रकारों को दी उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश का भव्य राज्य स्तरीय निरंकारी संत समागम श्रद्धा, समरसता और आध्यात्मिक उल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। यह पावन आयोजन मानवता, विश्वबंधुत्व और आध्यात्मिक जागृति का प्रेरणास्रोत बनेगा। प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक चलने वाले इस दिव्य समागम में उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु भक्त एकत्रित होकर सतगुरु के अमृतमय संदेशों का श्रवण करेंगे। समागम स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए लंगर, प्याऊ, चिकित्सा सेवा, पार्किंग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ अत्यंत सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की जा रही हैं। सभी भक्तजन सेवा-भाव, अनुशासन और समर्पण के साथ स्थल को स्वच्छ, सुंदर और भक्तिमय वातावरण से परिपूर्ण बनाने में निरंतर सक्रिय हैं। आयोजन की सफलता हेतु स्थानीय प्रशासन भी सहयोग प्रदान कर रहा है।

# चेतरामपुर और राजीपुर के विद्यालयों में नव शुभारंभ उत्सव का आयोजन

**कांठ( शाह टाइम्स )** महा. निदेशक स्कूली शिक्षा उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार प्रदेश के समस्त को- लोकेटेड आगनवाड़ी केंद्रों / बाल वाटिकाओ पर 3 - 6 आयु वर्ग के बच्चों को बाल वाटिका में प्रवेश कराने हेतु नव शुभारंभ उत्सव का आयोजन किया गया जिसके तहत प्रा वि चेतरामपुर में भी नव प्रवेश उत्सव धूमधाम के साथ आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि/ जन प्रतिनिधि ग्राम प्रधान जैनुल हसन के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । तत्पशात् स्कूल स्टाफ के द्वारा उपस्थित अभिभावकों का स्वागत किया गया।



प्रधान अध्यापक एव उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ मुरादाबाद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं छजलेट के अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम के उद्देश्यों का प्रस्तुतिकरण किया। सक्रिय वाल वाटिका के अंतर्गत बाल वाटिका लर्निंग कॉर्नर , स्टेशनरी सामग्री, बच्चो के प्रोफाइल , बच्चो के बैठने की उपयुक्त व्यवस्था के साथ प्रति दिवस बच्चो के साथ की जाने वाली गतिविधियों के साथ शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से बताने के साथ अभिभावकों को जागरूक किया।

कार्यक्रम में बाल वाटिका के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं बच्चों ने रेत पर अक्षर बनाकर अपनी प्रस्तुति दी। आगनवाडी कार्यकर्ती ने बाल वाटिका में छह वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों की कक्षा में प्रवेश के लिए तैयार सूची प्रधान अध्यापक को सौंपी। संचालन अनीता बचन ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में सुर्यलता, नोडल शिक्षक पूजा कुमारी, ममता रानी का विशेष सहयोग रहा। उधर प्राथमिक विद्यालय राजीपुर खद्दर (कम्पोजिट) मेंशनवआरंभ उत्सव आयोजित किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र कुमार विश्नोई ने उक्त कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा की कार्यक्रम का उद्देश्य 3 से 6 आयु वर्ग के बच्चों का बाल वाटिका में नामांकन बढ़ाना है बेसिक शिक्षा विभाग द्वाराआंगनबाड़ी केन्द्रों और विद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का यह एक बहुत सुंदर प्रयास है ।

नोडल शिक्षक शिवानी वशिष्ठ ने नव आरंभ उत्सव के दौरान विद्यालय मे अभिभावकों को बाल वाटिका की गतिविधियों लर्निंग कॉर्नर ,स्टेशनरी,खेल सामग्री,और बच्चोंके बैठने की व्यवस्था बाल वाटिका के शैक्षिक वातावरण की झलक अभिभावको दिखाई । कार्यक्रम में सरोज देवी,हीरो देवी,शकुंतला,ममता देवी नीरज देवी प्रवेश विमलेश व अरुण कुमार स०अ० बबीता शि० मि० दीपक आदि मौजूद रहे।

# टीएमयू में जैन कर्म सिद्धांत की समकालीन प्रासंगिकता पर होगी दो दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में जैन कर्म सिद्धांत की समकालीन प्रासंगिकता पर दो दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी में गहन मंथन होगा। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के भारतीय दार्शनिक परिषद की ओर से आयोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का 27 मार्च को टीएमयू के ऑडिटोरियम में शंखनाद होगा। टीएमयू के जैन अध्ययन केंद्र और भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र-आईकेएस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली के कुलपति प्रो. मुरली मनोहर पाठक बतौर मुख्य वक्ता अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। संगोष्ठी में टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रहेगी। टीएमयू के जैन अध्ययन केन्द्र के डायरेक्टर प्रो. विपिन जैन कहते है, संगोष्ठी भारतीय दार्शनिक परंपराओं के गहन अध्ययन और समकालीन संदर्भों में उनकी उपयोगिता को समझने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगी। यह कार्यक्रम न केवल अकादमिक संवाद को सुदृढ़ करेगा, बल्कि युवा शोधकर्ताओं को अपने विचार साझा करने का एक सशक्त मंच भी प्रदान करेगा। यह संगोष्ठी परंपरा और आधुनिकता के बीच सार्थक संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगी। संगोष्ठी में जैन अध्ययन से जुड़े शोधार्थी, विभिन्न विषयों के विद्यार्थी और देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्वान अपने-अपने शोध पत्रों का वाचन करेंगे। संगोष्ठी में जैनोलॉजी के जाने-माने विद्वान- इसरो के पूर्व साइंटिस्ट डॉ. राजमल जैन, जेएनयू के प्रो. रामनाथ झा, संपूर्णानंद यूनिवर्सिटी, वाराणसी से डॉ. फूलचंद प्रेमी जैन, मगध यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. नलिन के. शास्त्री, डा. श्रेयांश जैन, प्रो. जय कुमार जैन, एलवीएसएसयू नई दिल्ली से प्रो. अनेकांत जैन, उत्तराखंड संस्कृत यूनिवर्सिटी-हरिद्वार के पूर्व वीसी डॉ. दिनेश शास्त्री, वीएल इंस्टिट्यूट नई दिल्ली के डायरेक्टर डॉ. वीके जैन, प्रो. राका जैन, धर्म फॉर लाइफ की फाउंडर मेधावी जैन आदि भी जैन धर्म और दर्शन के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। टीएमयू आईकेएस सेंटर की कॉर्डिनेटर डॉ. अलका अग्रवाल ने उम्मीद जताई, राष्ट्रीय संगोष्ठी से प्रतिभागियों को जैन कर्म सिद्धांत की गहराई और उसकी आधुनिक संदर्भों में प्रासंगिकता को समझने का अवसर मिलेगा।



इस संगोष्ठी में संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य जैन कर्म सिद्धांत को समकालीन सामाजिक, नैतिक एवं दार्शनिक परिप्रेक्ष्य में पुन: स्थापित करना और भारतीय ज्ञान परंपरा के इस महत्वपूर्ण पक्ष को व्यापक विमर्श में लाना है। कॉन्फ्रेंस के संयोजक डॉ. रत्नेश जैन, जबकि सह संयोजिका की जिम्मेदारी डॉ. नम्रता जैन को सौंपी गई है।

## वैक्सीन लगाने से पहले अनिवार्य हो मां-बाप की सहमति, अधिकारियों को सौंपे ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** एचवीपी वैक्सीनेशन को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे गए जिनमें अभिभावकों की सहमति व पूरी जानकारी देने की मांग उठाई है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई कि किसी भी बालिका को वैक्सीन लगाने से पूर्व उसके माता-पिता/अभिभावकों की लिखित सहमति अनिवार्य रूप से ली जाए। बिना अभिभावक की अनुम. ति के वैक्सीनेशन को अनुचित बताते हुए इस पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया गया। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी के अधीक्षक डा राजपाल सिंह, खंड शिक्षाधिकारी विकास कुमार को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि वैक्सीनेशन से पहले अभिभावकों को वैक्सीन का नाम उसके संभावित लाभ व हानि प्रक्रिया से जुड़ी पूरी जानकारी सरल भाषा में समझाई जाए तथा बिना किसी दबाव के उनकी सहमति ली जाए।

इसके साथ ही वैक्सीनेशन से संबंधित पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने, अभिभावकों को लिखित जानकारी देने और उनके हस्ताक्षरित सहमति पत्र को अनिवार्य करने की मांग भी रखी गई, ताकि किसी प्रकार की भ्रम या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। ज्ञापन देने वालों में डॉ. राकेश रफीक, प्रेम, कपिल राज आदि रहे।

**नोटिस /सूचना बावत**

श्री मौहम्मद मियां पुत्र मुस्तफा मियाँ आदि नि० घेरवख्शी रामपुर जिला रामपुर की ओर से मुख्तारे खास नासिर खां पुत्र स्व. अच्छन खां नि. लालबाग, नई आबादी मुरादाबाद द्वारा प्रस्तुत

**अपील संख्या**- 52/132/202554135 400000219

**अन्तर्गत धारा**-11(1) जो० च० अधि० **ग्राम-गोविन्दपुरकला पर० व तह० व जिला मुरादाबाद।**

**न्यायालय बन्दोवस्त अधिकारी चकबन्दी, मुरादाबाद।**

उपरोक्त वर्णित अपील बावत न्यायालय चकबन्दी अधिकारी प्रथम मुरादाबाद वाद संख्या-97/आर/ 20255 4135 415020346 अन्तर्गत धारा-9क (2) जो० च० अधि० मौहम्मद मियाँ **बनाम** सरकार आदेश दिनांक 08.05.2025 के विरुद्ध योजित की गई है जिसमे सुनवाई हेतु 19.03.2026 नियत है। प्रकरण ग्राम गोविन्दपुर कलां तह० व जिला मुरादाबाद के खतौनी खाता सं० 35 के गाटा सं0 02, 04ग, 283ख की भूमि पर स्वत्वाधिकार से सम्बन्धित है। उक्त अपील में 1. बब्बू उर्फ अहमद हुसैन 2. भूरे मियां 3. नूर अहमद मियां, 4- जमील मियां पुत्रगण सय्यद हसन उर्फ सप्पू मियां निवासीगण ग्राम मल्लूपुरा हरदोडांडी पोस्ट भगतपुर जिला मुरादाबाद को मुकदमा पक्षकार बनाया गया है। उक्त पक्षकारगण में से बब्बू उर्फ अहमद हुसैन व मूरे मियां व जमील मियां पुत्रगण सय्यद हसन उर्फ सप्पू मियां मृतक के वारिसान सईद अहमद व तय्यव खां पुत्रगण बब्बू उर्फ अहमद हुसैन व मौ० फरीद व उरूज मियां पुत्रगण भूरे मियां को प्रतिस्थापित किया गया। उक्त उत्तरवादीगण बावजूद सूचना न्यायालय में अनुपस्थित है। **अत:** प्रकरण को अन्तिम रूप से निस्तारित किए जाने से पूर्व उक्त मुकदमा पक्षकारगण (1. नूर अहमद मियाँ पुत्र सय्यद हसन उर्फ सप्पू मियां, 2. सईद अहमद 3. तय्यव खां पुत्रगण बब्बू उर्फ अहमद हुसैन निवासी ग्राम मल्लूपुरा हरदोडांडी पोस्ट भगतपुर जिला मुरादाबाद 4. मौ० फरीद, 5. उरूज मियां पुत्रगण भूरे मियाँ निवासी ग्राम झन्डे वाली मिलक दलपतपुर जिला मुरादाबाद) को सूचित किया जाता है कि वह इस न्यायालय में दिनांक 02.04.2026 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, जिससे उक्त प्रकारण का निस्तारण गुण-दोष के आधार पर किया जा सके। यदि आप उपस्थित नहीं होते है तो उक्त प्रकरण का निस्तारण एकपक्षीय रूप से गुण-दोष के आधार पर कर दिया जाएगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व आपका होगा।

**न्यायालय बन्दोवस्त अधिकारी चकबन्दी, मुरादाबाद।**

**नोटिस/सूचना बावत**

श्री मौहम्मद मियां पुत्र मुस्तफा मियां आदि नि० घेरवख्शी रामपुर जिला रामपुर की ओर से मुख्तारे खास नासिर खां पुत्र स्व. अच्छन खां नि. लालबाग, नई आबादी मुरादाबाद द्वारा प्रस्तुत

**अपील संख्या**- 53/133/202554135 400000221

अन्तर्गत धारा-11 (1) जो०च०अधि० ग्राम-गोविन्दपुरकला पर0 व तह0 व जिला मुरादाबाद।

**न्यायालय बन्दोवस्त अधिकारी चकबन्दी, मुरादाबाद।**

वाद उपरोक्त वर्णित अपील बावत न्यायालय चकबन्दी अधिकारी प्रथम मुरादाबाद वाद संख्या- 16/51/आर/ 202454135 415020469 अन्तर्गत धारा-9क(2) जो० च० अधि० सरकार **बनाम** मौहम्मद मियाँ आदेश दिनांक 24.03.2025 के विरूद्ध योजित की गई है जिसमे सुनवाई हेतु 19.03.2026 नियत है। प्रकरण ग्राम गोविन्दपुर कलां तह० व जिला मुरादाबाद के खतौनी खाता सं० 15 के गाटा सं० 37क की भूमि पर स्वत्वाधिकार से सम्बन्धित है। उक्त अपील में 1. बब्बू उर्फ अहमद हुसैन 2. भूरे मियाँ 3. नूर अहमद मियां 4. जमील मियां पुत्रगण सय्यद हसन उर्फ सप्पू मियां निवासीगण ग्राम मल्लूपुरा हरदोडांडी पोस्ट भगतपुर जिला मुरादाबाद को मुकदमा पक्षकार बनाया गया है। उक्त पक्षकारगण में से बब्बू उर्फ अहमद हुसैन व भूरे मियां व जमील मियां पुत्रगण सय्यद हसन उर्फ सप्पू मियां के वारिसान सईद अहमद व तय्यव खां पुत्रगण बब्बू उर्फ अहमद हुसैन व मौ० फरीद व उरूज मियां पुत्रगण भूरे मियां को प्रतिस्थापित किया गया। उक्त उत्तरवादीगण बावजूद सूचना न्यायालय में अनुपस्थित है। अत: प्रकरण को अन्तिम रूप से निस्तारित किए जाने से पूर्व उक्त मुकदमा पक्षकारगण (1. नूर अहमद मियां पुत्र सय्यद हसन उर्फ सप्पू मियां, 2. सईद अहमद 3. तय्यव खां पुत्रगण बब्बू उर्फ अहमद हुसैन निवासी ग्राम मल्लूपुरा हरदोडांडी पोस्ट भगतपुर जिला मुरादाबाद 4. मौ० फरीद 5. उरूज मियां पुत्राण नूरे मियाँ निवासी ग्राम झन्डे वाली मिलक दलपतपुर जिला मुरादाबाद) को सूचित किया जाता है कि वो इस न्यायालय में दिनांक 02.04.2026 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे जिससे उक्त प्रकारण का निस्तारण गुण-दोष के आधार पर किया जा सकें। यदि आप उपस्थित नहीं होते है तो उक्त प्रकरण का निस्तारण एक पक्षीय रूप से गुण-दोष के आधार पर कर दिया जाएगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व आपका होगा।

**न्यायालय बन्दोवस्त अधिकारी चकबन्दी, मुरादाबाद।**

**नोटिस/सूचना बावत**

श्री वसीम मियां पुत्र सलीम मियां नि० धरनख्शी रामपुर की ओर से मुख्तारे खास नासिर खां पुत्र स्व० अच्छन खां नि० लालबाग, नई आबादी मुरादाबाद द्वारा प्रस्तुत्त

**अपील संख्या**-58/139/202554135 400000240,

**अन्तर्गत धारा**-11 (1) जो०च०अधि०, **ग्राम**-गोविन्दपुरकलां पर0 व तहसील व जिला मुरादाबाद।

**न्यायालय बन्दोवस्त अधिकारी चकबन्दी, मुरादाबाद।**

उपरोक्त वर्णित अपील वावत न्यायालय चकबन्दी अधिकारी प्रथम मुरादाबाद वाद संख्या-62/आर/202553135415020312 अन्तर्गत धारा-9क (2) जो०च०अधि० वसीम मियां **बनाम** आदेश दिनांक 08.05.2025 के विरुद्ध योजित की गई है जिसमे सुनवाई हेतु 19. 03.2026 नियत है। प्रकरण ग्राम गोविन्दपुर कलां तह० व जिला मुरादाबाद के खतौनी खाता सं0 208 के गाटा सं0 81, 82, 86क की भूमि पर स्वत्वाधिकार से सम्बन्धित है। उक्त अपील में 1. सईद अहमद 2. तय्यव खान पुत्रगण बब्बू उर्फ अहमद हसन नि०गण मल्लूपुरा हरदो डाडी पो० भगतपुर जिला मुरादाबाद, 3. मौ० फरीद 4. मौ० उरूज मियां पुत्रगण भूरे मियां नि० गण झण्डे वाली मिलक दलपतपुर मुरादाबाद 5-नूर अहमद मियाँ पुत्र सप्पू मियां निवासी मल्लूपुरा हरदो डाडी पो० भगतपुर जिला मुरादाबाद को मुकदमा पक्षकार बनाया गया है। उक्त उत्तरवादी गण बावजूद सूचना न्यायालय में अनुपस्थित है। अत: प्रकरण को अन्तिम रूप से निस्तारित किए जाने से पूर्व उक्त मुकदमा पक्षकारगण 01 लगायत 05 (1. सईद अहमद 2. तय्यव खान पुत्रगण बब्बू उर्फ अहमद हसन नि० गण मल्लूपुरा हरदो डाडी पो० भगतपुर जिला मुरादाबाद, 3. मौ० फरीद 4. मौ० उरूज मियाँ पुत्रगण भूरे मियाँ नि० गण झण्डे वाली मिलक दलपतपुर मुरादाबाद 6. नूर अहमद मियाँ पुत्र सप्पू मियां निवासी मल्लूपुरा हरदो डाडी पो० भगतपुर जिला मुरादाबाद) को सूचित किया जाता है कि वह इस न्यायालय दिनांक 02.04. 2026 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, जिससे उक्त प्रकारण का निस्तारण गुण-दोष के आधार पर किया जा सकें। यदि आप उपस्थित नहीं होते है तो उक्त प्रकरण का निस्तारण एकपक्षीय रूप से गुण-दोष के आधार पर कर दिया जाएगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व आपका होगा।

**न्यायालय बन्दोवस्त अधिकारी चकबन्दी, मुरादाबाद।**

## सैनिक की विधवा के घर कब्जा करने का आरोप

**चन्दौसी।** शहर के मुंसिफ रोड स्थित यूनियन बैंक के बराबर वाली गली से एक मार्मिक मामला सामने आया है, जहां एक सैनिक की विधवा को उसके ही परिजन घर में रहने नहीं दे रहे हैं। लगातार उत्पीड़न से परेशान महिला अब न्याय के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर है। पीड़ित महिला पूनम तिवारी, जो स्वर्गीय सैनिक अशोक तिवारी की पत्नी हैं, ने आरोप लगाया कि परिवार के लोग उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं और मकान से बेदखल करने का प्रयास कर रहे हैं। न्याय की गुहार लेकर वह उपजिलाधिकारी के पास पहुंचीं, जहां से मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली चन्दौसी से आख्या मांगी गई। इसके बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू की गई। एसएसआई गंगवार पीड़िता को साथ लेकर लायन्स कॉलोनी पहुंचे, जहां दोनों पक्षों को बुलाकर पूरे मामले की जानकारी ली गई।



जांच के दौरान सामने आया कि मकान का एक हिस्सा पूनम तिवारी के नाम वसीयत के आधार पर बैनामा किया गया है। वहीं, आरोप है कि उसी मकान के भीतर रह रहे एक व्यक्ति, जो स्वयं को ज्योतिषी बताता है, ने करीब 200 वर्ग गज क्षेत्र में कब्जा कर आवास बना लिया है। पीड़िता के अनुसार उक्त व्यक्ति विपिन तिवारी पुत्र महेशचंद्र शर्मा ने मकान के टॉयलेट और बाथरूम पर ताला डाल दिया है, जिससे उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि पूनम तिवारी अपने परिवार के साथ केवल दूसरी मंजिल पर लोहे के जाल से बने एक छोटे से कमरे में रहने को मजबूर हैं। इतना ही नहीं, जीने (सीढ़ी) का गेट भी बंद कर दिया गया है, जिससे उनकी सुरक्षा और आवाजाही दोनों प्रभावित हो रही हैं। मौके पर जांच करते हुए एसएसआई गंगवार ने पारदर्शिता के साथ पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर सीओ दीपक तिवारी को सौंप दी। सीओ ने दोनों पक्षों से बातचीत कर विवादित स्थान खाली करने के निर्देश दिए। हालांकि, आरोपी पक्ष की ओर से संपत्ति को बेटियों के नाम करने की बात कही जा रही थी, लेकिन वह कोई वैध बैनामा या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। फिलहाल सीओ दीपक तिवारी ने पीडिघ्त विधवा को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। इस कार्रवाई के बाद महिला को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है, लेकिन अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में आगे क्या ठोस कदम उठाता है।

# पॉक्सो एक्ट व हत्या के प्रयास के मामले में दोषी रिजवान को आजीवन कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने वर्ष 2017 के एक गंभीर आपराधिक मामले में दोषी पाए गए अभियुक्त रिजवान को विभिन्न धाराओं में कड़ी सजा सुनाई है। न्यायालय के इस निर्णय को पीड़ित परिवार के लिए न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

मामला थाना असमोली क्षेत्र के ग्राम पाली की मढ़ैया का है। वादी द्वारा थाना असमोली में दर्ज कराई गई तहरीर के अनुसार गांव के निवासी नसीम, रिजवान और शाकिब पूर्व से ही दबंग प्रवृत्ति के थे और वादी के परिवार से उनकी पुरानी रंजिश चल रही थी। 19 अगस्त 2017 को तीनों आरोपी वादी के घर में जबरन घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर स्थिति और बिगड़ गई। इसी दौरान आरोपी रिजवान ने वादी की पत्नी के साथ अभद्रता की, जबकि अन्य दो आरोपी नसीम और शाकिब ने वादी की 14 वर्षीय नाबालिग बेटी को जबरन कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। घटना के दौरान बच्ची



बेहोश हो गई, जिसे आरोपियों ने मृत समझ लिया और मौके से फरार हो गए। बाद में पीड़िता पक्ष द्वारा तत्काल पुलिस को सूचना देकर मामला दर्ज कराया गया, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों के बयान और परिस्थितिजन्य तथ्यों का गहन परीक्षण किया। सुनवाई के क्रम में न्यायालय ने अभियुक्त सह-अभियुक्त मौ. नसीम को पहले ही दोषी ठहराते हुए विभिन्न धाराओं में सजा सुनाई जा चुकी है।

बुधवार को हुई सुनवाई में न्यायालय ने अभियुक्त रिजवान को दोषी करार देते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 452 के तहत तीन वर्ष का कारावास व तीन हजार रुपये अर्थदंड, धारा 354ए के तहत दो वर्ष का कठोर कारावास व दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। इसके अलावा धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत उसे आजीवन कारावास एवं 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। साथ ही पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा भी सुनाई गई। न्यायालय के इस फैसले को गंभीर अपराधों के प्रति सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। इससे न केवल पीडिघ्त परिवार को न्याय मिला है, बल्कि समाज में भी यह संदेश गया है कि कानून ऐसे जघन्य अपराधों के प्रति किसी प्रकार की नरमी नहीं बरतता।

यहां बताते चलें कि विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल अवधेश कुमार सिंह के कार्यकाल में महिला व बाल अपराधों पर सख्ती बरती जा रही है। मई 2025 में पदभार ग्रहण करने के बाद से उन्होंने त्वरित सुनवाई पर जोर देते हुए 35 से अधिक मामलों में दोषियों को सजा सुनाई है। इससे पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल रहा है और अपराधियों में कानून का भय बढ़ा है। पहले जहां ऐसे मामलों में लंबा समय लगता था, वहीं अब तेजी से फैसले हो रहे हैं। एक प्रकरण में मात्र सात दिन में सुनवाई पूरी कर निर्णय देना न्यायिक सक्रियता का उदाहरण बना है।

## गैंगस्टर एक्ट में दोषी करार, दो वर्ष दो माह की सजा

**चन्दौसी।** जनपद संभल के थाना बहजोई क्षेत्र से जुड़े वर्ष 2017 के एक मामले में न्यायालय ने सख्त फैसला सुनाया है। 30 जून 2017 को अ0सं0 457/2017 थाना बहजोई में आरोपी मिजार पुत्र इरशाद निवासी मजरा सारंगपुर थाना हयातनगर को गैंगस्टर एक्ट की धारा 3(1) के तहत दोषी पाया गया। न्यायालय ने दोषी को दो वर्ष दो माह के कारावास तथा 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। सजा दिलाने में पीओ प्रदीप कुमार, कोर्ट पैरोकार हेड कांस्टेबल अमित कुमार एवं कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल विनोद कुमार का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर

### गांधी स्मारक महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत रैली




**सुरजननगर।** गांधी स्मारक महाविद्यालयमें बुधवार को नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता और जागरूकता रैली के माध्यम से समाज को नशे के विरुद्ध एकजुट होने का संदेश दिया। महाविद्यालय परिसर से शुरू हुई जागरूकता रैली सुरजननगर बाजार के झंडा चौक तक गई। रैली में विद्यार्थी हाथों में बैनर और स्वरचित पोस्टर लेकर चल रहे थे। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने शराब पीना छोड़ दो, अपना जीवन मोड़ दो और जो नशे को हराएगा सच्चा वीर कहलाएगा जैसे उत्साहपूर्ण नारे लगाकर स्थानीय निवासियों को जागरूक किया।

### परिवार परामर्श केंद्र में 12 मामलों की सुनवाई, दो का हुआ निस्तारण

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी पर केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह की देखरेख में आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के बीच उत्पन्न आपसी विवादों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया।

इस दौरान कुल 12 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 2 मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण कराया गया। वहीं 2 पत्रावलियों को पक्षकारों द्वारा पर्याप्त सहयोग न देने एवं अन्य कारणों के चलते बंद कर दिया गया। बैठक में काउंसलर श्वेता गुप्ता, उपनिरीक्षक महेश गंगवार, मनोहर सिंह, रुचि, मीनाक्षी तथा पीआरडी जगतपाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### नाबालिग को बहला फुसला कर भगा ले जाने के मामले में दो पर एफआईआर

कांठ (शाह टाइम्स) नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने दो पर एफआईआर दर्ज की है नगर निवासी का कहना है कि उसकी पुत्री नाबालिक उम्र 17 साल है जिसे मोहल्ला घोसीपुरा के नितिन पुत्र कैलाश और संदीप पुत्र बिरजू बहला फुसला कर अपने साथ ले गए आरोप है कि उनके कहने से उसकी पुत्री घर में सरकारी मकान के लिए आए घ्50000 भी साथ ले गई पीड़ित ने पुत्री को काफी तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला पीड़ित थाने पहुंचा और नामजद तहरीर दी पुलिस ने नितिन और संदीप के खिलाफ एफआईआर दर्ज की हैं।

### पुरानी रंजिश में छात्र पर जानलेवा हमला बचाव में पहुंचे परिजनों को भी पीटा

**ठाकुरद्वारा।** डिलारी थाना क्षेत्र के करनपुर गांव में बुधवार को पुरानी रंजिश के चलते एक छात्र पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। हमलावरों ने बीच-बचाव के लिए पहुंचे परिजनों को भी नहीं बख्शा और उनके साथ भी मारपीट कर दी। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिलारी ले जाया गया, जहां से मुख्य घायल की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर खद्दर निवासी सजल कुमार करनपुर स्थित एक लाइब्रेरी में पढ़ाई करने गया था। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे वह अपने एक रिश्तेदार को वाहन में बैठा रहा था, तभी चंदूपुरा गुलरिया के कुछ युवक वहां पहुंच गए और पुरानी रंजिश के चलते उस पर हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने सजल के गले और पैर की उंगलियों पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इतना ही नहीं, हमलावर उसका मोबाइल फोन और नकदी भी छीन ले गए। घटना की सूचना मिलने पर सजल के पिता दीपक कुमार, भाई संकेत और चाचा कपिल कुमार आरोपियों से बात करने के लिए जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्हें घेरकर मारपीट की गई, जिससे वे भी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद सजल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वृद्ध आश्रम में मनाए सम्राट अशोक की जयंती

**बिलारी।** ग्वारखेड़ा स्थित वृद्ध आश्रम में सम्राट अशोक महान की 2330वीं जयंती बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सम्राट अशोक के गौरवशाली इतिहास को भारत का उज्ज्वल अध्याय बताते हुए उन्हें एक आदर्श एवं महान शासक के रूप में स्मरण किया। उन्होंने यह भी बताया कि सम्राट अशोक का प्रतीक अशोक स्तंभ आज भी हमारे राष्ट्र की पहचान के रूप में स्थापित है और भारतीय मुद्रा पर अंकित है यशपाल सिंह मौर्य के आह्वान पर कार्यक्रम हुआ। उन्होंने समाज को नशामुक्त एवं शिक्षित बनाने का संदेश दिया और सभी से इस दिशा में सहयोग करने की अपील की।

कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी से अमित मौर्य सहित ग्वारखेड़ा के अनेक युवा मौजूद रहे। कार्यक्रम में मनीष मौर्य, लकी मौर्य, भुवनेश मौर्य, अंकित मौर्य, रिंकू मौर्य, हल्द्वारी मौर्य, साहूकाल, महेंद्र मौर्य, पदम सिंह, सोमपाल नेताजी, ग्राम प्रधान जालंधर सिंह मौर्य, राम बहादुर मौर्य, पूर्व प्रधान वेद प्रकाश, तीर्थ सिंह, पूरन सिंह मौर्य सहित भारी तादाद में लोग मौजूद रहे। कार्यकम का संचालन रोहन देव सामाजिक ने किया।

### वाहनों की बढ़ती संख्या, अतिक्रमण और पार्किंग संकट से जूझता शहर

**चन्दौसी।** बीते पांच दशकों में चन्दौसी नगरपालिका क्षेत्र की जनसंख्या में कई गुना वृद्धि हुई है। एक समय में 'चांदसी नगरी' के नाम से प्रसिद्ध यह शहर कपास और देशी घी की प्रमुख मंडी हुआ करता था। दूर-दराज के जनपदों जैसे मुरादाबाद, बदायूं और बुलंदशहर से व्यापारी बैलगाड़ी व घोड़ा गाड़ी के माध्यम से यहां व्यापार करने आते थे। उस समय व्यापारियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर में जगह-जगह गेट, प्याऊ और धर्मशालाओं का निर्माण कराया गया था। पशुओं के लिए भी घास मंडी में विशेष व्यवस्था रहती थी। समय के साथ परिवहन के साधनों में बड़ा बदलाव आया और आधुनिक वाहनों का चलन तेजी से बढ़ गया। वर्तमान में दोपहिया और चौपहिया वाहनों की बढ़ती संख्या ने शहर की सड़कों पर भारी दबाव बना दिया है। इसके बावजूद नगरपालि. का द्वारा आज तक व्यवस्थित पार्किंग की ठोस व्यवस्था नहीं की गई, जबकि कई स्थानों पर उसकी संपत्तियां खाली पड़ी हैं।

## राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के सौजन्य से वृहद कृषक मेले का आयोजन

ठाकुरद्वारा। बुधवार को कार्यालय गन्ना विकास परिषद, के अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के सौजन्य से ग्राम रामूवाला गणेश में वृहद कृषक मेले का आयोजन किया गया। मेले में कृषि विज्ञान केन्द्र, ठाकुरद्वारा के शस्य वैज्ञानिक डॉ. अविनाश सिंह ने बसंतकाल. ीन गन्ना बुआई, ड्रिप सिंचाई, फसल चक्र की उपयोगिता, मृदा परीक्षण, कीट एवं रोग नियंत्रण, खरपतवार नियंत्रण, खाद एवं उर्वरकों के संतुलित प्रयोग, गन्ने के साथ सहफसली खेती तथा जैविक



खेती के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक यशवीर सिंह द्वारा इफको के उत्पादों, गन्ना खेती में उनके महत्व एवं उनके प्रयोग की विधियों पर प्रकाश डाला गया। रानीनांगल चीनी मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) टी. एस. यादव ने लाइट ट्रैप, फेरोमोन ट्रैप तथा चीनी मिल द्वारा किसानों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कृषकों से अपील की कि लाल सड़न रोग से बचाव हेतु फसल चक्र अपनाएँ, स्वस्थ बीज का चयन करें तथा बीज शोधन के उपरांत अधिक उत्पादन देने वाली उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे-को-0118, 15023, 98014, को-लख-14201, 16202, 94184 आदि की ही बुवाई करें। इस अवसर पर यह भी अवगत कराया गया कि चीनी मिल द्वारा 20.03. 2026 तक का गन्ना मूल्य भुगतान दिया जा रहा है,

जिससे कृषकों में हर्ष का वातावरण व्याप्त हो गया। उप महाप्रबंधक (गन्ना) सुनील कुमार मलिक ने विभिन्न गन्ना किस्मों, उनके चयन, पहचान तथा पेड़ी प्रबंधन के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की। गन्ना पर्यवेक्षक नीरज कुमार द्वारा गन्ना खेती में की जाने वाली विभिन्न कृषण क्रियाओं, फसल अवशेष प्रबंधन, समिति गोदाम पर उपलब्ध कृषि निवेश एवं उनके उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, ठाकुरद्वारा हशमुल हसन, जोनल मैनेजर गन्ना प्रबंधक प्रवीण शर्मा, ब्लॉक इंचार्ज उमाशंकर गुप्ता एवं अन्य गन्ना पर्यवेक्षक सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के कृषकगण उपस्थित रहे।

# टीबी मुक्त गांव अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित

**ठाकुरद्वारा।** विश्व टीबी दिवस के अवसर पर ठाकुरद्वारा क्षेत्र में टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों एवं ग्राम पंचायतों के प्रधानो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के तहत व्लाक ठाकुरद्वारा के गांव पतला खाई खेड़ा बालापुर कुंडेश्वर प्रतापपुर कल्याणपुर मदारपुर ग्राम पंचायतों में टीबी मुक्त गांव अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



इस दौरान एक ग्राम पंचायत को सिल्वर तथा नौ पंचायतों को ब्रॉन्ज श्रेणी में चयनित कर उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टीबी रोग की रोकथाम, पहचान और उपचार के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम में तहसील क्षेत्र के अधीक्षक/अधीक्षिका डॉ. शिल्पी चौधरी एवं अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों ने टीबी उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 में टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनके तहत मरीजों की समय पर जांच, उपचार और पोषण सहायता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि जिन गांवों में टीबी के नए मामलों की पहचान कर समय पर इलाज सुनिश्चित किया गया और जागरूकता अभियान चलाए गए, उन्हें इस सम्मान के लिए चुना गया है।

कार्यक्रम के अंत में सभी स्वास्थ्य कर्मियों एवं ग्राम प्रतिनिधियों से टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग देने की अपील की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, ग्राम प्रधान, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार महिला घायल

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को एक तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव मैसूवाला निवासी प्रवेश देवी अपने पति रविंद्र सिंह के साथ किसी कार्य से ठाकुरद्वारा आई थीं। कार्य निपटाने के बाद दोनों बाइक से अपने गांव वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे रामनगर खागूवाला के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और उस पर बैठी प्रवेश देवी सड़क पर जा गिरीं, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बताया जा रहा है कि कार चालक ने मौके से भागने के बजाय घायल महिला को तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार महिला को काफी चोटें आई हैं, हालांकि हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने सगे पुत्र स्वालेहीन को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपने सभी प्रकार के सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में स्वालेहीन के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।

**सरदार हुसैन पुत्र अब्दुल कय्यूम निवासी काजी टोला नियर रहीम मुल्ला वाली मस्जिद तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैं नरगिस खातुन पत्नि अकबर हुसैन निवासी मोहाल्ला सदात कस्बा वा थाना कुन्दरकी जिला मुरादाबाद सार्वजनिक रूप से घोषित करती हूँ कि मैं अपने पुत्र मुरसल रजा को गलत संगत में पड़ने के कारण पूर्ण रूप से संबंध विच्छेद करती हूँ व चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। उसका मुझसे एवं मेरे परिवार से कोई भी व्यक्तिगत, सामाजिक, आर्थिक संबंध नहीं रहेगा। भविष्य में उसके किसी भी कार्य के लिए मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। वह अपने कार्या का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0 डि0) महोदय, मुरादाबाद।**

उत्तराधिकार वाद संख्या: 54/2026

**तारीख पेशी:** 21.04.2026

**श्रीमती सुरेश कुमारी शर्मा बनाम अतुल चन्द्र शर्मा आदि।**

**बनाम**

**जनता आम**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा **श्रीमती सुरेश कुमारी शर्मा** हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा **श्रीमती सुरेश कुमारी शर्मा** मुसवफा अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. हरगाह मुसम्मा **श्रीमती सुरेश कुमारी शर्मा** ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 21 मास 04 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**अहलमद**

**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबाद।**

## आईटीआई चन्दौसी में बनेंगे कर्मचारियों के आवास

**चन्दौसी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) चन्दौसी अब और आकर्षक रूप में नजर आएगा। वर्ष 1969 में स्थापित इस संस्थान से अब तक लाखों युवाओं ने व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त की है। वर्तमान में यहां दर्जनभर से अधिक ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, लेकिन लंबे समय से अनुदेशकों के लिए आवास की सुविधा नहीं थी। प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह पाल के प्रयासों से संस्थान में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। कौशल विकास के तहत रोजगारपरक ट्रेडों के माध्यम से युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसका सकारात्मक असर अब साफ दिखाई देने लगा है। इसी क्रम में आईटीआई परिसर में कर्मचारियों के लिए 04 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से आवास बनाए जा रहे हैं।

फर्रुखाबाद से आए ठेकेदार के अनुसार निर्माण कार्य का टेंडर मिल चुका है और बुधवार से कार्य शुरू कर दिया गया है। परिसर में चार ब्लॉकों में करीब 12 आवास बनाए जाएंगे। आवास बनने के बाद अनुदेशकों को काफी सुविधा मिलेगी, जिससे संस्थान की कार्यप्रणाली और अधिक सुदृढ़ होने की उम्मीद है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैं अपने भतीजे माधव खट्टर पुत्र भूषण खट्टर को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर करता हूं। भविष्य में माधव खट्टर के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।

**प्रदीप खट्टर पुत्र नारायण दास खट्टर निवासी कुंचा शीतल दास दर्जी गली मंडी 1, आर्य मंदिर के पास तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र ब्रजेश व उसकी पत्नी श्रीमती चाँदनी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमती वाली देवी पत्नी स्व० महेश व इन्द्रपाल पुत्र स्व० गोविंदा निवासी ग्राम नसीरपुर थाना कांठ, जिला मुरादाबाद।**

# खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों में पदक हासिल करने की मची होड़

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में चल रहे विद्यार्थी वर्ग की वार्षिक खेल प्रतियोगिता "शौर्य-2026" में खिलाड़ियों में पदक हासिल करने की होड़ मची हुई है तथा पदकों की संख्या बढ़ाने के लिए खलाड़ियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी परिणाम की परवाह किए बगैर खेल में अपना सवश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। खेल के दौरान प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन व खेल निदेशक डॉ. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति- एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. राकेश कुमार यादव, विख्यात क्रिकेटर और कोच श्री बदरुद्दीन, डिस्ट्रिक्ट बास्केटबाल एसोसिएशन, मुरादाबाद के श्री फिरोज खान समेत सभी स्कूलों के निदेशकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। खेल निदेशक डॉ. त्रिवेदी ने आज हुए खेल में कहा कि इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता



"शौर्य-2026" में क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, चेस, कैरम, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, लांग जंप, हाई जंप, रेस एवं कबड्डी, खो खो आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जो कि 30 मार्च तक चलेंगी। उन्होंने कहा कि अब तक आयोजित हुई रोमांचकारी प्रतियोगिताओं में स्कूल ऑफ एजुक. ेशन एंड ह्यूमैनिटीज एवं स्कूल ऑफ लॉ की संयुक्त टीम 3 स्वर्ण पदक हासिल करके अभी प्रथम स्थान पर है। वहीं 2 स्वर्ण पदक जीत कर स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की टीम दूसरे स्थान पर है। शेष स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशंस, यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक, स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग की संयुक्त टीम, फार्मेसी की संयुक्त टीम, स्कूल इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी तथा स्कूल ऑफ साइंसेज की टीमें पदकों की संख्या बढ़ाने में जुटी रहीं। गुरुवार को भी पदकों की संख्या बढ़ाने के लिए कड़ी टक्कर होगी। सेमीफाइनल खेल के के सफल आयोजन में डॉ. देश दीपक, डॉ. शशांक कुमार, श्री जे.पी. सिंह, श्री कपिल गिल, श्री अभिषेक श्रीवास्तव समेत आयोजन समिति के सभी सदस्यों की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त निदेशक, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कुपोषण के खिलाफ जागरूकता, बनियाखेड़ा में कार्यशाला आयोजित

**चन्दौसी।** बुधवार को विकासखंड बनियाखेड़ा के सभागार में ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह की अध्यक्षता में बच्चों में कुपोषण के प्रति जागरूकता हेतु कार्यशाला व गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा वर्करों व अभिभावकों के साथ समन्वय बैठक कर कुपोषण की रोकथाम के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. सुगंधा सिंह ने बताया कि गर्भावस्था से ही महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। नवजात शिशु को प्रारंभ से स्तनपान कराना और जच्चा-बच्चा को पौष्टिक आहार देना अत्यंत आवश्यक है, जिससे बच्चों का समुचित शारीरिक विकास हो सके। कार्यक्रम में रामपाल सिंह, मनोज कठेरिया, डॉ. अतुल्य गुप्ता, सुधीर मल्होत्रा, राजेंद्र मौर्य, अश्वनी सक्सेना, एवं प्रशासन की ओर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी डीपीओ, सीडीपीओ बनियाखेड़ा, एडीओ पंचायत नीरज सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सरदार नगर**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।**

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 25.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सरदार नगर विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 09.04.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 09.04. 2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की लं० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लक्ष्मण के मकान से जूनियर हाईस्कूल तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 150 मी0 | 873315/- | 1000 | 2% | 4 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सरदार नगर**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा पे एंड यूज एम पी एस A-1, A & B केटेगरी के रेलवे स्टेशनों पर कैटरिंग स्टाल (स्पे0 माइनर यूनिट्स) एवं आटोमेटिक वेंडिंग मशीन, के कार्य को IREPS के माध्यम से मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ठेके पर देने हेतु ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in पर क्रमशः दिनांक 14.04.2026 एवं 15.04. 2026 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 1017/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 339-DRM-MB-25-26 24.03.2026 | 340-DRM-MB-25-26 24.03.2026 | 341-DRM-MB-25-26 24.03.2026 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Upgradation of Dehradun station. | Upgradation of Haridwar station. | Upgradation of Aithal, Pathri, Ikkar, Jwalapur, Motichur, Rishikesh, Laksar stations of Moradabad division under Sr. DEN/I/MB. |
| निविदा का प्रकार | Works | Works | Works |
| निविदा की कीमत | Nil | Nil | Nil |
| अनुमानित लागत | 8,09,13,230.73 | 5,76,08,337.15 | 12,06,95,144.66 |
| धरोहर राशि | 16,18,300.00 | 11,52,200.00 | 24,14,000.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 21.04.2026 16:00 | 21.04.2026 16:00 | 21.04.2026 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 07.04.2026 | 07.04.2026 | 07.04.2026 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 90 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months | 06 Months | 08 Months |

**नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 25.03.2026** **1011/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आईपीएल शुरू होने से पहले 16 हजार 660 करोड़ रुपये में बिकी RCB

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय और विदेशी व्यापारिक संस्थाओं के एक कंसोर्टियम ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) फ्रेंचाइजी का पूरा मालिकाना हक लगभग 16 हजार 660 करोड़ की राशि में हासिल कर लिया है। यह पूरी तरह से नकद समझौता यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड (यूएसएल) द्वारा घोषित किया गया, जिसके पास डब्ल्यूपीएल और आरपीएल में आरसीबी का मौजूदा मालिकाना हक है।

यूएसएल द्वारा जारी मीडिया रिलीज के अनुसार, उनके बोर्ड ने आदित्य बिड़ला ग्रुप, द टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन की स्थाई निजी इक्विटी रणनीति, बीएक्सपीई वाले कंसोर्टियम को फेंचाइजी की ब्रिकी को मंजूरी दे दी है। इस डील के बाद यूएसएल ने कहा कि आईपीएल और डब्ल्यूपीएल दोनों आरसीबी टीम, जिसका संचालन उनकी सहायक रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड कर रही थी, वो अब इस समूह के स्वामित्व




और संचालन में होंगी। यह कितनी बड़ी रकम है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यह लखनऊ और अहमदाबाद की फ्रेंचाइजियों की कुल कीमत (12 हजार 715 करोड़ रुपये) से भी अधिक है, जिन्हें 2021 में बीसीसीआई ने बेचा था। संयोग से फरवरी 2026 में यह समूह बना भी नहीं था, जब कम से कम आठ निवेशकों को आरसीबी के लिए चिन्हित किया गया था। पिछले नवम्बर में शराब व पेय पदार्थों की दुनिया की दिग्गज कंपनी डियाजियो, जिसकी भारत में यूएसएल में हिस्सेदारी है, ने सेबी को बताया था कि वह आरसीबी में अपने निवेश की रणनीतिक समीक्षा कर रहा है। डियाजियो ने कहा था कि क्रिकेट कंपनी के लिए व्यापार का मुख्य हिस्सा नहीं है और 31 मार्च तक उसका लक्ष्य इस सौदे को पूरा करना है। अब अगले कदम के रूप में नए समूह को बीसीसीआई और कॉम्पिटिशन कमिशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) से इस डील के लिए अनुमति लेनी होगी। 2008 में जब आईपीएल शुरू हुआ था तब आठ टीमों में बेंगलुरु की टीम दूसरी सबसे महंगी टीम थी और उसे विजय माल्या के मालिकाना हक वाले यूनाइटेड ब्रिउरीज लिमिटेड ने 111-6 मिलियन डॉलर में खरीदा था। 2023 में डब्ल्यूपीएल के मालिकों ने आरसीबी के लिए 901 करोड़ रुपये की बोली लगाई जो कि पांच टीमों में तीसरी सबसे महंगी टीम बन गई। अपनी मीडिया रिलीज में मालिकाना हक हासिल करने वाले समूह ने बताया कि आर्यमान बिड़ला, जो कि मध्य प्रदेश के लिए बतौर बल्लेबाज खेल चुके हैं और आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा भी थे, वह इस नए मालिकाना समूह के अध्यक्ष, जबकि टाइम्स ऑफ इंडिया के सत्यम गजवानी उपाध्यक्ष होंगे। कंसोर्टियम ने जारी एक बयान में कहा कि वे आरसीबी का 'कस्टोडियन' बनने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरसीबी की विनिग कल्चर, बेंगलुरु से इसका गहरा जुड़ाव और दुनिया के खेलों में सबसे जुनूनी फैनबेस में से एक इसे एक असाधारण अवसर बनाते हैं। हम आरसीबी को मैदान पर और उसके बाहर नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह कंसोर्टियम खुद अलग-अलग क्षेत्रों में स्थापित निवेशकों का एक गठबंधन है। आदित्य बिड़ला ग्रुप सीमेंट, फैशन और रिटेल का एक प्रसिद्ध व्यापारिक समूह है।

# मार्कस व कूपर पंजाब किंग्स टीम में शामिल हुए

**चंडीगढ़, वार्ता।** पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलियाई स्टार मार्कस स्टोइनिस और कूपर कोनोली मोहाली में ऑफिशियली टीम में शामिल हो गए हैं। यह जोड़ी आने वाले टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन की तैयारियों के आखिरी स्टेज में पहुंचने पर टीम के बाकी खिलाड़ियों से जुड़ने के लिए बुधवार को पहले ही पहुंच गई थी।

न्यू चंडीगढ़ के न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खिलाड़ियों का स्वागत किया गया, जिसमें वे बहुत जोश में दिखे। उनके आने से पंजाब किंग्स लाइनअप में जबरदस्त जोश आ गया है, जिससे कैंप में इंटरनेशनल अनुभव और रोमांचक युवा एनर्जी का एक मजबूत मिक्स आया है। किंग्स, जो पिछले सीजन में रनर-अप रहे थे, पिछले कुछ




हफ्तों से कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। टीम अब गुजरात जायंट्स के खिलाफ अपने बहुप्रतीक्षित सीजन ओपनर के लिए तैयारी कर रही है।

यह मैच 31 मार्च को उनके घरेलू दर्शकों के सामने खेला जाएगा। पंजाब किंग्स की पूरी टीम: श्रेयस अय्यर (कप्तान), शशांक सिंह, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, अजमतुल्लाह उमरजई, हरनूर सिंह पन्नू, हरप्रीत बराड़, लॉकी फर्ग्यूसन, मार्को यानसन, मार्कस स्टोइनिस, मिच ओवेन, मुशीर खान, नेहाल वढेरा, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, विष्णु विनोद, व्यशाक विजयकुमार, जेवियर बार्टलेट, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन द्वारशुइस, प्रवीण दुबे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अमेलिया वाल्वरडे का अनुबंध नहीं बढ़ाया जाएगा: एफआईएफएफ

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ने बुधवार को घोषणा की कि भारतीय महिला फुटबॉल टीम की हेड कोच के तौर पर अमेलिया वाल्वरडे का कॉन्ट्रैक्ट आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। 39 साल की कोस्टारिका की मैनेजर अमेलिया वाल्वरडे को जनवरी में नेशनल टीम की कमान सौंपी गई थी। उनका पहला बड़ा असाइनमेंट 2026 एएफसी महिला एशियन कप इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में हुआ था। दो दशकों से अधिक समय बाद इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हुए, भारत का प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया में निराशाजनक रहा और ग्रुप स्टेज में बिना कोई मैच जीते ही टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारतीय टीम को अपने पहले ग्रुप मैच में वियतनाम के हाथों 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्हें टूर्नामेंट की चैंपियन बनी जापान के हाथों 11-0 से करारी हार मिली, और फिर चीनी ताइपे के हाथों 3-1 से हार के साथ उनका अभियान खत्म हो गया। लगातार खराब नतीजों के बाद एआईएफएफ ने वाल्वरडे के साथ अपना अनुबंध समाप्त करने का फैसला किया है।

### बेलिडा बेनसिक को हराकर कोको गॉफ मियामी ओपन के सेमीफाइनल में

**मियामी।** अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने स्विट्जरलैंड की बेलिडा बेनसिक को हराकर मियामी ओपन 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। हार्ड रॉक स्टेडियम में कोर्ट गॉफ ने मंगलवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे सेट में हारने और तीसरे सेट की शुरुआत में पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की दो बार की ओलंपिक पदक के खिलाफ 6-3, 1-6, 6-3 से जीत हासिल की। हार के मुंह से जीत छीनते हुए गॉफ ने ने कहा, 'यह एक मुश्किल मैच' था। बेलिडा एक मजबूत खिलाड़ी हैं। जब भी हम खेलते हैं, तो मैच लंबा चलता है। आज मुझे बहुत दौड़ना पड़ा, कुछ बार मैं गिरी भी।

# केकेआर ने आंद्रे रसल के सम्मान में जर्सी नम्बर 12 को किया रिटायर

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने अपने पूर्व ऑलराउंडर आंद्रे रसल के सम्मान में जर्सी नम्बर 12 को रिटायर करने का फैसला किया है। रसल ने 2017 को छोड़कर 2014 से 2025 तक केकेआर का प्रतिनिधित्व किया। कुल मिलाकर रसल ने अपने 140 में 133 आईपीएल मुकाबले केकेआर के लिए खेला है।

पिछले साल नवम्बर में रसल ने आईपीएल से संन्यास ले लिया था और रसल केकेआर के पावर कोच बन गए थे। रसल ने कोचिग की भूमिका अपनाने पर कहा कि मुझे नहीं लगता इससे मेरे माइंडसेट में बदलाव आया है। मैंने जिनके साथ या जिनके खिलाफ खेला है, मुझे सभी खिलाड़ियों को अब वापस देना है। मुझे ऐसा करने में खुशी महसूस हो रही है। 2014 और 2024 में रसल केकेआर के दोनों खिताबी सीजन का हिस्सा रहे थे। हालांकि उन्होंने 2014 में मात्र दो मुकाबले खेले थे लेकिन 2024 में 15 मुकाबलों के दौरान उन्होंने ऑलराउंड प्रदर्शन कर केकेआर की जीत में अहम भूमिका अदा की थी। उस सीजन रसल ने नौ पारियों में 185 के स्ट्राइक रेट से 222 रन बनाए थे और 15-52 के गेंदबाजी औसत से 19 विकेट हासिल किए थे।




आईपीएल के इतर रसल ने 2014-15 में केकेआर के लिए चैंपियंस लीग में भी खेला था और उस सीजन केकेआर फाइनल तक पहुंची थी। रसल नाइट राइडर्स फ्रेंचाइजी की अन्य टीमों, आईएल टी20 में अबु धाबी नाइट राइडर्स और सीपीएल में त्रिनबागो नाइट राइडर्स का भी प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने दोनों टीमों के लिए चार-चार सीजन खेले हैं।

# रिंकू सिंह बने केकेआर के उपकप्तान

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रिंकू सिंह को उपकप्तान बनाया है। मंगलवार को प्री सीजन एक इवेंट के दौरान केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने इसकी घोषणा की। रिंकू इस भूमिका में वेंकटेश अय्यर की जगह लेंगे जिन्हें नीलामी से पहले केकेआर ने रिलीज कर दिया था।

रिंकू ने कभी टी20 में कप्तानी नहीं की है लेकिन वह 2018 के डेब्यू सीजन के बाद से ही केकेआर के साथ हैं। वह मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने के साथ ही फिनिशर की भूमिका अदा करते रहे हैं। आंद्रे रसल की अनुपस्थिति में रिंकू के कंधों पर अतिरिक्त जम्मिेदारी होगी जो आईपीएल से संन्यास लेने के बाद फ्रेंचाइजी के साथ बतौर




पावर कोच जुड़ चुके हैं। इवेंट के दौरान केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक सही फैसला है क्योंकि केकेआर में आने और सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा बनने की मेरी पहली याद रिंकू के साथ काम करने की है। इन वर्षों में हमने रिंकू को न सिर्फ एक क्रिकेटर बल्कि एक लीडर के रूप में भी उभरते हुए देखा है। पिछले कुछ वर्षों से जहां उनके प्रदर्शन ने खुद कहानी बयां की है, मैदान के बाहर भी बिना कुछ कहे, वह एक ऐसे इंसान हैं जिनकी बातों को सुनने के लिए टीम बेसब्री से इंतजार करती है। चूंकि हमारे बड़े पावर हिटर (रसल) टीम में नहीं हैं इसलिए हम चाहते थे कि रिंकू थोड़ी और जम्मिेदारी उठाएं।

मुझे लगता है कि विश्व कप विजेता बनने के बाद और टीम संभालने में अजिक्य रहाणे की मदद करने का यह एकदम सही समय है। रिंकू ने केकेआर के लिए 59 मुकाबले खेले हैं और 145-17 के स्ट्राइक रेट से 1099 रन बनाए हैं, वह हाल ही में टी20 विश्व कप जीतने वाले भारतीय दल का हिस्सा थे।

# भारतीय महिला रिकर्व व पुरुष कंपाउंड टीमों ने कांस्य पदक जीते

**बैंकॉक, वार्ता।** भारत की रिकर्व महिला टीम और कंपाउंड पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को एशिया कप 2026 तीरंदाजी स्टेज एक टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीते। आज यहां एसएटी फुटबॉल स्टेडियम में खेलते हुए, भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम (रूमा बिस्वास, कीर्ति और रिधि) ने कांस्य पदक के मैच में मलेशिया को 5-1 से हराया।

इस तिकड़ी ने इससे पहले क्वालिफाइंग राउंड में कुल 1915 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था। रूमा बिस्वास ने 650 अंकों के साथ टीम की अगुवाई की, जबकि कीर्ति और रिधि ने क्रमशः 638 और 627 अंकों का योगदान दिया। महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में, भारत ने क्वार्टर-फाइनल में चीनी ताइपे को 6.2 से हराया, लेकिन सेमीफाइनल में चीन से 5.1 से हार गया। वहीं कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में, रजत चौहान, उदय कंबोज और दुनिया के चौथे नम्बर के खिलाड़ी ऋषभ यादव ने भी कांस्य पदक जीता। उन्होंने एक कड़े मुकाबले में भूटान को 234-232 से हराया। भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने क्वार्टर-फाइनल में चीनी ताइपे को 238-228 से हराया था, लेकिन सेमीफाइनल में वियतनाम के हाथों 234-233 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। भारत ने इससे पहले कंपाउंड पुरुष क्वालिफाइंग राउंड में भी अपना दबदबा बनाया था और 2126 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया था। रजत चौहान ने 712 अंकों के साथ सबसे आगे रहे।

# दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 33 रनों से हराया और सीरीज भी जीती

**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** कॉनर एस्टरहाउजन (75) और रूबिन हरमन (39) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को पांचवें टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 33 रनों से शिकस्त दी। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली। कॉनर एस्टरहाउसजन को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।

188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में के- क्लार्क (दो) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल सके और विकेट गंवाते रहे। न्यूजीलैंड



की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 154 रन ही बना सकी और मुकाबला 33 रनों से हार गई। टिम रॉबिनसन 20 गेंदों में (25), डेन क्लीवर 17 गेंदों में (22), बी जैक्बस 19 गेंदों में (36), कप्तान जिमी नीशम (24), निक केली (14) और जॉश क्लार्कसन (13) रन बनाकर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका के लिस गेराल्ड कोएत्जी, वियान मुल्डर और ऑटनील बार्टमैन ने दो-दो विकेट लिए। केशव महाराज ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में टोनी डीजॉर्जी (12) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए रूबिन हरमन ने वियान मुल्डर के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़े। 11वें ओवर में जॉश क्लार्कसन ने वियान मुल्डर (31) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कॉनर एस्टरहाउजन ने रूबिन हरमन के साथ तेजी के साथ रन बटोरे। इसी दौरान बेन सीयर्स ने रूबिन हरमन को आउट कर न्यूजीलैंड को तीसरी सफलता दिलाई। रूबिन हरमन ने 31 गेंदों में चार चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 39 रन बनाए। कॉनर एस्टरहाउसजन ने 33 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए 75 रनों की पारी खेली। उन्होंने पारी के आखिरी ओवर में बेन सीयर्स ने आउट किया। दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 187 रनों का स्कोर बनाया। न्यूजीलैंड के लिए बेन सीयर्स ने दो विकेट लिए। जैकरी फॉक्स और जॉश क्लार्कसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए बीसीसीआई के सीओई को रिपोर्ट करेंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए बीसीसीआई के बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) को रिपोर्ट करेंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि बुमराह मुख्य रूप से स्ट्रेंथ और कंडीशनिग पर काम करने के लिए सीओई में हैं। ऐसा समझा जाता है कि सीओई में बुमराह के काम करने का प्लान बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने जुलाई में इंग्लैंड के भारत के व्हाइट-बॉल टूर पर फोकस करते हुए बनाया है, जहां वे पांच टी20 और तीन वनडे खेलेंगे। समझा जाता है कि बुमराह सीओई में बॉलिग जारी रखेंगे और जल्द ही मुंबई इंडियंस के साथ जुड़ेंगे ताकि वे आईपीएल 2026 का अपना पहला मैच खेलने के लिए तैयार हो सकें, जो 29 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एक होम गेम है।

# जैनिक मियामी के क्वार्टर फाइनल में

**मियामी, वार्ता।** विश्व के नम्बर दो खिलाघी जैनिक सिनर ने मंगलवार को देर से वापसी करते हुए एटीपी मास्टर्स 1000 सेट जीतने की अपनी रिकॉर्ड-तोड़ स्ट्रीक बनाए रखी और साथ ही मियामी ओपन में क्वार्टर-फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

सिनर ने हार्ड रॉक स्टेडियम में घरेलू उम्मीद एलेक्स मिशेलसन को 7-5, 7-6(4) से हराया और प्रतिष्ठित 'सनशाइन डबल' को पूरा करने के अपने मिशन को ट्रैक पर रखा। इंडियन वेल्स चैंपियन सिनर ने दूसरे सेट में 2-5 से वापसी करते हुए एक घंटे, 42 मिनट में जीत हासिल की और मास्टर्स 1000 इवेंट्स में लगातार जीते गए सेटों की संख्या को रिकॉर्ड 28 तक पहुंचाया। जीत के बाद सिनर ने कहा कि मुझे लगा कि आज सर्व ने मेरी काफी मदद की, खासकर जरूरी मौकों पर और टाई-ब्रेक में, इसलिए मैं इससे खुश हूं।साथ ही, मुझे पता है कि अगर मुझे इस टूर्नामेंट में आगे जाना है, तो मुझे कोर्ट के पीछे से सुधार करना होगा। कल छुट्टी का दिन है, जिससे मुझे मदद मिलेगी और मैं प्रैक्टिस सेशन में अच्छी रिदम ढूंढने की कोशिश करूंगा। फिर देखते हैं कि चीजें कैसी रहती हैं। कल रात के हालात बिल्कुल अलग हैं, इसलिए मैं खुश हूं कि मैंने कैसे मुकाबला किया। यह बहुत करीबी था। एलेक्स के खिलाफ बहुत करीबी मैच था। वह एक मुश्किल अपोनेंट है, इसलिए मैं बहुत खुश हूं। सिनर ने मिशेलसन के खिलाफ जीत के रास्ते में अपनी पहली सर्व के पीछे 90 परसेंट (38/42) पॉइंट्स जीते। इटैलियन खिलाड़ी गुरुवार को क्वार्टर-फाइनल में 19वीं सीड फांसेस टियाफो से मुकाबला करते समय भी ऐसे ही नंबर्स लाने की उम्मीद करेगा, साथ ही वह अपने गेम के दूसरे एरिया में भी सुधार करने की कोशिश करेगा। टियाफो ने टेरेंस एटमाने को हराकर 2019 के बाद पहली बार मियामी में क्वार्टर-फाइनल में पहुंचे। सोमवार को डिफेंडिग चैंपियन जैकब मेन्सिक को हराने के लिए दो मैच पॉइंट बचाने के बाद, फ्रांसेस टियाफो मंगलवार रात एटमाने के खिलाफ फाइनल सेट में 0/40 से 4-4 से पीछे थे। लेकिन एक बार फिर उस पल में 'मौजूद' रहकर, अमेरिकी खिलाड़ी उस मुश्किल से निकलकर 6-4, 1-6 से आगे हो गए। निर्णायक सेट में 6-4 से जीत के साथ, वह अपने पांचवें एटीपी मास्टर्स 1000 क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गए और 2024 में सिनसिनाटी के बाद पहले क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गए। नेक्स्ट जेन एटीपी स्टार मार्टिन लैंडाल्यूस ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने के लिए घरेलू पसंदीदा सेबेस्टियन कोर्डा पर 2-6, 7-6(6), 6-4 की नाटकीय जीत में एक मैच पॉइंट बचाया। जीत हासिल करने के बाद जब लैंडाल्यूस से पूछा गया कि उनके दिमाग में क्या था।

# लैक्रोस टीमें लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक के क्वालिफाई करने का लक्ष्य रखें: मांडविया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने बुधवार को रियाद में हुए एशियन लैक्रोस गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष और महिला लैक्रोस टीमों को सम्मानित किया। उन्होंने टीमों से कड़ी मेहनत जारी रखने और लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करके इतिहास रचने का लक्ष्य रखने का आग्रह किया।

आज यहां खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए लैक्रोस जैसे उभरते खेलों में दृढ़ संकल्प, अनुभव और लगातार प्रयास के महत्व पर बल देते हुए कहा, ष्लैक्रोस भारत के लिए एक बड़ा उभरता हुआ खेल है। यह आपका पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय अनुभव था और आप पहले ही देश के लिए मेडल जीत लाए हैं। अब आपका ध्यान और कड़ी मेहनत करने, अधिक



अनुभव हासिल करने और लॉस एंजिल्स 2028 के लिए क्वालिफाई करने का लक्ष्य रखकर देश को गौरवान्वित करने पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार 'खेलो इंडिया' जैसी पहलों के माध्यम खिलाड़ियों को लगातार सहयोग देती रहेगी, लेकिन उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि जुनून और लगन ही सफलता की असली कुंजी हैं। उल्लेखनई है कि इस साल फरवरी में सऊदी अरब के रियाद में हुए एशियन लैक्रोस गेम्स में भारत ने जबरदस्त प्रदर्शन किया।

# आईएसएसएफ वर्ल्ड कप सीरीज का मोरक्को में होगा आगाज, भारत तैयार

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल शूटिग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएंसएसएफ) वर्ल्ड कप सीरीज का आगाज हो चुका है और 12 सदस्ईय भारतीय टीम साल के पहले आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शॉटगन में हिस्सा लेने के लिए तैयार है,

जो 25 मार्च से 3 अप्रैल 2026 तक मोरक्को के टैंजियर में आयोजित होगा। इस प्रतियोगिता में 43 देशों के 270 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जहां पांच ओलंपिक शॉटगन स्पर्धाओं में पांच स्वर्ण पदकों के लिए मुकाबला होगा। इसमें मौजूदा विश्व और ओलंपिक चैंपियन भी शामिल हैं, जो एक लंबे और महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सीजन से पहले अपनी तैयारियों को परखने के लिए उत्सुक हैं। पुरुष और महिला स्कीट निशानेबाज सबसे पहले मैदान में उतरेंगे, जहां क्वालिफिकेशन राउंड के पहले 75 शॉट्स शुक्रवार (27 मार्च 2026) को खेले जाएंगे। इसके बाद अगले 50 शॉट्स और फाइनल अगले दिन आयोजित होंगे। प्रतियोगिता का अंतिम फाइनल ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट होगा, जो 2 अप्रैल 2026 को खेला जाएगा। भारतीय शॉटगन टीम ने पिछली बार पूरी टीम के रूप में पिछले साल एथेंस वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था, जहां सीनियर खिलाड़ी जोरावर सिंह संधू ने पुरुष ट्रैप में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता था। टीम सोमवार को ही मोरक्को पहुंच गई थी, जो म्रि के काहिरा होते हुए टैंजियर पहुंची। खिलाड़ियों ने आधिकारिक स्थल टैंजियर शूटिग क्लब रेंज में अनौपचारिक अभ्यास सत्र भी कर लिया है। स्कीट निशानेबाजों के लिए आधिकारिक प्री-इवेंट ट्रेनिग गुरुवार (26 मार्च) को निर्धारित है। स्कीट प्रतियोगिताओं से पहले राष्ट्रीय कोच विक्रम चोपड़ा ने कहा, ष्हम जल्दी इसलिए आए ताकि यहां के माहौल के अनुसार खुद को ढाल सकें और क्योंकि टीम लंबे समय बाद इस स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर रही है। ट्रेनिग कड़ी और सकारात्मक रही है, लेकिन एक महत्वपूर्ण साल की शुरुआत में अपनी तैयारी को परखने के लिए विश्वस्तरीय प्रतियोगिता से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। हमें उम्मीद है कि हम मोरक्को में साल की सकारात्मक शुरुआत करेंगे। टैंजियर में पुरुष स्कीट में भारत की उम्मीदों का जिम्मा अनुभवी खिलाड़ी मन सिंह और परम्पाल सिंह गुरोन के कंधों पर होगा, जबकि ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया टीम को पूरा करेंगे। मन सिंह, जो पूर्व एशियाई चैंपियन हैं, तीन साल बाद टीम में वापसी कर रहे हैं, जबकि परम्पाल ने आखिरी बार 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

# फार्मेसी स्टुडेंट्स की वैश्विक उड़ान को मिलेंगे नए पंख

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय फार्मेसी शिक्षा के जनक महादेव लाल श्रॉफ की 124वीं जयंती पर फॉर्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया- पीसीआई की ओर से तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के ऑडी में फार्मेसी स्टुडेंट्स की वैश्विक उड़ान को बड़े-बड़े ऐलान किए गए। फार्मेसी कॉलेज में राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस पर प्रतिष्ठित शैक्षणिक पहल फार्मा अन्वेषण 2026 में फार्मेसी काउंसिल ने ऐलान किया, पीसीआई पूरे देश में नए सिलेबस के संग-संग पांच नए पीजी कोर्स- फार्माकोविजिलेंश, क्लिनिकल प्रैक्टिस, मेडिकल डिवाइस, बायोइंफॉर्मेटिक्स प्रारम्भ करेगा। वक्ताओं ने कहा, वैश्विक जरूरतों के मुताबिक इंडस्ट्री और अकेडमी का समन्वय बेहद जरूरी है। प्रस्तावित नए कोर्स से फार्मेसी के स्टुडेंट्स इंडस्ट्री बेस्ड स्किल्स में एक्सपर्ट होंगे। नए पाठ्क्रम का 70 प्रतिशत पीसीआई, जबकि 30 प्रतिशत हिस्सा संस्थान तय करेंगे। साथ ही यह भी ऐलान किया, यूजी के बाद 660 घंटे का रेगुलेट्री अफेयर्स एंड इंटेलेक्चुअल प्रोपर्टी राइट् स्किल डवलपमेंट प्रोग्राम भी लांच किया जाएगा ताकि फार्मेसी में जॉब की राह आसान हो सके। इसके अलावा 840 घंटे का बायो इन्फोर्मेटिक एंड एनालिसिस स्किल डवलपमेंट प्रोग्राम भी लांच होगा। पीसीआई ने केन्द्र सरकार से अनुरोध किया है, फार्मासिस्टों को प्रीस्क्रिप्शन लिखने का अधिकार मिलना चाहिए। उल्लेखनीय है, विदेशों में फार्मासिस्टों को दवा लिखने का अधिकार है। स्वास्थ्य मंत्रालय के हील बाय इंडिया प्रोग्राम में फार्मेसी स्टुडेंट्स की भागीदारी को शामिल करा दिया गया है। फार्मेसी एजुकेशन प्रोग्राम फंडिंग के तहत 300 करोड़ की राशि जी-पैट- ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूट टेस्ट फेलोशिल का प्रावधान किया गया है। रिसर्च एंड डवलपमेंट स्कीम पर भी जोर दिया जा रहा है। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन ने किया महादेव लाल श्रॉफ का भावपूर्ण स्मरण टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन बोले, मानव जीवन में फार्मास्टि की अहम भूमिका होती है। यह कोरोना काल में सिद्ध हो गया है। साथ ही उन्होंने भारतीय फार्मेसी शिक्षा के जनक महादेव लाल श्रॉफ का भावपूर्ण स्मरण किया। टीएमयू के फार्मेसी कॉलेज की फैकल्टी पर



हमें गर्व है, क्योंकि स्कोप्स इंडेक्स में 2025 में 300 इंटरनेशनल और नेशनल रिसर्च पेपर प्रकाशित किए हैं। स्टुडेंट्स की हौसलाफलाई करते हुए मशहूर कवि सोहनलाल द्विवेदी की कविता- कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती... सुनाई। मानव जीवन में फार्मासिस्टों की भूमिका अविस्मरणीय: प्रो. मंजुला जैन डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने फार्मेसी को व्यक्ति केंद्रित प्रोफेशन बताते हुए कहा, मानव जीवन में फार्मासिस्टों की भूमिका अविस्मरणीय है। इंडस्ट्री और एकेडमी कोलाबोरेशन का मूल उद्देश्य गुड हैल्थ प्रदान करना है। अंत में उन्होंने फार्मेसी स्टुडेंट्स से दवाओं को लेकर भी सवाल किए। फार्मेसी के प्राचार्य प्रो. आशु मित्तल ने कॉन्फ्रेंस की थीम प्रस्तुत की। अंत में सभी का धन्यवाद दिया। कॉन्फ्रेंस में प्रो. एमपी सिंह, प्रो. नीशीथ मिश्रा, श्री अमित कंसल, डॉ. ज्योति पुरी, श्री रविन्द्र देव के संग-संग फार्मेसी कॉलेज की ओर से वाइस प्रिंसिपल प्रो. मयूर पोरवाल, को-कन्वीनर्स- डॉ. पुष्पेन्द्र शुक्ला, प्रो. केके शर्मा, डॉ. अनुराधा पवार, डॉ. शिप्रा कार्तिक आदि की भी मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है, कॉन्फ्रेंस में वेस्ट यूपी के दो दर्जन से अधिक फार्मेसी कॉलेज के फैकल्टीज और स्टुडेंट्स ने भी प्रतिभाग किया।

### आरएंडडी और स्किल डवलपमेंट सेंटर्स खोलने को देश

**मुरादाबाद।** भर में खर्च होंगे 105 करोड़, टीएमयू से भी मांगा प्रस्ताव फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया- पीसीआई देश भर के फार्मेसी कॉलेजों की सूरत और सीरत बदलने के लिए संकल्पित है। टीएमयू की नेशनल कॉन्फ्रेंस फार्मा अन्वेषण 2026 में फाइनेंस समिति के चेयरमैन प्रो. विभु साहनी ने ऐलान किया, चयनित फार्मेसी कॉलेजों में 30 करोड़ रूपए शोध केन्द्रों को खोलने के लिए व्यय किए जाएंगे,

जबकि स्किल्स डवलपमेंट सेंटर्स स्थापित करने के लिए 75 करोड़ रूपए पीसीआई देश भर में खर्च करेगी। फार्मेसी स्टुडेंट्स के लिए अलग से अत्याधुनिक फार्मेसी लैब्स की वकालत करते हुए बोले, पीसीआई स्टुडेंट्स को सघन स्किल ट्रेनिंग भी देगा। उन्होंने टीएमयू के फॉर्मेसी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आशु मित्तल और आरएंडडी के एसोसिएट डीन प्रो. अनुराग वर्मा से आरएंडडी और स्किल डवलपमेंट सेंटर बनाने का प्रस्ताव भेजने की सलाह दी है। श्री साहनी ने बताया, पीसीआई मानकों के तहत आवेदित कॉलेजों की स्क्रूटनी के बाद ही फंड रिलीज किया जाएगा।

● पैनल डिस्कशन में दिग्गजों ने की शिरकत कॉन्फ्रेंस के इंडस्ट्री-एकेडेमिया पैनल डिस्कशन में सीटीएसआई जामिया हमदर्द दिल्ली के डायरेक्टर प्रो. मयमूना अख्तर, चरक स्कूल ऑफ फार्मेसी, मेरठ की प्राचार्या प्रो. वैशाली एम.पाटिल, रेगुलेटरी अफेयर्स थर्मोफिशर साइंटिफिक कं. गुरुग्राम की मैनेजर श्रीमती अदिति भारद्वाज, बरेली डिवीजन की ड्रग इंस्पेक्टर श्रीमती उर्मिला वर्मा, एसडी कॉलेज मुजफ्फरनगर के डायरेक्टर डॉ. अरविंद कुमार, दत्त मेडी प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली के सीनियर जीएम क्लिनिकल ऑपरेशन्स डॉ. नीरज कुमार, इंमिटो हैल्थ टेक प्रा. लि., फरीदाबाद के डायरेक्टर श्री नवीन खन्ना, मोदी मुंडी फार्मा मोदीपुरम के जनरल मैनेजर डॉ. राजेश अग्रवाल आदि शामिल रहे।

## पुलिस ने अलग-अलग धाराओं में गिरफ्तार कर किया कई का चालान

**कांठ( शाह टाइम्स )** पुलिस ने अलग-अलग मामलों के आरोपी कई को गिरफ्तार कर आज चालान किया है मनकुआ निवासी उपेंद्र उर्फ आइटम पुत्र पातिराम पर गांव में पिता पुत्र के साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप था जबकि रुस्तमपुर गांव एक मामले में असलम पुत्र हनीफ निवासी शाहपुर सैफ अली पुत्र हनीफ सरताज पुत्र कलवा सहबाज पुत्र अली हसन इरफान पुत्र अली हसन मोनू पुत्र जगत सिंह अमित पुत्र कमल सिंह निवासी नया मजरा लाकडी फाजलपुर को गिरफ्तार किया कुमरिया जुमला गांव के सुमित कुमार पुत्र रामपाल सिंह ने उसके पिता के साथ गाली-गलौज करने मारपीट करने और जान से मारने की नीयत से उसके पिता पर वार कर पैरों की कई हड्डियां तोडे जाने के मामले में कई के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी जिसमें अनूप सिंह पुत्र चतर सिंह कुमरिया जुमला को पुलिस ने गिरफ्तार किया और इन सभी को अलग-अलग अदालतो में पेश किया है।



## हावर्ड कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर बच्चों को किया पुरस्कृत



**कांठ( शाह टाइम्स )**हावर्ड कॉन्वेंट स्कूल में सत्र 2025-2026 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक दिपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या श्रीमती रेणु विश्नोई द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। परिणाम घोषित होने के साथ ही मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जूनियर विंग में अरीबा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया, जबकि सीनियर विंग में हर्ष कुमार टॉपर रहे। सत्र को सफल बनाने में कोऑर्डिनेटर मिस्टर शलभ माथुर, सीसीए इंचार्ज मिसेज नीतू चौधरी एवं समस्त अध्यापक-अध्यापिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संच. ालन अमित अग्रवाल एवं अक्षिता विश्नोई द्वारा किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती रेणु विश्नोई ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए अपने प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। उन्होंने उन विद्यार्थियों का भी उत्साहवर्धन किया जिन्होंने कोई स्थान प्राप्त नहीं किया, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा निराश न होने और हिम्मत बनाए रखने का संदेश दिया।

## परिषदीय विद्यालयो के शिक्षकों का दो दिवसीय कला, क्राफ्रट एवं सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित

**कांठ ( शाह टाइम्स )** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में शिक्षकों के लिए दो दिवसीय कला क्राफ्ट एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने विभिन्न प्रकार के रचनात्मक मॉडल प्रस्तुत किये।भुवनेश कुमारी प्रधानाध्यापिका प्राथमिक विद्यालय माननगर को विशेष स्थान प्राप्त होने पर ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ब्लॉक छजलैट से प्रियंका चौधरी, प्रीति वर्मा, दीपिका गुप्ता व तरन्नुम को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में डायट प्राचार्य / उप शिक्षा निदेशक बुद्ध प्रिय सिंह, मंडलीय उपनिद. शक सेवायोजन रत्नेश, डायट वरिष्ठ प्रवक्ता अंबरीश कुमार यादव, डायट प्रवक्ता सुनील कुमार, अनिल यादव, शशि बाला, टीना वर्मा, राशिद अली, आशुतोष त्यागी व लोकेंद्र उपस्थित रहे। डायट प्रवक्ता अंशु गुप्ता कार्यक्रम प्रभारी रही।



## विदेश में रहकर भी नहीं भूलते अपने क्षेत्र के गरीबों की मदद करना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** बिलारी से ताल्लुक रखने वाले समाजसेवी मंसूर आलम, जो वर्तमान में विदेश में रह रहे हैं, वहां से भी अपने क्षेत्र के जरूरतमंदों की मदद में लगातार जुटे हुए हैं। खासकर गरीब और दिव्यांग लोगों के प्रति उनकी संवे. दनशीलता लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। 'मैटल मास्टर्स' के नाम से पहचाने जाने वाले मंसूर आलम अपने करीबियों के माध्यम से जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाते हैं। मंसूर आलम समय-समय पर आर्थिक मदद, जरूरी सामान और इलाज जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहयोग करते हैं। उनके इस प्रयास से कई दिव्यांग और गरीब परिवारों को राहत मिली है। क्षेत्र के लोग उनके इस जज्बे की सराहना करते नहीं थकते। उनका कहना है कि इंसानियत से बढ़कर कोई धर्म नहीं होता, और जहां भी जरूरतमंद दिखे, उसकी मदद करना हर सक्षम व्यक्ति की जिम्मेदारी है। विदेश में रहकर भी अपने गांव और लोगों के प्रति उनका यह समर्पण उन्हें एक सच्चा समाजसेवी बनाता है।



# राजभाषा को बढ़ावा देने पर जोर, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित हुई बैठक

**मुरादाबाद।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के मनन सभागार में मण्डल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मण्डल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक श्री अजित सिंह तथा राजभाषा अधिकारी श्री ज्ञान प्रकाश सिंह चौहान के मार्गदर्शन में बैठक का संचालन किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए मण्डल रेल प्रबंधक ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "हम जिस भाषा में सपने देखते हैं और सोचते हैं, वही हमारी वास्तविक भाषा होती है।" उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में अधिक से अधिक हिंदी के प्रयोग को अपनाने की अपील की।इस दौरान विनीता श्रीवास्तव ने 'नदी के द्वीप' और 'कला' शीर्षक से अपनी कविताएँ भी सुनाईं, जिन्हें उपस्थित सभी ने सराहा। बैठक के दौरान कई कर्मचारियों ने भी हिंदी कविताएँ प्रस्तुत कीं, जिससे माहौल साहित्यिक और प्रेरणादायक बन गया।बैठक में विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिंदी के अधिकाधिक उपयोग को लेकर अपने सुझाव साझा किए और राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।कार्यक्रम के अंत में मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा हिंदी छमाही पत्रिका "अभिव्यक्ति" का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।




# खून से लिखा पत्र वायरल, आईपीएल सट्टेबाजों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**मुरादाबाद।** आईपीएल सीजन शुरू होने से पहले शहर में एक खून से लिखा गया पत्र सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने प्रशासन और आमजन के बीच चर्चा का विषय बना दिया है। यह पत्र उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित बताया जा रहा है, जिसमें आईपीएल और ऑनलाइन सट्टेबाजी पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।वायरल पत्र में कथित तौर पर एमसीएक्स, ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म और क्रिकेट सट्टेबाजी से जुड़े नेटवर्क के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की अपील की गई है। साथ ही इसमें सट्टेबाजों की संपत्तियों की जांच कराने की भी मांग उठाई गई है। पत्र के सामने आने के बाद शहर में पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।जानकारी के अनुसार, हिंदू समाज पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रियांशु जोशी ने इस मुद्दे को उठाते हुए सट्टेबाजी के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। उनका कहना है कि यह केवल आईपीएल तक सीमित मामला नहीं है, बल्कि ऑनलाइन और अन्य माध्यमों से फैल रहे सट्टे के कारोबार पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए।उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की गति. विधियां युवाओं को गलत दिशा में ले जा रही हैं और उनके भविष्य के लिए खतरा बनती जा रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। हिंदू समाज पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री से अपील की गई है कि जिस तरह प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया गया है, उसी तरह सट्टेबाजी के नेटवर्क पर भी निर्णायक कार्रवाई की जाए। फिलहाल यह मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बना हुआ है और प्रशासन की प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है।




## सुमन, शकुंतला और यमुना के सानिध्य में नव आरंभ उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**कुंदरकी।** नवारंभ उत्सव का आयोजन को प्राथमिक विद्यालय जटपुरा में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीजितेंद्र कुमार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ओं एवं उनकी सहायिका सुमन,शकुंतला और यमुना के सानिध्य में नव आरंभ उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।अभिभावकों का वेलकम कार्ड देकर स्वागत किया गया ।अभिभावकों का उन्मुखीकरण करते हुए विद्यालय में नामांकन करने को प्रेरित किया गया स अभिभावकों द्वारा बाल वाटिका का एवं विद्यालय का भ्रमण कर सुविधाओं को देखा गया। विद्यालय में बाल वाटिका के 10 बच्चों ा नामांकन हुआ ।नामांकित बच्चों को और अभिभावकों को फल वितरण किया ।नव नामांकित बच्चों को सम्मानित किया गया।



### एक नजर



## बेसहारा सांड की सड़क दुर्घटना में टूटी टांग गो सेवकों ने दिलाया इलाज

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सरकार के आदेश के बाद भी गोवंश आज भी सड़कों पर सड़क दुर्घटना का शिकार हो रहा है लेकिन उनकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है गोरक्षकों ने आज फिर ऐसे ही सांड को इलाज दिलाने की कोशिश की है। मुख्तियारपुर नवादा में वेंकट हाल के पास रात को किसी वाहन की सड़क पर घूम रहे सांड से टक्कर हो गई जिसमें सांड की टांग टूट गई सूचना मिलने पर गौ रक्षक विकास शर्मा मौके पर पहुंचे और पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आदित्य गोयल को सूचना दी उसके बाद ग्राम सचिव संजीव चौहान को सूचित किया एक वाहन मंगाकर निराश्रित सांड को उसमें रखकर सादकपुर खिचड़ी की गौशाला में ले जाकर सांड की टांग का प्लास्टर कराया गया।

बिकास शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री की गोवंश को संरक्षण देने की योजना पर जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसकी वजह से गोवंश आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहा है जिला संयोजक विकास शर्मा के साथ, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला व्यवस्था प्रमुख राजेंद्र बिश्नोई, विजयपाल सिंह, प्रदीप कुमार बिश्नोई, सेक्रेटरी संजीव कुमार चौहान, धर्मपाल सिंह, आदि गांव के लोगों का सहयोग रहा।

## दयानन्द आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में संस्थापक दयानन्द गुप्त की 44वीं पुण्यतिथि पर किया गया हवन पूजन



**मुरादाबाद।** दयानन्द आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में संस्थापक दयानन्द गुप्त की 44वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अन्य उपस्थित जनों ने भाग लेकर संस्थापक की पुण्य स्मृति को नमन किया।कार्यक्रम के दौरान हवन-पूजन के पश्चात संस्थापक दयानन्द गुप्त के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक उमाकांत गुप्त ने संस्थापक के जीवन, उनके आदर्शों एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित मूल्यों को आगे बढ़ाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। प्रबंध समिति के सचिव मो. जुनैद एजाज ने भी संस्थापक के सामाजिक और शैक्षिक योगदानों का उल्लेख करते हुए उनके व्यक्तित्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि दयानन्द गुप्त का जीवन समाज सेवा और शिक्षा के प्रसार के लिए समर्पित रहा।कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सीमा रानी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी अतिथियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संस्थापक के दिखाए मार्ग पर चलकर ही संस्थान निरंतर प्रगति कर रहा है।इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त प्रवक्ताएं, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन श्रद्धा और सादगीपूर्ण वातावरण में हुआ।

## नवरात्रि अष्टमी-नवमी पर महानगर में हाई अलर्ट मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद



**मुरादाबाद।** नवरात्रि के अंतिम चरण में अष्टमी और नवमी के अवसर पर उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए मुरादाबाद पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। शहर के प्रमुख मंदिरों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित माहौल में पूजा-अर्चना कर सकें।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष रणनीति तैयार की गई है। संवेदनशील स्थलों और प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है। आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन कैमरों के जरिए भी भीड़ और गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है।उन्होंने बताया कि मुरादाबाद में करीब 500 से अधिक मंदिर हैं, लेकिन 10 से 15 प्रमुख मंदिर ऐसे हैं जहां अष्टमी और नवमी पर मेले जैसा माहौल रहता है। इन मंदिरों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है और पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए बैरिकेडिंग के साथ प्रवेश और निकास के अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं।महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी पुलिस प्रशासन विशेष रूप से सतर्क है। "नारी शक्ति 5.0" अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती बढ़ाई गई है। अभद्रता की घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। सपी सिटी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे पुलिस का सहयोग करें, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत दें और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्क रहें, जिससे नवरात्रि का पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके।

## गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अब जर्मन तकनीक से किया जाएगा लैस

**कांठ ( शाह टाइम्स )**प्रदेश में गोशालाओं को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अब प्रदेश की चयनित गोशालाओं को जर्मन तकनीक से लैस किया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग और जर्मनी की प्रतिष्ठित संस्था जीआईजेड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के मुताबिक प्रशिक्षण के माध्यम से प्रबंधन, संसाधनों के बेहतर उपयोग और आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर काम किया जाएगा। इसके लिए गोशालाओं का चयन गो सेवा आयोग द्वारा किया जाएगा। इस पहल से प्रदेश की गोशालाएं अधिक सक्षम और आत्मनिर्भर बनेंगी। साथ ही, गो सेवा से जुड़े लोगों को नई तकनीकों की जानक. ारी मिलने से उनकी कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। योगी सरकार की मंशा है कि गोशालाओं को आश्रय स्थल तक सीमित न रखकर उत्पादक इकाई के रूप में विकसित किया जाए।सरकार की मंशा गोशालाओं को केवल आश्रय स्थल तक सीमित रखने की नहीं, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर इकाई के रूप में विकसित करने की है। इसके तहत गोबर, गोमूत्र और अन्य गो-आधारित उत्पादों के वैज्ञानिक और व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। इस पहल से न केवल गो सेवा मजबूत होगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण को भी नई दिशा मिलेगी।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 26 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# विश्वास की कमी

बुधवार को खबर आई कि पाकिस्तान की मार्फत ईरान को अमेरिका की तरफ से युद्ध समाप्त करने को लेकर 15 शर्तीय पैगाम पहुंचाया गया। उसमें क्या शर्तें थी यह तो सामने नहीं आया, लेकिन ईरान की तरफ से जो जवाब आया है उससे साफ है कि ईरान इस समय अमेरिका की तरफ से आ रहे किसी भी शांति प्रस्ताव को लेकर गंभीर नहीं है। ईरान की तरफ से कहा गया है कि अगर अमेरिका उसकी पांच शर्तों को मानेगा, तो युद्ध विराम पर विचार किया जा सकता है। सबसे बड़ी शर्त तो उसकी यही है कि युद्ध में अब तक जो ईरान का नुकसान हो रहा है, अमेरिका उसका मुआवजा दे। दूसरे वह कुछ सप्ताह या महीने के युद्ध विराम पर सहमत नहीं हो सकता, उसके लिए जरूरी है कि ऐसा वादा किया जाए, जिससे युद्ध हमेशा के लिए खत्म हो। तीसरे ईरान चाहता है कि होर्मुज पर उस पर इंटरनेशनल अथॉरिटी की तरफ से उसको पूरी तरह कंट्रोल हासिल हो। ऐसी दो अन्य शर्तें भी हैं। जाहिर है, आज के संदर्भ में इस तरह की गारंटी कोई भी देश लेने को शायद ही कोई तैयार होगा। इसलिए जो शांति के प्रयास इस समय चल रहे हैं वे कुछ उम्मीद तो जगाते हैं, लेकिन साथ ही भ्रमित भी करते हैं कि वास्तव में दोनों ही पक्ष युद्ध रोकने के लिए गंभीर हैं भी या नहीं। असल में इस समय जो देखने में आ रहा है वह यह है कि दोनों ही पक्षों के बीच में अविश्वास की खाई इतनी गहरी हो चुकी है कि इसको पाटना अभी बेहद मुश्किल दिखाई दे रहा है और किसी भी सकारात्मक नतीजे पर पहुंचने के लिए यह खाई पाटना बेहद जरूरी होता है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस अनिश्चितता के लिए अगर इस समय कोई देश सबसे ज्यादा जिम्मेदार है तो वह अमेरिका और इस्राईल ही है। जिन्होंने बिना किसी उकसावे के न सिर्फ ईरान पर हमला किया, बल्कि उसके टॉप लीडर्स व अधिकारियों को मार गिराया और यह क्रम अभी भी जारी है। दोनों ही पक्ष एक-दूसरे के शहरों पर लगातार अभी भी बमबारी कर रहे हैं। कोई भी समझ सकता है कि बमबारी और शांति की वार्ता साथ-साथ नहीं चल सकते। उसके लिए पहले वार्ता का माहौल बनाना बेहद जरूरी होता है, जो बनता दिखाई नहीं दे रहा। जहां तक बात भारत की है, भारत में इस समय एलपीजी व डीजल, पेट्रोल की किल्लत स्पष्ट दिखाई दे रही है, भले ही सरकार कहे कि उसके पास ऊर्जा संसाधनों की कोई कमी नहीं है, जैसीकि उसने बुधवार को होने वाली सर्वदलीय बैठक के बाद भी कहा, लेकिन आम जनता की बात तो छोड़िए विपक्षी दल ही सरकार के आश्वासनों से सहमति जताते दिखाई नहीं दे रहे हैं और इस संकट के लिए पीएम मोदी को सीधे जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। राहुल गांधी पहले ही कह चुके हैं कि विदेश नीति मोदी की निजी विदेश नीति में बदल गई है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि विदेश नीति को हम इस समय पटरी से उतरते देख रहे हैं।

## यू-टर्न उस्ताद पीएम मोदी ने बदला मन



नए संसद भवन में नारी वंदन अधिनियम, 2023 ऐतिहासिक कानून को पारित किया गया था, इस कानून के जरिए संविधान में संशोधन करके लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान किया गया था, इस कानून में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों के भीतर भी एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान शामिल था, इन आरक्षणों को लागू करने का काम स्पष्ट तौर पर परिसीमन और जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने से जोड़ा गया था, कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनावों से ही इसे तुरंत लागू करने की जोरदार मांग की थी, तब मोदी सरकार ने यह तर्क दिया था कि परिसीमन और जनगणना का काम पहले पूरा किए बिना ऐसा करना संभव नहीं है, अब यू-टर्न उस्ताद पीएम मोदी ने 30 महीने बाद अचानक अपना मन बदल लिया है।

**-जयराम रमेश, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# बढ़ती गर्मी से कीटों पर बढ़ता संकट

**अध्ययन से पता चला कि गर्म और निचले इलाकों में रहने वाले कीट आम तौर पर ठंडे और ऊंचे इलाकों के कीटों की तुलना में ज्यादा तापमान सहन कर सकते हैं। लेकिन इसके साथ एक बड़ी समस्या भी है। निचले इलाकों का वातावरण पहले ही उस अधिकतम तापमान के बहुत निकट है, जिसे वहां रहने वाले कीट सह सकते हैं। इसलिए अगर तापमान थोड़ा भी बढ़ता है, तो वे जल्दी ही अपनी सहनशीलता की सीमा पार कर सकते हैं।**



उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के गर्म और निचले स्थानों में रहने वाले कीट अत्यधिक गर्मी में भी जीवित रहने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं, लेकिन एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन से पता चला है कि इनमें से कई कीट पहले ही अपनी सहनशक्ति के तापमान की सीमा के करीब रह रहे हैं। ऐसे में अगर पृथ्वी का तापमान और बढ़ता है, तो इन प्रजातियों के लिए बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित इस शोध में यह देखा गया कि अलग-अलग कीट प्रजातियां गर्मी पर किस तरह प्रतिक्रिया देती हैं ताकि यह समझा जा सके कि जलवायु परिवर्तन उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में कीटों की विविधता को कैसे प्रभावित कर सकता है।

गौरतलब है कि स्तनधारियों के विपरीत, कीट अपने शरीर का तापमान खुद नियंत्रित नहीं कर सकते। उनके शरीर का तापमान लगभग पूरी तरह आसपास के वातावरण पर निर्भर करता है। इसलिए अधिक गर्मी से बचने के लिए वे छांव में चले जाना, मिट्टी में दुबक जाना या ठंडक के समय में ही सक्रिय रहना जैसे तरीके अपनाते हैं। उनके शरीर में कुछ खास प्रकार के प्रोटीन भी बनते हैं, जो अधिक तापमान से कोशिकाओं को नुकसान से बचाने में मदद करते हैं। इन्हें 'हीट शॉक प्रोटीन' कहा जाता है। लेकिन इस सुरक्षा की भी एक सीमा है। जब तापमान एक हद से ऊपर चला जाता है, तो कीट हिलना-डुलना बंद कर देते हैं और अंततरू मर जाते हैं।

कीटों की अधिकतम ऊष्मा-सहनशीलता सीमा को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने लगभग 2300 प्रजातियों पर एक बड़ा फील्ड अध्ययन किया। यह काम पर्यावरण वैज्ञानिक किम ली होल्जमैन के शोध से शुरू हुआ था। उन्होंने पेरू के एंडीज पर्वत क्षेत्र में अलग-अलग ऊंचाइयों से कई मौसमों के दौरान कीट इकट्ठा किए। हर कीट को एक छोटी ट्यूब में रखकर धीरे-धीरे बढ़ती गर्मी के संपर्क में लाया गया। वैज्ञानिक यह देखते रहे कि किस तापमान पर कीट हिलना-डुलना बंद कर देता है, क्योंकि यही उसकी गर्मी सहने की अधिकतम सीमा मानी जाती है। बाद में इसी तरह का प्रयोग केन्या के एक अन्य उष्णकटिबंधीय पर्वतीय क्षेत्र में भी किया गया।

अध्ययन से पता चला कि गर्म और निचले इलाकों में रहने वाले कीट आम तौर पर ठंडे और ऊंचे इलाकों के कीटों की तुलना में ज्यादा तापमान सहन कर सकते हैं। लेकिन इसके साथ एक बड़ी समस्या भी है। निचले इलाकों का वातावरण पहले ही उस अधिकतम तापमान के बहुत निकट है, जिसे वहां रहने वाले कीट सह सकते हैं। इसलिए अगर तापमान थोड़ा भी बढ़ता है, तो वे जल्दी ही अपनी सहनशीलता की सीमा पार कर सकते हैं। अध्ययन में यह भी पाया गया कि अलग-अलग कीट समूहों की गर्मी सहने की क्षमता अलग होती है। उदाहरण के लिए, मक्खियां सबसे ज्यादा संवेदनशील हैं और औसतन लगभग 39 डिग्री सेल्सियस पर ही उनकी गतिविधि रुकने लगती है। भृंग (बीटल) थोड़े मजबूत होते हैं और करीब 41 डिग्री सेल्सियस तक गर्मी सह सकते हैं। मधुमक्खियां और अन्य कॉलोनी बनाकर रहने वाले कीट इससे थोड़ी अधिक गर्मी झेल सकते हैं। टिड्डे और उनसे मिलती-जुलती प्रजातियां सबसे ज्यादा सहनशील पाई गईं, जो लगभग 44 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान सह सकती हैं।

इन समूहों के अंतर को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने सैकड़ों कीट प्रजातियों के जेनेटिक डैटा का अध्ययन किया। कंप्यूटर मॉडल की मदद से उन्होंने देखा कि कीटों के शरीर में मौजूद हीट शॉक प्रोटीन की संरचना किस तापमान पर बिखरने लगती है। नतीजे प्रयोगों से मिले परिणामों से मेल खाते थेय जिन प्रजातियों के प्रोटीन अधिक स्थिर थे, वे अधिक गर्मी सहन कर पाए। इससे संकेत मिलता है कि गर्मी सहने की यह सीमा कीटों की जैविक बनावट से जुड़ी है। और जैविक बनावट सहस्राब्दियों में बदलती है। अर्थात इन कीट प्रजातियों की स्थिति कमोबेश स्थिर रहेगी। यह अध्ययन चिंताजनक है। जलवायु मॉडल बताते हैं कि इस सदी के अंत तक उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों का तापमान इतना बढ़ सकता है कि लगभग आधी कीट आबादियां कुछ घंटों तक भविष्य की गर्मी झेलने के बाद बेहोशी जैसी स्थिति में पहुंच सकती हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इतनी चरम स्थिति आने से पहले ही कीटों की संख्या घटने लग सकती है, क्योंकि लंबे समय तक गर्मी का दबाव उनके जीवित रहने और प्रजनन की क्षमता को कम कर देता है।

कीट पर्यावरण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परागण, जैविक कचरे का विघटन करके वे खाद्य संजाल का एक जरूरी हिस्सा होते हैं। अगर उनकी संख्या घटती है, तो इसका असर पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ सकता है। शोधकर्ता कहते हैं कि यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि उष्णकटिबंधीय कीट बदलते मौसम के साथ कैसे तालमेल बिठाएंगे। लेकिन अध्ययन दर्शाता है कि दुनिया के सबसे गर्म इलाकों में तापमान में थोड़ी-सी बढ़ोतरी भी कई कीट प्रजातियों की सहनशीलता को परास्त कर सकती है।

**-स्रोत फीचर्स**

## उड़ते समय भौंरे खुद को ठंडा कैसे रखते हैं

**स्रोत फीचर्स**


भौंरे जबर्दस्त उड़ाके होते हैं। वे लगभग 22 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकते हैं। इतनी तेज उड़ान के दौरान उनकी मांसपेशियां फड़फड़ाकर काफी गर्मी पैदा करती हैं। तो उड़ते समय भौंरे का शरीर बहुत गर्म हो सकता है। जैसे कार का इंजन, जिसे ठंडा न किया जाए तो खूब गर्म हो सकता है। तो भौंरे उड़ान के दौरान गर्म होकर झुलस क्यों नहीं जाते?

नए शोध से पता चला है कि वे अपने पंखों की तेज फड़फड़ाहट से बहने वाली हवा के जरिए खुद को ठंडा रखते हैं, जब भौंरा हवा में एक जगह ठहरकर उड़ता है, तो उसके पंखों से नीचे की ओर बहती हवा उसके शरीर का तापमान लगभग 5 डिग्री सेल्सियस तक कम कर देती है। इतने छोटे कीट के लिए यह बहुत बड़ी राहत है। उड़ान के दौरान भौंरों की मांसपेशियां बहुत ज्यादा गर्मी पैदा करती हैं। ठंड में तो यह गर्मी उड़ान के लिए वार्मअप में काम आ जाती है। लेकिन गर्मियों में यह खतरनाक साबित होती है। अतिरिक्त गर्मी से निपटने के उनके कुछ तरीके तो पहले से मालूम हैं। वे अपने वक्षस्थल (जहां उड़ान की मांसपेशियां होती हैं) से गर्मी को शरीर के पिछले हिस्से तक एक खास द्रव के जरिए पहुंचा सकते हैं। वैज्ञानिक यह भी देखते रहे हैं कि धूप उन्हें कितना गर्म करती है और पसीने जैसी प्रक्रिया से उन्हें कितनी ठंडक मिलती है। इन सबको मिलाकर वैज्ञानिक 'ऊष्मा संतुलन मॉडल' कहते हैं। लेकिन अब तक एक बात स्पष्ट नहीं थीरू क्या उनके पंखों से पैदा होने वाला वायु प्रवाह भी उन्हें ठंडा करने में मदद करता है। इसे समझने के लिए वैज्ञानिकों ने भौंरों को एक खास प्रयोगशाला कक्ष में रखा, जहां हवा की गति मापने वाले उपकरण लगे थे। जब भौंरे नकली फूलों के ऊपर मंडरा रहे थे, तब शोधकर्ताओं ने देखा कि उनके आसपास हवा लगभग 0.25 से 2 मीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से बह रही थी। धुंध जैसी हल्की फुहार का इस्तेमाल करके उन्होंने यह भी देखा कि हवा उनके शरीर के चारों ओर कैसे फैलती है। यह जानने के लिए कि यह हवा उन्हें कितनी ठंडक देती है, वैज्ञानिकों ने और भी परीक्षण किए। उन्होंने भौंरों के शरीर में बहुत छोटे तापमापी लगाए और हवा की वही स्थिति बनाई। तापमान में बदलाव की तुलना करके उन्होंने पाया कि अगर पंखों से पैदा होने वाली यह ठंडक न मिले, तो भौंरा दो मिनट से भी कम समय में तपकर टपक सकता है। यानी भौंरों के पंखों से पैदा होने वाला हवा का बहाव एक तरह का प्राकृतिक कूलिंग सिस्टम है। हालांकि वैज्ञानिक अभी पूरी तरह नहीं समझ पाए हैं कि जब भौंरे उड़ते-उड़ते आगे बढ़ते हैं, तब यह प्रक्रिया कैसे काम करती है।

# चंद्रमा के प्राचीन चुंबकीय क्षेत्र का रहस्य

**यह भी स्पष्ट हुआ कि दोनों तरह की चट्टानें चुंबकीय जानकारी सहेजकर रखने में समान रूप से सक्षम थीं। यानी फर्क चट्टानों की चुंबकीय सूचना को सहेजने की क्षमता में नहीं, बल्कि इस बात में था कि उनकी चुंबकीय क्षेत्रा पैदा करने की क्षमता में अंतर था। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि अरबों साल पहले चंद्रमा के अंदर, मेंटल की गहराई में मौजूद टाइटेनियम-समृद्ध चट्टानें समय-समय पर पिघलती थीं। जिसके लिए गर्मी कोर तथा आसपास के पदार्थ से मिलती था। इससे कुछ समय के लिए कोर में मंथन शुरू हो जाता और एक शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र बन जाता था।**

लगभग पचास वर्ष पूर्व अपोलो मिशन से लाई गई चंद्रमा की चट्टानों में मौजूद खनिज बताते हैं कि करीब 3.5 अरब साल पूर्व चंद्रमा पर बहुत शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र था, जो लाखों साल तक बना रहा। लेकिन इतनी ताकतवर चुंबकीय शक्ति के लिए चंद्रमा के भीतर पिघला और गतिशील कोर होना जरूरी है। वैज्ञानिकों का मानना था कि चांद का अपेक्षाकृत छोटी साइज का कोर जल्दी ठंडा हो गया होगा। लेकिन उसी समय की कुछ अन्य चट्टानें संकेत दे रही थीं कि चंद्रमा का चुंबकीय क्षेत्र कमजोर था। इन दोनों अवलोकनों के कारण रहस्य पैदा हुआ।



अब एक नए अध्ययन से राह खुली है। नेचर जियोसाइंस में प्रकाशित शोध के अनुसार, चंद्रमा पर लगातार शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र नहीं था। बल्कि 4 अरब से 3.5 अरब साल पूर्व के दरम्यान बार-बार सीमित समय के लिए लेकिन बहुत शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र बनता था। अपोलो मिशन द्वारा लाई गई कुछ ज्वालामुखीय चट्टानों की ध्यानपूर्वक जांच से पता चला कि उनमें कम टाइटेनियम वाली चट्टानों की तुलना में अधिक टाइटेनियम वाली चट्टानों में चुंबकीय शक्ति अधिक थी। यह भी स्पष्ट हुआ कि दोनों तरह की चट्टानें चुंबकीय जानकारी सहेजकर रखने में समान रूप से सक्षम थीं। यानी फर्क चट्टानों की चुंबकीय सूचना को सहेजने की क्षमता में नहीं, बल्कि इस बात में था कि उनकी चुंबकीय क्षेत्र पैदा करने की क्षमता में अंतर था। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि अरबों साल पहले चंद्रमा के अंदर, मेंटल की गहराई में मौजूद टाइटेनियम-समृद्ध चट्टानें समय-समय पर पिघलती थीं। जिसके लिए गर्मी कोर तथा आसपास के पदार्थ से मिलती था। इससे कुछ समय के लिए कोर में मंथन शुरू हो जाता और एक शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र बन जाता था। जब यह पिघला हुआ मैग्मा सतह पर ठंडा होकर ठोस बन जाता, तो उस समय का चुंबकीय असर उसके भीतर दर्ज रह जाता था। इस नए विचार के अनुसार, चंद्रमा पर लगातार और लंबे समय तक बना रहने वाला चुंबकीय क्षेत्र नहीं था। बल्कि वहां बार-बार बहुत शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र थोड़े-थोड़े समय (5,000 साल से भी कम के समय) के लिए बनता था। शेष लंबे समय तक कमजोर चुंबकीय क्षेत्र रहता था। यही वजह हो सकती है कि कुछ चट्टानों में शक्तिशाली चुंबकीय गुण दिखता है, जबकि उसी समय की अन्य चट्टानों में नहीं। यह अंतर शायद नमूने इकट्ठा करने की जगह के कारण हो सकता है। अपोलो मिशन ज्यादातर ज्वालामुखीय मैदानों में उतरे थे, जहां बार-बार लावा बहा था। संभव है कि वहां ऐसी चट्टानें ज्यादा मिली हों जो विस्फोटों के दौरान बनी थीं, जिससे ऐसा लगा कि चुंबकीय क्षेत्र लंबे समय तक लगातार शक्तिशाली था। कुछ विशेषज्ञों का मत है कि यह नया विचार चंद्रमा के पूरे चुंबकीय इतिहास को नहीं समझा पाता। फिर भी यह जांच के लिए एक नई दिशा जरूर देता है। आगे की प्रगति नए मिशनों से लाए जाने वाले नमूनों की मदद से आगे बढ़ेगी, जैसे चीन के चंद्रमिशन के नमूनों के अध्ययन से।

**-स्रोत फीचर्स**

# चंडीगढ़ : नाम बड़े मगर दर्शन छोटे

भारत में वर्तमान में 8 केंद्र शासित प्रदेशों में चंडीगढ़ अकेला है जिसे सिटी ब्यूटीफुल कहा जाता है। इसकी सबसे बड़ी और अनोखी विशेषता यह है कि यह देश का एकमात्र केंद्र शासित प्रदेश है जो देश के पंजाब और हरियाणा जैसे दो समृद्ध राज्यों की संयुक्त राजधानी है। इसके अतिरिक्त चंडीगढ़ न केवल एक शहर है, बल्कि यह एक स्वतंत्र केंद्र शासित प्रदेश भी है, जो सीधे केंद्र सरकार के अधीन आता है। इसकी स्थापना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि यह है कि 1947 के भारत विभाजन के बाद जब पूर्वी पंजाब की पुरानी राजधानी लाहौर पाकिस्तान में चली गई तो भारतीय पंजाब को एक नई राजधानी की जरूरत महसूस हुई। उसी समय 1950 के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की दूरदर्शिता के परिणाम स्वरूप चंडीगढ़ को आधुनिक भारत के पहले व पूर्णत: नियोजित शहर के रूप में पंजाब की नई राजधानी के तौर पर इसे बनाया गया। इसे विश्व प्रसिद्ध स्विस-फ्रेंच वास्तुकार ले कोर्बुजिए ने डिजाइन किया था। बाद में जब 1 नवंबर 1966 को पंजाब राज्य को भाषाई आधार पर विभाजित कर हरियाणा बनाया गया उस समय चंडीगढ़ को दोनों राज्यों के बीच विवाद से बचने के लिए केंद्र शासित प्रदेश घोषित कर दिया गया और इसे दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी बना दिया गया। आज भी दोनों प्रदेशों की राजधानी होने के बावजूद चंडीगढ़ न तो पूरी तरह पंजाब का है और न हरियाणा का बल्कि यह पूरी तरह केंद्र सरकार द्वारा प्रशासित है।

लगभग 50 आयताकार सेक्टरों में बांटा गए इस चंडीगढ़ में चौड़ी सड़कें, हरियाली, पार्क और आधु. निक इमारतें हैं। यहां कैपिटल कॉम्प्लेक्स के रूप में विधानसभा, सचिवालय व उच्च न्यायालय हैं। यहां विद्युत ,जल निकासी,नाले नालियां सभी भूमिगत हैं। यह शहर यूनेस्को की भी विश्व धरोहर है।यहां स्थित रॉक गार्डन, सुखना झील, रोज गार्डन आदि जगहें इसे पर्यटन स्थल के रूप में पहचान देती हैं। भारत के अन्य शहरों की तुलना में यहां जनघनत्व कम, सड़कें व्यवस्थित और प्रदूषण नियंत्रित होने का दावा किया जाता है। यह भारत में मानव विकास सूचकांक और जीवन की गुणवत्ता में भी शीर्ष पर है। यह ह्पेंशनर्स पैराडाइजह भी कहलाता है क्योंकि यहां शांत वातावरण, अच्छी सुविधाएं और उच्च जीवन स्तर है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में यह दूसरे नंबर पर था। आवासीय क्षेत्र, बाजार , जल निकासी और सार्वजनिक शौचालयों के मामले में भी यह सबसे साफ केंद्र शासित प्रदेश गिना जाता है परन्तु इसी चमचमाते चंडीगढ़ का एक दूसरा पहलू भी है जो कि अत्यंत दुखद,शर्मनाक व चंडीगढ़ जैसे सुनियोजित शहर की सुंदरता व इस पर लगे सिटी ब्यूटीफुल के लेबल पर सवाल खड़ा करने वाला है। मिसाल के तौर पर निश्चित रूप से यहां के अधिकांश मुख्य मार्ग साफ सुथरे हैं परन्तु जब आप चंडीगढ़ के घनी आबादी वाले रिहाइशी इलाकों से गुजरें तो आप को पता चलेगा कि चंडीगढ़ की एक बड़ी मध्यम व निम्न मध्यम वर्गीय आबादी किस तरह रहती है। उदाहरण के तौर पर चंडीगढ़ में हेलो माजरा,राम दरबार कालोनी व डड्डू माजरा जैसे अनेक इलाके ऐसे हैं जहां सड़कें खस्ता हाल हैं। गड्ढे हैं ,जगह जगह कूड़ों का ढेर है। गाएं व सांडों का झुण्ड जगह जगह घूमता व चौक चौराहों पर डेरा जमाए नजर आता है। राम दरबार कॉलोनी की टूटी-फूटी सड़कों, गंदगी, जाम नालियों और खराब सफाई घ्प्रबंधन के कारण अपेक्षाकृत चंडीगढ़ के उपेक्षित इलाकों में गिने जाते हैं। ह्राम दरबार वॉर्ड19 की एक बड़ी आबादी वाली बस्ती है, जिसकी मूल सुविधाओं की हालत लगातार घटती जा रही है और समस्याएं दोनोंदिन बढ़ती जा रही हैं।

इसी राम दरबार की शान है एक प्राचीन सूफी स्थल दरबार, माता राम बाई जी,अम्मी हुजूर। चंडीगढ़ को पहचान देने वाला यह अकेला ऐसा स्थान है जो सर्व धर्म समभाव का मुख्य केंद्र है। इससे सटा हुआ एक सार्वजनिक शौचालय है जोकि चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा निर्मित व संचालित है परन्तु आश्चर्य की बात यह है कि इस शौचालय भवन में बिजली का कनेक्शन कटा हुआ है। इसलिए शौचालय के कर्मचारी गैरकानूनी तरीके से इधर उधर से बिजली का तार जोड़कर अपनी जरूरतें पूरी करते हैं। इसी शौचालय के कर्मचारी यह भी बताते हैं कि उन्हें ठेकेदार कई कई महीने तक तनख्वाह नहीं देता और हद तो यह है कि चंडीगढ़ के इसी सार्वजनिक शौचालय ने गंदिगी,बीमारी व प्रदूषण फैलाने की वह इबारत लिखी है जिसकी दूसरी मिसाल शायद ही कहीं देखने को मिले। लाखों रूपये खर्च कर किए गए इस निर्माण में शौचालय की सीवेरज प्रणाली शायद जाम हो गई है। लिहाजा यहां के कर्मचारियों ने शौचालय के पीछे व पवित्र दरबार भवन की दिशा में लगभग 20 फुट लंबा एक गहरा व खुला गड्ढा खोद कर उसी से सीवेरज को जोड़ दिया है। परिणामस्वरूप शौचालय की सारी गंदिगी आगे बढ़ने के बजाए उसी गड्ढे में हर वक्त भरी रहती है और दुर्गन्ध फैलती रहती है।




इसी जगह के पास प्रत्येक वृहस्पतिवार को एक विशाल मंडी भी लगती है जिसमें हजारों लोग आते जाते हैं। इसी जगह पर कूड़ों का ढेर भी पड़ा रहता है जो आम दिनों में प्रदूषण फैलाता है। परन्तु इंतेहा तो तब हो जाती है जब इन्हीं कूड़े के ढेरों में आग लग जाती है। कई बार अग्निशामक दस्ते के लोगों को आकर यह आग बुझानी पड़ी है। 1 जून 2025 को ददुमाजरा लैंडफिल साइट जोकि 45 एकड़ में फैला कूड़ा का पहाड़ है यहां पर भयानक आग लग गई थी। यह आग तेज हवाओं के कारण तेजी से बड़े क्षेत्र में फैल गई थी। इस आग से निकलने वाले घने काले धुएं ने आसपास के रिहायशी इलाकों को घेर लिया था। लोगों में दहशत फैल गई थी लोगों का दम घुटने लगा था और सांस की तकलीफ और स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो गई थीं। उस समय आग बुझाने के लिए सेक्टर 38, 17, 32, रामद. रबार और मनीमाजरा से एक दर्जन से ज्यादा फायर ब्रिगेड गाड़ियां लगाई गईं थीं। यही स्थिति राम दरबार के सामने खुले मैदान पर पड़े कूड़े के ढेर पर कई बार हो चुकी हैं। चंडीगढ़ के सिटी ब्यूटीफुल होने के तमाम सरकारी दावों के बावजूद अभी भी यहां की बड़ी व घनी आबादी जिन समस्याओं का शिकार है उन्हें देखकर तो यही कहा जा सकता है कि चंडीगढ़ के नाम तो बड़े हैं परन्तु दर्शन छोटे हैं।

**-निर्मल रानी**

# ट्रम्प के लिए होर्मुज स्ट्रेट खुलवाना मुश्किल!

## ईरान संकरे रास्ते का फायदा उठा रहा, यहां अमेरिकी वॉरशिप भी सुरक्षित नहीं, सैकड़ों तेल टैंकर दोनों तरफ खड़े हैं और नहीं बढ़ पा रहे



**ईरान की मजबूती की सबसे बड़ी वजह इस इलाके की भौगोलिक स्थिति है होर्मुज स्ट्रेट बहुत संकरा और उथला है**

**वाशिंगटन।** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच चल रहा युद्ध अब इतना बढ़ गया है कि होर्मुज स्ट्रेट लगभग बंद हो गया है। इस वजह से सैकड़ों तेल टैंकर दोनों तरफ खड़े हैं और आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। इससे तेल की कीमतें 100 डालर प्रति बैरल को पार कर चुकी हैं। इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि वह इस समुद्री रास्ते को 'किसी भी तरह' फिर से खोलेंगे। लेकिन एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह काम इतना आसान नहीं है।

अगर ईरान से कोई समझौता नहीं होता या अमेरिका कोई बड़ा मिलिट्री एक्शन नहीं लेता, तो इस रास्ते पर पूरी तरह से आवाजाही बहाल करना मुश्किल होगा। ईरान की मजबूती की सबसे बड़ी वजह इस इलाके की भौगोलिक स्थिति है। होर्मुज स्ट्रेट बहुत संकरा और उथला है। यहां से गुजरने वाले जहाजों को ईरान के पहाड़ी तट के बहुत करीब से गुजरना पड़ता है। यही वजह है कि ईरान इस इलाके का फायदा उठाकर दुश्मनों पर हमले करता है। ईरान के पास ऐसे हथियार हैं जो छोटे होते हैं, आसानी से छिपाए जा सकते हैं और अचानक इस्तेमाल किए जा सकते हैं। ये हथियार पहाड़ों, गुफाओं और सुरंगों में छिपे होते हैं। जरूरत पड़ने पर इन्हें तट के पास से ही लान्च किया जा सकता है। इस वजह से जहाजों को हमला होने पर प्रतिक्रिया देने के लिए बहुत कम समय मिलता है। जैसे ही मिसाइल या ड्रोन दिखाई देता है, उसके बाद कार्रवाई के लिए सिर्फ कुछ मिनट ही होते हैं। ट्रम्प ने इस रास्ते को खोलने के लिए कई बार अलग-अलग दावे कर चुके हैं। एक बार तो उन्होंने यह भी कहा कि वह ईरान के सुप्रीम लीडर के साथ मिलकर इस रास्ते को कंट्रोल कर सकते हैं। लेकिन असल में अमेरिका जिन विकल्पों पर विचार कर रहा है, उनमें ज्यादातर सैन्य कार्रवाई ही शामिल है। अगर अमेरिका सैन्य ताकत से इस रास्ते को खोलना चाहता है, तो सबसे पहले उसे ईरान की हमले की क्षमता खत्म करनी होगी। यानी उसे मिसाइल सिस्टम, ड्रोन और उन ठिकानों को नष्ट करना होगा जहां से ईरान जहाजों पर हमला कर सकता है, लेकिन अब तक अमेरिका और इजरायल के हजारों हमलों के बावजूद ईरान की यह क्षमता पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ईरान के पास कई जगहों पर मिसाइल बैटरी हो सकती हैं और वे मोबाइल भी होती हैं, यानी उन्हें जल्दी-जल्दी एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है। इसलिए उन्हें ढूंढना और खत्म करना बहुत मुश्किल है। ट्रम्प ने यह भी कहा है कि जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए नौसेना के जहाज उनके साथ चल सकते हैं। इसे एस्कार्ट ऑपरेशन कहा जाता है। इसमें वारशिप टैंकरों के साथ चलेंगे, ऊपर से विमान निगरानी करेंगे, ड्रोन को मार गिराएंगे और तट पर मौजूद मिसाइल ठिकानों पर हमला करेंगे। इसके साथ ही समुद्र में अगर बारूदी सुरंगें (माइंस) बिछाई गई हैं, तो उन्हें हटाने के लिए माइंसवीपर जहाजों को लगाया जाएगा। लेकिन यह सब करना बहुत बड़ा और जटिल सैन्य अभियान होगा। इसमें काफी समय, संसाधन और जोखिम शामिल होंगे। वारशिप खुद भी इस इलाके में पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि होर्मुज जैसे संकरे इलाके में जहाजों को चारों तरफ से खतरा रहता है। ड्रोन और मिसाइल से बचाव करना यहां और मुश्किल हो जाता है। सबसे बड़ा खतरा समुद्र में बिछाई गई माइंस से है।



प्रयागराज। आपूर्ति संकट के बीच खाली एलपीजी के गैस सिलेंडरों के साथ कतार में खड़े होकर रिफिल किए हुए सिलेंडर प्राप्त करने का इंतजार करते हुए लोग।

## अमेरिका को होर्मुज की नाकाबंदी करनी चाहिएः जॉन बोल्टन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व एनएसए जान बोल्टन ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को ईरान के तेल राजस्व को खत्म करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी करनी चाहिए। जान बोल्टन ने आकलन किया कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प की बातचीत में क्षेत्रीय संघर्ष और ईरानी ऊर्जा पर भारत की निर्भरता पर बात हुई होगी। जान बोल्टन ने कहा कि मुझे लगता है कि पीएम मोदी की सोच साफ है कि वे ईरान से तेल खरीदने के इच्छुक हैं। आज सुबह दो भारतीय जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से निकले भी हैं। हालांकि इस लेन-देन का असर भू-राजनीति पर पड़ता है।

## ट्रम्प को ईरान ने भेजा महंगा तोहफा!

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव और संघर्ष के बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ चल रही बातचीत और शांति प्रयासों को लेकर बड़ा बयान दिया है। ट्रम्प का कहना है कि दोनों पक्ष इस समय गंभीर बातचीत में हैं और समझौते की संभावना बनी हुई है। ट्रम्प ने खुलासा किया कि अमेरिका एक विशाल बिजली उत्पादन संयंत्र को निशाना बनाने वाला था, लेकिन बातचीत को ध्यान में रखते हुए यह कदम फिलहाल टाल दिया गया। उनका कहना है कि ईरान की अधिकांश मिसाइलें और एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम पहले ही निष्क्रिय हो चुके हैं। उनका कहना है कि अमेरिकी विमान सीधे तेहरान और अन्य हिस्सों में उड़ान भर रहे हैं और ईरान कुछ कर पाने में असमर्थ है। उन्होंने कहा वे पूरी तरह से हार चुके हैं। सैन्य रूप से वे निष्प्रभावी हैं। शांति के प्रयासों को लेकर उन्होंने कहा कि उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि ईरान के पास कभी परमाणु हथियार न हों। ईरान ने भी इस बात का आश्वासन दिया है कि वे कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएंगे। जहां तक ईरान में किससे बातचीत हो रही है, ट्रम्प ने बताया कि पहले अमेरिकी कार्रवाई में ईरान के कई नेता समाप्त कर दिए गए। अब सामने एक नया नेतृत्व है, जो पहले के नेताओं से पूरी तरह अलग है और इस बदलाव से शासन और रणनीति में महत्वपूर्ण अंतर आया है।

# तेहरान ने वाशिंगटन से बातचीत को किया इन्कार

## अमेरिका ने ईरान को युद्ध समाप्त करने के लिए भेजा था 15 सूत्री योजना प्रस्ताव

**यह प्रस्ताव पाक में मध्यस्थों के माध्यम से भेजा गया था**

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से ईरान को 15 सूत्री प्रस्ताव दिया है जो 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे महत्वपूर्ण राजनयिक पहल हो सकती है। हालांकि ईरान ने किसी भी प्रकार की बातचीत होने से स्पष्ट इन्कार किया है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह प्रस्ताव पाकिस्तान में मध्यस्थों के माध्यम से भेजा गया था।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने भी इस मामले से परिचित सूत्रों के हवाले से इस योजना की पुष्टि की है। लगभग चार सप्ताह पहले 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के अंतर्गत अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए संयुक्त हमलों के बाद बढ़ते संघर्ष के बीच यह राजनयिक प्रयास किया जा रहा है। इसके जवाब में, ईरान ने इजरायली शहरों पर लगातार मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है और होर्मुज जलडमरूमध्य से पश्चिमी देशों से जुड़े जहाजों के आवागमन को प्रभावी रूप से प्रतिबंधित किया है। इस बीच, ईरान और लेबनान पर इजरायल के हमले जारी हैं और तेल अवीव के चैनल 12 ने प्रस्ताव के प्रमुख बिंदुओं की रिपोर्ट दी, जिसमें अमेरिकी मांगों और संभावित रियायतों दोनों की रूपरेखा दी गई है, हालांकि किसी भी सरकार ने आधिकारिक रूप से पूरा दस्तावेज जारी नहीं किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वाशिंगटन ईरान में सही लोगों से बातचीत कर रहा है और दावा किया कि तेहरान समझौते पर पहुंचने के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष 15 बिदुओं पर सहमत हुए हैं जिनमें ईरान द्वारा परमाणु हथियार हासिल न करने की प्रतिबद्धता भी शामिल है।

ट्रम्प ने यह भी सुझाव दिया कि अगर कोई समझौता हो जाता है तो होर्मुज जलडमरूमध्य जल्द ही फिर से खुल सकता है और संकेत दिया कि इस तरह की व्यवस्था के तहत ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को अमेरिका द्वारा अपने कब्जे में लिया जा सकता है। ईरानी अधिकारियों ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि वाशिंगटन के साथ कोई बातचीत नहीं हो रही है, जबकि संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर ग़ालिबाफ़ ने इन रिपोर्टों को वैश्विक वित्तीय और तेल बाजारों को प्रभावित करने के उद्देश्य से फैलाई गई फर्जी खबर करार दिया। उन्होंने आगे कहा कि ईरान में जनता की भावना आक्रमणकारियों के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया देने की है। दोनों पक्षों द्वारा बिल्कुल अलग-अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत किए जाने के बाद, संघर्ष को कम करने के लिए बढ़ते अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बावजूद बातचीत के माध्यम से समाधान की संभावना अनिश्चित बनी हुई है।

## ईरान की अमेरिका को दो टूक चेतावनी

**कहा: जब तक हम नहीं चाहेंगे पुरानी स्थिति बहाल नहीं होगी पश्चिम एशिया में जारी संकट गहराता जा रहा**

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी संकट गहराता जा रहा है। इस बीच, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) ने बुधवार को एक बार फिर अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि जारी संघर्ष में हो रहे घटनाक्रम को कूटनीतिक कामयाबी के रूप में पेश न किया जाए। उन्होंने कहा, अपनी हार को समझौता न कहो।

जब वह नहीं चाहेंगे, तब तक कोई भी पुरानी स्थिति बहाल नहीं हो पाएगी। आईआरजीसी के खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय (केएसीएचक्यू) के प्रवक्ता ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा, अपनी हार को समझौता मत कहो। उन्होंने कहा, अब क्षेत्र में आपके निवेश की कोई खबर नहीं होगी और न ही आपको उर्जा व तेल के पहले जैसे दाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने आगे कहा, जब तक हम नहीं चाहेंगे, तब तक कोई भी स्थिति अपने पुराने हाल में वापस नहीं लौटेगी। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच टकराव लगातार बढ़ रहा है। एक ओर सैन्य गतिविधियां तेज हो रही हैं। वहीं, दूसरी ओर कूटनीतिक बातचीत की संभावनाओं की खबरें सामने आ रही हैं, जो पूरे क्षेत्र की स्थिति को प्रभावित कर रही हैं। आईआरजीसी के प्रवक्ता ने क्षेत्र के देशों से अपील की कि वे अमेरिका, यहूदी राष्ट्रवादी (जायनिस्ट) शासन के खिलाफ एकजुट हों। उन्होंने अमेरिकी की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा, हमें किसी दूर बैठे ऐसे देश की जरूरत नहीं, जो इजरायल को प्राथमिकता देता है और आपको जानवरों की तरह समझता है।

उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या अमेरिका वास्तव में क्षेत्र के देशों की सुरक्षा के लिए आगे आएगा। उन्होंने कहा, क्या अमेरिकी आपकी रक्षा में एक भी गोली चलाएंगे? केएसीएचक्यू सीधे ईरान के सर्वोच्च नेता के अधीन है और यह इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईजीसी) व ईरानी सेना के बीच परिचालन में तालमेल बनाने व नियंत्रण का काम करता है। आईआरजीसी के प्रवक्ता की ये टिप्पणियां ईरान की व्यापक रणनीति को दर्शाती हैं, जिसमें वह इस टकराव को बड़े भू-राजनीतिक संघर्ष के रूप में पेश कर रहा है और इस्लामी देशों से एकजुट होने की अपील कर रहा है। ईरान ने अमेरिका से बातचीत से इन्कार किया है। ईरान ने सार्वजनिक रूप से अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत के दावों को खारिज किया है।

# मेटा पर लगाया 3100 करोड़ का जुर्माना



**कोर्ट ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का ठहराया दोषी**

**न्यू मैक्सिको।** अमेरिका के न्यू मैक्सिको में एक जूरी ने मेटा को बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने और अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर बाल यौन शोषण से जुड़े खतरों को छिपाने का दोषी ठहराया। करीब सात हफ्ते चले इस ट्रायल के बाद आए इस फैसले को टेक कंपनियों के खिलाफ सख्ती के बढ़ते रुझान के रूप में देखा जा रहा है।

जूरी ने राज्य के अभियोजकों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि मेटा (इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप का मालिक) ने सुरक्षा से ज्यादा मुनाफे को प्राथमिकता दी। जूरी ने माना कि कंपनी ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और यौन शोषण के खतरों को लेकर भ्रामक जानकारी दी और अनुचित व्यापारिक तरीकों का इस्तेमाल किया। जूरी ने पाया कि हजारों उल्लंघन हुए हैं, जिनके आधार पर 375 मिलियन डालर यानी करीब 3100 करोड़ भारतीय रुपये का जुर्माना तय किया गया, जो अभियोजन पक्ष की मांग से काफी कम है। हालांकि, कंपनी का बाजार मूल्य लगभग 1.5 ट्रिलियन डालर है और फैसले के बाद उसके शेयरों में करीब 5 प्रतिशत की बढ़त देखी गई। फिलहाल मेटा को तुरंत अपने कामकाज में बदलाव करने के लिए बाध्य नहीं किया गया है। अब यह तय करना एक जज के ऊपर होगा कि क्या मेटा के प्लेटफार्म्स सार्वजनिक नुकसान का कारण बने और क्या कंपनी को इससे जुड़े नुकसान की भरपाई करनी होगी। इस मामले की अगली सुनवाई मई में होगी। मेटा के प्रवक्ता ने फैसले से असहमति जताते हुए कहा कि कंपनी इसके खिलाफ अपील करेगी। उन्होंने कहा कि मेटा अपने प्लेटफार्म्स पर लोगों को सुरक्षित रखने के लिए लगातार काम करती है और हानिकारक कंटेंट को हटाने की कोशिश करती है। यह मामला सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के खिलाफ बढ़ते कानूनी मामलों में से एक है।

## डेनमार्क में पीएम फ्रेडरिक्सन की पार्टी बहुमत से 6 सीट दूर



**ट्रम्प से ग्रीनलैंड विवाद का फायदा नहीं मिला**

**डेनमार्क।** डेनमार्क में हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन को बड़ा झटका लगा है। उनकी पार्टी बहुमत के आंकड़े से 6 सीट दूर रह गई, जिससे सरकार बनाना अब मुश्किल हो गया है। फ्रेडरिक्सन की सोशल डेमोक्रेट पार्टी और उनके सहयोगी दल मिलकर 84 सीटें ही हासिल कर सके, जबकि बहुमत के लिए 90 सीटों की जरूरत होती है।

इस चुनाव में फ्रेडरिक्सन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ ग्रीनलैंड को लेकर हुए विवाद को बड़ा मुद्दा बनाया था। माना जा रहा था कि इस कड़े रुख से उन्हें चुनावी फायदा मिलेगा, लेकिन नतीजों में इसका असर नहीं दिखा। चुनाव में घरेलू मुद्दे जैसे महंगाई, अर्थव्यवस्था और वेलफेयर ज्यादा हावी रहे। हालांकि फ्रेडरिक्सन की पार्टी अब भी सबसे बड़ी पार्टी है और उन्होंने सरकार बनाने की इच्छा जताई है, लेकिन इसके लिए उन्हें अन्य दलों का समर्थन जुटाना होगा। इस बीच, 14 सीटों वाली माडरेट्स पार्टी किंगमेकर की भूमिका में आ गई है, जो तय करेगी कि अगली सरकार किसकी बनेगी।

## 48 साल बाद जगन्नाथ मंदिर के रत्नों की गिनती शुरू

**पुरी।** पुरी के जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार (खजाने) की गिनती और लिस्ट बनाने की प्रक्रिया 48 साल बाद बुधवार से शुरू हो गई। 'रत्न भंडार' भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के कीमती आभूषणों का खजाना है। जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के अनुसार यह काम तय शुभ समय (दोपहर 12:09 से 1:45 बजे के बीच) में शुरू किया गया। इसमें केवल अधिकृत लोगों को ही प्रवेश दिया गया। इस प्रक्रिया से मंदिर की हर दिन की पूजा-पाठ पर कोई असर नहीं पड़ेगा। श्रद्धालुओं को बाहर के बैरिकेड (बाहर कथा) से दर्शन की अनुमति है, जबकि अंदर वाले हिस्से (भीतर कथा) में इस दौरान प्रवेश बंद रखा गया है।

# ईरान के साथ शांति वार्ता पर असमंजस

## यूएन में बोले इजरायली राजदूतः कोई बातचीत नहीं, ऑपरेशन जारी



**इजरायल और अमेरिका मिलकर ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहे हैं: डैनी डैनन**

**न्यूयार्क।** ईरान और अमेरिका की शांति वार्ता पर असमंजस की स्थिति बरकरार है। अमेरिकी राष्ट्रपति दावा कर रहे हैं कि ईरान के साथ बातचीत जारी है, जबकि ईरान की सेना ने इससे इन्कार किया है। अब इजरायल ने कहा है कि उन्हें ईरान के साथ बातचीत की कोई जानकारी नहीं है और उनका ऑपरेशन जारी है।

अमेरिका और ईरान की शांति वार्ता को लेकर असमंजस जारी है। अब संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन ने भी ईरान के साथ संभावित शांति वार्ता में किसी भी भागीदारी से इन्कार किया है। संयुक्त राष्ट्र में मीडिया से बातचीत करते हुए डैनन ने कहा कि मुझे किसी भी बातचीत में हमारी भागीदारी की जानकारी नहीं है। हम अपना ऑपरेशन जारी रखे हुए हैं। उन्होंने साफ किया कि इजरायल और अमेरिका मिलकर ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहे हैं और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

डैनन ने कहा कि किसी भी सैन्य अभियान के बाद कूटनीति जरूरी होती है, लेकिन इजरायल यह सुनिश्चित करेगा कि ईरान न तो परमाणु क्षमता हासिल कर सके और न ही बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता विकसित कर पाए। मुझे लगता है कि हमने बहुत कुछ हासिल कर लिया है, लेकिन ईरान इसे मानने को तैयार नहीं है। हमने ईरानी शासन को कमजोर कर दिया है, लेकिन हम ये सुनिश्चित करेंगे कि ऐसे हालात न बनने पाएं कि ईरान को फिर से मजबूत होने का मौका मिले। इजरायली राजदूत ने दावा किया कि इजरायल क्षेत्र में शांति और स्थिरता का पक्षधर है, जबकि ईरान का रुख इसके विपरीत है। डैनन ने आरोप लगाया कि ईरान क्षेत्र में अस्थिरता फैलाने के लिए जिम्मेदार है। इजरायली राजनयिक ने कहा कि हर देश को अपने आप से पूछना चाहिए कि कौन शांति ला रहा है और कौन अराजकता? इजरायल क्षेत्र में स्थिरता लाने की कोशिश कर रहा है और ईरान इसका उल्टा कर रहा है। ईरान ने एक महीने में 13 देशों पर हमले किए हैं। इजरायल ने अपने 77 साल के इतिहास में कभी भी 13 देशों से लड़ाई नहीं की। इससे समझ सकते हैं कि ईरान अस्थिरता के लिए जिम्मेदार है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में संबोधन के दौरान भी डैनन ने ईरान पर हमास जैसे संगठनों को समर्थन देने का आरोप लगाया।

## 1971 हत्याकांड था सुनियोजित कत्लेआमः तारिक रहमान

**ढाका।** बांग्लादेश में 25 मार्च को मनाए जाने वाले नरसंहार दिवस पर प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने 1971 के हत्याकांड को सुनियोजित नरसंहार बताते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि 25 मार्च 1971 का दिन बांग्लादेश के इतिहास में सबसे काले और क्रूर दिनों में से एक है, जब पाकिस्तानी सेना ने 'ऑपरेशन सर्चलाइट' के नाम पर निहत्थे नागरिकों पर हमला किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि उस रात ढाका विश्वविद्यालय, पिलखाना और राजारबाग पुलिस लाइंस समेत कई जगहों पर शिक्षकों, बुद्धिजीवियों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलियां चलाई गईं। इस हमले में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई।

# पीएम शेख हसीना ने यूनुस पर साधा निशाना

## बोलींः बांग्लादेश में अंतरिम सरकार ने किया बलिदानियों के खून का अपमान



**■ महज 9 महीनों के भीतर 30 लाख से ज्यादा लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया**

**■ बर्बरता इतनी चरम पर थी कि बंगाली इतिहास में इसके लिए कोई शब्द तक नहीं था: हसीना**

**ढाका।** बांग्लादेश में 25 मार्च को शनरसंहार दिवसश के रूप में मनाया जा रहा है। हालांकि, इस बीच देश की राजनीति में उबाल आ गया है। दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने यूनुस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

हसीना ने कहा है कि जिस देश को लाखों शहीदों के खून से सींचा गया, वहां 1971 के नरसंहार के दोषियों को पुनर्वासित करने की साजिश रची जा रही है। अवामी लीग के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर शेख हसीना ने एक संदेश जारी किया है। उन्होंने 1971 की उस खौफनाक रात को याद किया। उन्होंने कहा कि 25 मार्च 1971 की रात बांग्लादेशी लोगों के जीवन की सबसे भयावह रात थी। इसी रात पाकिस्तानी सेना ने 'आपरेशन सर्चलाइट' शुरू किया था। इस आपरेशन का मकसद बंगाली समुदाय का नामोनिशान मिटाना था। हसीना ने कहा कि महज 9 महीनों के भीतर 30 लाख से ज्यादा लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया। उन्होंने कहा कि यह बर्बरता इतनी चरम पर थी कि बंगाली इतिहास में इसके लिए कोई शब्द तक नहीं था। इसीलिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसे नरसंहार का नाम दिया गया। इतना ही नहीं, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मोहम्मद यूनुस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बावजूद अपराधियों को सजा दिलाने का काम किया था। हसीना ने कहा कि यूनुस सरकार के कार्यकाल में न केवल ट्रायल को रोक दिया गया है, बल्कि सजायाफ्ता युद्ध अपराधियों को रिहा किया गया। हद तो तब हो गई जब मौत की सजा पाए एक युद्ध अपराधी को संसद का सदस्य तक बना दिया गया। यह उन लाखों शहीदों के बलिदान का अपमान है। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में एक चलन शुरू हो गया है। अब शहीदों की यादों को मिटाने और इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी विचारधारा को फिर से बांग्लादेश में थोपा जा रहा है। यह मुक्ति संग्राम की भावना पर सीधा हमला है। हसीना ने देश की जनता से अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी लोग एकजुट हों और उन ताकतों का विरोध करें जो हत्यारों का पुनर्वास कर रही हैं। हसीना के इस बयान ने बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में एक नई बहस छेड़ दी है, खासकर ऐसे समय में जब देश अपनी आजादी के इतिहास को सहेजने और भविष्य की दिशा तय करने के बीच खड़ा है।

## 30 हजार फीट पर फ्लाइट में हंगामा

**आईपीएस ने किया कंट्रोल, तीन युवक नशे में चिल्लाने लगे-प्लेन क्रैश होने वाला है, रोने लगे थे बच्चे-महिलाएं**

**जयपुर।** हवा में 30 हजार फीट की ऊंचाई पर मौत का खौफ और सिरफिरे उपद्रवियों का तांडव...यह किसी फिल्म का सीन नहीं, बल्कि इंडिगो की गुवाहाटी-दिल्ली फ्लाइट में घटी वो हकीकत है जिसने यात्रियों की सांसें अटका दी थीं।

घटना 8 मार्च की है। रात के करीब 8:30 बजे थे। इंडिगो की फ्लाइट ने गुवाहाटी से दिल्ली के लिए उड़ान भरी ही थी। तभी फ्लाइट में सवार तीन युवकों ने अचानक चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया-प्लेन क्रैश होने वाला है। इस अफवाह ने पूरे केबिन में दहशत फैला दी। सफर कर रहे बच्चे-महिलाएं डर के मारे रोने लगीं। जब एयर होस्टेस और क्रू मेंबर्स ने इन उपद्रवियों को समझाने की कोशिश की, तो वे उनसे भी उलझ गए। राजस्थान कैडर के आईपीएस पंकज चौधरी भी उसी फ्लाइट में सफर कर रहे थे। हंगामा बढ़ता देख पंकज चौधरी आरोपियों के पास पहुंचे। उन्होंने न केवल उपद्रवी युवकों को कंट्रोल किया, बल्कि फ्लाइट लैंड होते ही सीआईएसएफ बुलाकर उनके हवाले किया। पंकज चौधरी ने ने कहा कि यह कुछ विशेष घटना है। मैं पिछले 15-20 साल से हवाई यात्रा कर रहा हूं। फ्लाइट में ऐसी घटना मैंने कभी नहीं देखी।

